Vol. 249
No. 3

सत्यमेव जयते

Monday
24 June, 2019
3 Ashadha, 1941 (Saka)

PARLIAMENTARY DEBATES

RAJYA SABHA

OFFICIAL REPORT

(FLOOR VERSION)

CONTENTS

Felicitations to the Indian Women's Hockey Team (page 1)

Papers Laid on the Table (pages 1-2)

Report of the Department-related Parliamentary Standing Committee on Finance (pages 2-3)

Report of the Committee on Welfare of Other Backward Classes (page 3)

Matters raised with Permission —

- Need to have access to drinking water to all (pages 3-5)
- Need to withdraw the decision to privatise six airports (pages 5-7)
- Need to take measures to control population in the country (page 7)
- Need to conduct market study before opening of new petroleum outlets in Kerala (page 8)
- Demand for not transferring the existing Court Complex from Reva, Madhya Pradesh (pages 8-9)
- Death of workers cleaning septic tanks (pages 9-11)
- Rebate on the sale of handloom products (pages 11-12)
- Need to establish a branch of AIIMS in Begusarai District (pages 12-13)
- Need to stop double taxation on Mentha harvest (page 13)

[P.T.O.

©
RAJYA SABHA SECRETARIAT
NEW DELHI

PRICE : ₹ **100.00**

Pending cases in High Courts and Supreme Court (page 14)

Ill-effect of release of polluted water from Punjab to Rajasthan (pages 14-15)

Need to stop shutting down of MTNL and BSNL (pages 15-16)

Increasing crimes in Delhi (pages 16-18)

Need to make strict laws against cheque bouncing (pages 18-19)

Demand to get the assent of the President for the Bill passed by the Tamil Nadu State Assembly seeking exemption from NEET Examination for Medical courses (pages 23-24)

Resentment due to Masanjor Dam in Dumka district at Jharkhand-West Bengal Border (pages 25-26)

Special Mentions —

Demand for early completion of the Sidhi-Singrauli Section of Rewa-Sidhi-Singrauli project in Madhya Pradesh (pages 19-20)

Demand to deport Rohingyas illegally migrated to India (pages 20-21)

Demand for urgent release of funds due to Tamil Nadu under various heads (pages 21-22)

Demand to give the facility of OPD treatment in private hospitals to CGHS beneficiaries without referral from the age of 60 instead of 75 (page 22)

Demand to protect the river Ghaggar and its tributaries from the discharge of waste matters into it (pages 22-23)

Observations by the Chair (pages 24-25 and 26-27)

Oral Answers to Questions (pages 28-69)

Written Answers to Starred Questions (pages 69-85)

Written Answers to Unstarred Questions (pages 84-323)

Motion of Thanks on the President's Address (pages 323-407, 409-434 and 436-452)

Messages from Lok Sabha — *Reported*

Regarding Nomination of Ten Members to Committee on Welfare of Schedule Castes and Scheduled Tribes (pages 407-408)

Regarding Nomination of Seven Members to Committee on Public Accounts (pages 407-408)

Website : http://rajyasabha.nic.in
http://parliamentofindia.nic.in
E-mail : rsedit-e@sansad.nic.in

RAJYA SABHA

Monday, the 24th June, 2019/3rd Ashadha, 1941 (Saka)

The House met at eleven of the clock,
MR. CHAIRMAN *in the Chair.*

FELICITATIONS TO THE INDIAN WOMEN'S HOCKEY TEAM

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, on behalf of the entire House and on my own behalf, I congratulate the Indian Women's Hockey Team for winning the FIH Women's Series Finals defeating Japan by 3-1 at Hiroshima on the 23rd of June, 2019.

This outstanding accomplishment of our Women's Hockey Team is a matter of great pride for the entire nation. We wish all the players of the Indian Women's Hockey Team the very best for their future endeavours and hope that they will continue to make the country proud by their achievements and we hope that men also would follow them.

PAPERS LAID ON THE TABLE

Report and Accounts (2017-18) of the NFDC, Mumbai and related papers

THE MINISTER OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE; AND THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI PRAKASH JAVADEKAR): Sir, I lay on the Table:–

(1) A copy each (in English and Hindi) of the following papers, under sub-section (1) (b) of Section 394 of the Companies Act, 2013:–

   (a) Forty-third Annual Report and Accounts of the National Film Development Corporation Limited (NFDC), Mumbai, for the year 2017-18, together with the Auditor's Report on the Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General of India thereon.

   (b) Review by Government on the working of the above Corporation.

(2) Statement (in English and Hindi) giving reasons for the delay in laying the papers mentioned at (1) above. [Placed in Library. *See* No. L.T. 48/17/19]

I. Report and Accounts (2014-15) of the UPPCL, Lucknow and related papers

II. Report and Accounts (2017-18) of the NWDA, New Delhi and related papers

III. MoU between the Government of India and the WAPCOS Ltd. for the year 2019-20.

जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया): महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:–

I. (1) A copy each (in English and Hindi) of the following papers, under sub-section (1) (b) of Section 394 of the Companies Act, 2013:–

(a) Annual Report and Accounts of the U. P. Projects Corporation Limited (UPPCL), Lucknow, for the year 2014-15, together with the Auditor's Report on the Accounts and the comments of the comptroller and Auditor General of India thereon.

(b) Review by Government on the working of the above Corporation.

(2) Statement (in English and Hindi) giving reasons for the delay in laying the papers mentioned at (1) above.

[Placed in Library. *See* No. L.T. 43/17/19]

II. A copy each (in English and Hindi) of the following papers:–

(i) (a) Annual Report and Accounts of the National Water Development Agency, New Delhi, for the year 2017-18, together with the Auditor's Report on the Accounts.

(b) Statement by Government accepting the above Report.

(c) Statement giving reasons for the delay in laying the papers mentioned at (i) (a) above. [Placed in Library. *See* No. L.T. 42/17/19]

III. Memorandum of Understanding between the Government of India (Ministry of Jal Shakti, formerly Ministry of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation) and the WAPCOS Limited, for the year 2019-20.

[Placed in Library. *See* No. L.T. 44/17/19]

REPORT OF THE DEPARTMENT-RELATED PARLIAMENTARY STANDING COMMITTEE ON FINANCE

SECRETARY-GENERAL: Sir, I lay on the Table, a copy (in English and Hindi)

of the Seventy-third Report* on the subject 'Status of Unaccounted Income/Wealth both Inside and Outside the Country-A Critical Analysis (A Preliminary Report)' of the Department-related Standing Committee on Finance.

REPORT OF THE COMMITTEE ON WELFARE OF OTHER BACKWARD CLASSES

SECRETARY GENERAL: Sir, I lay on the Table, a copy (in English and Hindi) of the Twenty-first Report& of the Committee on Welfare of Other Backward Classes on "Rationalisation of Creamy Layer in Employment for OBCs in Services and Posts under the control of Government of India including Union Territories, PSUs etc." pertaining to the Ministry of Social Justice and Empowerment.

MATTERS RAISED WITH PERMISSION

Need to have access to drinking water to all

डा. सत्यनारायण जटिया (मध्य प्रदेश)**:** माननीय सभापति महोदय, देश में पीने के पानी की कमी के संकट से सभी नागरिक त्रस्त हैं। यह समस्या हमारे साथ नई नहीं है। मध्य प्रदेश में बुंदेलखण्ड का इलाका हमेशा से अभावग्रस्त रहा है। राजस्थान में बाड़मेर, बीकानेर और मरुस्थल का जो इलाका है, वह हमेशा से समस्याग्रस्त रहा है। महाराष्ट्र में विदर्भ का इलाका समस्याग्रस्त रहा है। ऐसे ही कर्णाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड में ये समस्याएं बड़ी व्यापक हैं। हमें इनका स्थायी निदान करना चाहिए, क्योंकि पानी के बिना सब मुश्किल ही मुश्किल है। मैं सरकार को बधाई देना चाहता हूँ कि पीने के पानी का प्रबंध करने के लिए जल शक्ति मंत्रालय गठित किया है। अब जल शक्ति का वास्तव में उपयोग करते हुए ऐसी योजनाएं बनानी चाहिए, जो कि पानी की समस्याओं के बारे में, नदियों के पानी के उपयोग के बारे में हों। उत्तर में, दक्षिण में, पूर्व में और मध्य क्षेत्र में ऐसे पांच बड़े प्रोजेक्ट बनाए जाएं, जो नदियों को जोड़ने के लिए हों और उनके माध्यम से हम अपने अधिकतम पानी का उपयोग पीने के लिए और कृषि के लिए कर सकें। मैं आपसे आग्रह करना चाहूंगा कि इन सारी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सरकार दीर्घकालीन व्यवस्था बनाए।

डा. अशोक बाजपेयी (उत्तर प्रदेश)**:** महोदय, मैं इस विषय से स्वयं को संबद्ध करता हूं।

श्री सभापतिः धन्यवाद। डा. अशोक बाजपेयी। यह एक बहुत महत्वपूर्ण मामला है, इसलिए all the others, please associate yourselves in one line.

---

* The Report was presented to Hon'ble Speaker (Sixteenth Lok Sabha) on 28th March, 2019 and to the Hon'ble Chairman, Rajya Sabha on 23rd March, 2019, before dissolution of the Sixteenth Lok Sabha. The Speaker had ordered the printing, publication and circulation of the Report.

& The Report was presented to Hon'ble Speaker (Sixteenth Lok Sabha) on 9th March, 2019 and to the Hon'ble Chairman, Rajya Sabha on 21st March, 2019, before dissolution of the Sixteenth Lok Sabha. The Speaker had ordered the printing, publication and circulation of the Report.

डा. अशोक बाजपेयीः माननीय सभापति जी, यह विषय बहुत गंभीर है। जिसे आज हम लोगों ने सदन के संज्ञान में लाने का काम किया है। आज पूरे देश में पेयजल का गंभीर संकट है और यह संकट आने वाले दिनों में बढ़ने वाला है। अभी अभी नीति आयोग की रिपोर्ट में भी कहा गया है कि अगले वर्ष देश में पानी का संकट बढ़ेगा और दिल्ली में भी पीने के पानी का बड़ा संकट होगा। मान्यवर, आज चेन्नई में पीने के पानी का गंभीर संकट है। तालाब, पोखरे, कुएँ आदि हमारे जितने पुराने भू-जल स्रोत थे, वे अब समाप्त हो गए हैं।

श्री सभापतिः टाइम हो गया है। बस, अब श्रीमती शांता क्षत्री।

SHRIMATI SHANTA CHHETRI (West Bengal): Sir, I associate myself with the issue raised by the hon. Member.

श्री रेवती रमन सिंह (उत्तर प्रदेश)**:** मान्यवर, आज पूरे देश में पानी का संकट गंभीर हो गया है और भूगर्भ वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में कई शहरों में पानी का स्रोत, भू-जल सूख जाएगा, पानी रहेगा ही नहीं। अगर पानी नहीं रहेगा, तो जीवन कैसे रहेगा? मैं आपसे मांग करता हूँ कि आप सरकार को निर्देश दें कि वह इस पर तत्काल कार्रवाई करे और पानी की समस्या का समुचित हल निकालने का प्रयास करे, धन्यवाद।

सुश्री सरोज पाण्डेय (छत्तीसगढ़)**:** माननीय महोदय, मैं इस विषय पर यह कहना चाहती हूँ कि "बिन पानी सब सून।" अगर पानी नहीं है तो हम सब किस प्रकार से जीवित रहेंगे, इस विषय पर गंभीरता के साथ सदन को भी विचार करना है। एक आवश्यक बात यह है कि सरकार जो व्यवस्था करेगी, वह व्यवस्था सरकार अपने आप करती ही है और कर भी रही है। सरकार ने इस पर गंभीरता से विचार करके इस दिशा में प्रयास किया है, लेकिन जन-जागरण के माध्यम से हम सभी लोगों को इस विषय पर विचार करना चाहिए। सावन का महीना आने वाला है और इस समय हम बारिश के पानी को किस तरह से संरक्षित कर सकते हैं, यह देखना जरूरी है। अगर हम बारिश के पानी को संरक्षित करेंगे, तो आने वाले समय में हम जल-संसाधनों को बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। जन-जागरण के माध्यम से हम सब जन-प्रतिनिधियों के साथ-साथ, स्कूलों के बच्चों को भी साथ लेकर हमें आगे बढ़ना चाहिए, जो कि हमारे भविष्य हैं, धन्यवाद।

श्री सभापतिः धन्यवाद। मेरा सभी सदस्यों को एक सुझाव है कि हम लोग हफ्ते में एक बार जो "कॉलिंग अटेंशन" या "शॉर्ट ड्यूरेशन डिस्कशन" लेते हैं, उनमें इस विषय को चर्चा के लिए लिया जा सकता है। यह सबसे महत्वपूर्ण विषय है और यह समस्या हमारे देश के साथ-साथ दुनिया भर में है। इसलिए आप सब लोग आपस में बात करके अगर एक नोटिस दें, तो मैं उसको ऐडमिट करने के पक्ष में हूँ। आप लोग तय करके डिसाइड कीजिए, प्राइयॉरिटी आप लोगों को तय करनी है।

SHRI PRASHANTA NANDA (Odisha): Sir, I associate myself with the issue raised by the hon. Member.

श्रीमती शांता क्षत्री: सर, मुझे एक लाइन कहनी है।

MR. CHAIRMAN: You are deemed to have spoken. I will put it on record. शांता जी, मैं आपको मौका दूंगा, आप चिन्ता मत कीजिए। मैं आपके नाम से ही इसके नोटिस पर डिस्कशन शुरू कराऊँगा। Shri K. K. Ragesh.

Need to withdraw the decision to privatise six airports

SHRI K. K. RAGESH (Kerala): Sir, I stand to oppose the decision of the Centre to privatise six airports in our country. Already, the Government has decided to hand over five airports to Adani Group, that too, irrespective of opposition from various quarters. The Airports Authority of India was opposing, employees were opposing and also various State Governments were opposing, and irrespective of all those oppositions, the Government had decided to hand over these airports to the Adani Group. Sir, immediately after the decision, the Kerala State Government expressed its willingness to take over Trivandrum Airport and for that purpose formed a company called TIAL, but unfortunately, the Central Government had advised the State to take part in the bid. Sir, it is quite unfortunate that the Government is considering the State of Kerala and the Adani Group on the same footing. Sir, the airport was built on the land contributed by the State and State has got a say on that airport because of that. But, unfortunately, without considering those things, the Central Government is considering the Adani Group and the State of Kerala on the same footing. Sir, the hon. Chief Minister met the hon. Prime Minister during the NITI Aayog meeting and expressed Kerala's willingness to take over that airport and develop that airport as a world class airport. I am requesting the Central Government to immediately intervene in the matter because this is a very, very important issue. Six airports in our country are going to be privatised. This is national wealth and it should not be privatised. I don't know why the Government is so keen in giving our airports to the Adani Group.

Sir, Thiruvananthapuram Airport is a profit-making airport. Why is this profit-making airport being given to the Adani Group? I am requesting the Central Government to change its decision, because lot many agitations are going on on Thiruvananthapuram Airport. I request the Government try to understand the situation and avoid wrath of the people. So, I request once again to understand the issue and reverse its decision of giving airport to Adani Group. Thank you.

PROF. MANOJ KUMAR JHA (Bihar): Sir, I associate myself with the Zero Hour submission made by Shri K.K. Ragesh.

SOME HON. MEMBERS: Sir, we all associate ourselves with the Zero Hour ...(*Interruptions*)...

MR. CHAIRMAN: Whoever wants to associate, please send your association by writing on a slip, because it is difficult to notice all Members and write down their names in a short time. Please send a slip, so that all those names will be included.

SHRI ASHOK SIDDHARTH (Uttar Pradesh): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by Shri K.K. Ragesh.

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by Shri K.K. Ragesh.

SHRI TIRUCHI SIVA (Tamil Nadu): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by Shri K.K. Ragesh.

SHRI T.K. RANGARAJAN (Tamil Nadu): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by Shri K.K. Ragesh.

SHRI SANJAY SINGH (NCT of Delhi): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by Shri K.K. Ragesh.

SHRI SUSHIL KUMAR GUPTA (NCT of Delhi): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by Shri K.K. Ragesh.

SHRI NARAIN DASS GUPTA (NCT of Delhi): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by Shri K.K. Ragesh.

DR. AMEE YAJNIK (Gujarat): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by Shri K.K. Ragesh.

DR. L. HANUMANTHAIAH (Karnataka): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by Shri K.K. Ragesh.

SHRIMATI WANSUK SYIEM (Meghalaya): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by Shri K.K. Ragesh.

SHRI K. SOMAPRASAD (Kerala): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by Shri K.K. Ragesh.

SHRI MD. NADIMUL HAQUE (West Bengal): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by Shri K.K. Ragesh.

SHRI ELAMARAM KAREEM (Kerala): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by Shri K.K. Ragesh.

SHRIMATI VANDANA CHAVAN (Maharashtra): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by Shri K.K. Ragesh.

MS. DOLA SEN (West Bengal): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by Shri K.K. Ragesh.

Need to take measures to control population in the country

DR. T. SUBBARAMI REDDY (Andhra Pradesh): Sir, I am raising a very important and serious issue about the ticking time bomb. The title, "World Population Prospects 2019: Highlights, published by the United Nations, says that India's population standing now at 137 crores will overtake China, whose population now is 143 crores, in the year 2027. Things are not going to stop there. The country's population is expected to rise to the peak level of 165 crores by 2059.

The annual population growth rate which was 2.2 per cent in 1981 has declined significantly to 1.2 per cent between 2010 and 2019 period. However, the figures are alarming because two-thirds of India's population is in the working age group of 15-64 years, whereas employment rate is declining.

MR. CHAIRMAN: Subbarami Reddyji, you should quote the Report and then read. Otherwise, you speak yourself. You are capable of speaking.

DR. T. SUBBARAMI REDDY: Sir, population increase is not just a question of numbers but of uneven increase and density. Some parts of India are recording much higher rates of population growth than others. These parts are also economically the least developed States, which would accelerate the migration rate.

Population should be treated as a serious matter of concern, as increasing population causes malnutrition, unemployment, low per capita income, environmental degradation and many more. Apart from that, massive rise in urban population would cause problems relating to urban traffic as well as waste management, besides bringing down the GDP.

I would, therefore, urge the Government to address the issue with all serious concern, with a scheme of offering incentives and disincentives for the family planning. The new Government, which claims that it is bringing a New India, should deal with the critical issue of population growth with foresight. Without population control, we cannot expect prosperity for the nation. Thank you.

MR. CHAIRMAN: This is also another very, very important issue. Such issues need to be discussed by the House of Elders. Now, Shri K. Somaprasad.

Need to conduct market study before opening of new petroleum outlets in Kerala

SHRI K. SOMAPRASAD (Kerala): Sir, my Zero Hour is pertaining to opening up of new petrol retail outlets.

Sir, the oil companies have notified and invited applications for opening 1713 new petroleum retail outlets in Kerala. It is a part of the move to open 55,649 new outlets all over the country. At present, 1731 retail outlets are functioning in Kerala. The decision to open such a large number of outlets, which is almost double, will badly affect the functioning of the existing outlets. A study reveals that increase in petroleum consumption is only 8 per cent and diesel consumption is only 4 per cent in Kerala. Then, what is the necessity of 100 per cent increase in outlets?

Sir, the establishment of a retail outlet is much expensive. It costs almost ₹ 2 crores per unit. The Report of the Apoorva Chandra Committee, appointed by the Central Government, says that for survival of an outlet a minimum sale of 170 KL should be achieved per month. But, 60 per cent of outlets in Kerala are selling below 100 KL per month!

A lot of dealers do not want to continue the business because their outlets have become unviable. The oil companies issue dealership on a lease of 50 years or more. Later, a dealer cannot prematurely cancel the lease and surrender the dealership. So, they are compelled to run the outlet in loss. If a dealer discontinues the dealership, the oil company would take over the outlet and would run that directly or would entrust this responsibility to a third party.

MR. CHAIRMAN: What is your demand or suggestion?

SHRI K. SOMAPRASAD: Sir, through you, I would like to request the Government that before starting a new outlet, a market study should be conducted and only then an outlet should be opened.

Demand for not transferring the existing Court Complex from Reva, Madhya Pradesh

श्री राजमणि पटेल (मध्य प्रदेश)**:** माननीय सभापति महोदय, मैं पेयजल के संबंध में बोलना चाह रहा था। इसके लिए अलग से चर्चा होनी चाहिए, क्योंकि यह पूरे प्रदेश में एक बहुत गंभीर समस्या है।

श्री सभापतिः आपने रीवा में कोर्ट कॉम्प्लैक्स को शिफ्ट करने के बारे में नोटिस दिया है।

श्री राजमणि पटेलः माननीय सभापति महोदय, मैं आपको बताना चाहता हूं कि न्यायालय

भवन को दूसरी जगह स्थानांतरित करने के लिए आदेश हुआ है। वर्तमान में जो न्यायालय है, वहीं उसके पास कलेक्टर ऑफिस है और वहीं पर कमिश्नर का कार्यालय भी है। गांव से जो लोग अपनी पेशी के लिए आते हैं, उनको एक ही जगह सस्ता न्याय मिल जाता है और उनको दूसरी जगह जाने की ज़रूरत भी नहीं पड़ती है। महोदय, मैं आपको बताना चाहता हूं कि न्यायालय को बहुत दूर स्थानांतरित कर दिए जाने से जनता को अलग-अलग जगह जाने में कठिनाई होगी। जहां तक विकल्प का सवाल है, वर्तमान में जो न्यायालय चल रहा है, वहां पर शासकीय ज़मीन है, उसके अंदर नया भवन बनाया जा सकता है। **...(व्यवधान)...**

श्री प्रभात झा (मध्य प्रदेश)**:** वहां पर इन्हीं की सरकार है। **...(व्यवधान)....**

MR. CHAIRMAN: Please, please. ...(*Interruptions*)... He is just making a request. He is not levelling any allegation. आप आगे बढ़िए।

श्री राजमणि पटेल: यह आरोप का सवाल नहीं है। यह जनता के न्याय का सवाल है। जनता को कैसे सस्ता न्याय और सुविधा मिले? मैं आपसे निवेदन कर रहा हूं कि वहां पर वर्तमान में विकल्प है, वहां पर सरकारी ज़मीन भी उपलब्ध है, तो वहां पर न्यायालय भवन बनाया जा सकता है। वहां कमिश्नर और कलेक्टर दोनों के कार्यालय हैं, ताकि जनता को सामाजिक न्याय एक जगह मिल सके और यही सरकार की मंशा भी है।

महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि इस पर गंभीरता से विचार किया जाए और जहां पहले से ही न्यायालय भवन है, वहीं पर दूसरा न्यायालय भवन बनाया जाए।

श्री सभापति: धन्यवाद। डा. विकास महात्मे।

Death of workers cleaning septic tanks

डा. विकास महात्मे (महाराष्ट्र)**:** सभापति महोदय, हाल ही में सेप्टिक टैंक में सात लोगों की जान चली जाने की खबर आई थी। सर, यह काफी सारी स्टेट्स में continuously होता रहता है और यह जानकर बहुत पीड़ा होती है कि आज 2019 में भी यह चीज़ हो रही है। इसमें एक-दो जातियां ही हैं, जो बहुत पिछड़ी हुई हैं, वे ही यह काम करती हैं, जिसे हम manual scavenging कहते हैं। यह कानूनन अपराध है कि आदमी खुद सेप्टिक टैंक में उतरकर उसे साफ करे या जो भी सीवेज लाइन है, उसको साफ करे। उसके लिए कुछ क़ानूनी नियम बने हुए हैं, वे follow नहीं होते हैं। सर, जान की सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है और इसके लिए जो भी क़ानून बने हुए हैं, उनको कार्यान्वित करना बहुत ज़रुरी है, उसको इम्प्लिमेंट करना बहुत ज़रुरी है। उसी प्रकार मैं यह भी चाहता हूं कि जिस तरह से यह काम उपकरणों द्वारा बाकी देशों में होता है, उसी तरह अपने देश में भी उसके लिए उपकरण यूज़ किए जाएं, ताकि उन उपकरणों के इस्तेमाल से जान का खतरा न हो। जो लोग यह सफाई का काम करते हैं, उन्हें सामाजिक तौर पर नीचा देखा जाता है और जो social stigma है, वह भी इससे नहीं रहेगा।

महोदय, मेरा यह कहना है कि जब accidents होते हैं और पुलिस में इसकी एफआईआर होती है, तो वे लोग उसको accidental death रिपोर्ट करते हैं। उसकी जगह यदि सेप्टिक टैंक में death हुई है, ऐसी रिपोर्ट आती है, तो उसे ज्यादा मुआवज़ा मिलता है, क्योंकि यह एक अलग

प्रकार का काम है, जिसे सरकारी कानून से ज्यादा मुआवज़ा मिलता है। इसके लिए एफआईआर में death in septic tanks' ऐसी रिपोर्ट होना ज़रूरी है और जो भी manual scavengers के कानून हैं, उसे कार्यान्वित या इम्प्लिमेंट करना सरकार की तरफ से बहुत ज़रूरी लगता है। मैं यह कहना चाहता हूं कि equipments से साफ-सफाई का काम होना चाहिए और manual scavenging बंद होनी चाहिए।

श्री सभापतिः जिन लोगों ने समर्थन में हाथ उठाएं हैं, वे कृपया स्लिप भेज दें। All these names have to be included as associated.

SHRI RAMKUMAR VERMA (Rajasthan): Sir, I associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRIMATI SAMPATIYA UIKEY (Madhya Pradesh): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRIMATI JHARNA DAS BAIDYA (Tripura): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRIMATI SAROJINI HEMBRAM (Odisha): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRIMATI ROOPA GANGULY (Nominated): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRI MD. NADIMUL HAQUE (West Bengal): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

DR. AMEE YAJNIK (Gujarat): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

DR. L. HANUMANTHAIAH (Karnataka): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRIMATI WANSUK SYIEM (Meghalaya): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRI K.G. KENYE (Nagaland): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRI SANJAY SINGH (NCT of Delhi): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRI SUSHIL KUMAR GUPTA (NCT of Delhi): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRI NARAIN DASS GUPTA (NCT of Delhi): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRI ASHOK SIDDHARTH (Uttar Pradesh): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

PROF. MANOJ KUMAR JHA (Bihar): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRI KAMAKHYA PRASAD TASA (Assam): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRI VINAY DINU TENDULKAR (Goa): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRI SHAMSHER SINGH MANHAS (Jammu and Kashmir): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRIMATI JAYA BACHCHAN (Uttar Pradesh): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRI JAVED ALI KHAN (Uttar Pradesh): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRI RAVI PRAKASH VERMA (Uttar Pradesh): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRIMATI SHANTA CHHETRI (West Bengal): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRI VISHAMBHAR PRASAD NISHAD (Uttar Pradesh): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

MR. CHAIRMAN: Now, Shri Mahesh Poddar; not here. Next, Shri Prasanna Acharya.

Rebate on the sale of handloom products

SHRI PRASANNA ACHARYA (Odisha): Sir, this is regarding the plight of the weavers of the country, particularly of Odisha. Sir, as you know, next to agriculture, it is the handloom sector in the rural areas which provides maximum opportunities for employment. In the Western region of Odisha, the tie-and-dye fabric which is handwoven is very famous. What is happening of late is that this design is being copied by the people against the GI Rules. It is printed in factories in large numbers

and is flushed into the weavers' markets in Odisha, thereby seriously endangering the real product of the weavers. Their sale has also been hampered. Therefore, Sir, this is a clear-cut violation of the GI rule, the Geographical Indication of Goods Act of 1999. So, I would urge upon the Central Government to kindly strictly enforce this Act, in particular, in that region of Odisha, to save the interests of the handloom weavers.

Secondly, Sir, earlier, the Central Government was providing a rebate of 10 per cent on the handloom products. But, of late, that has been discontinued, which is affecting the market of the handloom weavers in Odisha, in particular. I would urge upon the Textiles Minister and the Union Government to think over it again and reintroduce the 10 per cent rebate system for handloom products. This is my appeal and submission to the Government of India. Thank you, Sir.

SHRIMATI SAROJINI HEMBRAM (Odisha): Sir, I associate myself with the issue raised by the hon. Member.

Need to establish a branch of AIIMS in Begusarai District

श्री राकेश सिन्हा (नाम-निर्देशित) **:** सभापति महोदय, सबसे पहले मैं आपका धन्यवाद करना चाहता हूं कि आपने मुझे इस विषय पर अपनी बात रखने का अवसर प्रदान किया। अभी मुजफ्फरपुर की घटना घटी तो पूरे देश का ध्यान उसकी ओर आकृष्ट हुआ।

श्री सभापतिः नहीं, आप प्लीज़ एम्स के विषय में बात कीजिए।

श्री राकेश सिन्हाः पूरे नॉर्थ बिहार में जो आबादी है वह आबादी poverty line से सबसे अधिक नीचे है। यह कृषि आधारित आबादी है। इन क्षेत्रों का औद्योगिक विकास हुआ था लेकिन पिछले पचास सालों में औद्योगिक विकास को sabotage किया गया, जिसके कारण लोगों की निर्भरता कृषि पर बढ़ी है। उस क्षेत्र में लगातार बाढ़ और सूखे का प्रकोप होता है, जिसके कारण वहां अनेक प्रकार की बीमारियां आती रहती हैं। आप देखेंगे कि नॉर्थ बिहार में निजी अस्पतालों और निजी डॉक्टर्स के पास सुबह से रात तक एक लम्बी कतार लगी रहती है। उस क्षेत्र में एक भी ऐसा अस्पताल नहीं है जो इतनी बड़ी आबादी को, इतने जिलों को सर्व कर सके, इसलिए मेरी मांग है और यह मांग इसलिए है कि पिछले पांच वर्षों में नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी है, स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत ही बुनियादी काम किए हैं, इस दृष्टिकोण से मैं मांग करता हूं कि उत्तर बिहार के बेगूसराय जिले में एक All India Institute of Medical Sciences खोला जाए। इसके दो उद्देश्य हैं। एक तो इससे सामान्य लोगों को सुविधा मिल पाएगी और दूसरा, एम्स में रिसर्च का काम हो पाएगा। जो नयी प्रकार की बीमारियां आती हैं, नए प्रकार के बुखार आते हैं, जो क्षेत्र specific बुखार हैं, उनके बारे में रिसर्च तभी हो सकता है, जब वहां एक अच्छा अस्पताल हो और उसे केन्द्र सरकार का प्रश्रय प्राप्त हो। इसलिए मेरी स्वास्थ्य मंत्रालय से और भारत सरकार से मांग है कि बेगूसराय जिले में एक All India Institute of Medical Sciences की स्थापना की जाए। यह जिला नॉर्थ बिहार के सभी जिलों से well-connected है। यहां रोगियों

का पहुंचना और लोगों को संपर्क करना आसान होगा इसलिए मैं एक बार फिर आपके माध्यम से सरकार से विनम्र निवेदन करता हूं कि बेगूसराय में All India Institute of Medical Sciences की स्थापना की जाए, धन्यवाद।

Need to stop double taxation on Mentha harvest

श्री पी.एल. पुनिया (उत्तर प्रदेश)**:** सभापति महोदय, मैं मेंथा की फसल पर दोहरी कर वसूली को समाप्त करने के संबंध में विषय उठा रहा हूं। प्राकृतिक पिपरमेंट के निर्माण के लिए मेंथा की फसल उगायी जाती है और पूरी दुनिया में 80 फीसदी मेंथा का निर्माण केवल भारत में होता है। भारत में भी सबसे ज्यादा यह उत्तर प्रदेश में और उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा बाराबंकी जिले में पैदा होती है, जहां पर लगभग दस अरब का कारोबार होता है जिससे लगभग तीन से पांच करोड़ रुपए राजस्व प्राप्त होता है, लेकिन सरकार की नीति इस तरह से है कि वहां पर किसान परेशान हैं, क्योंकि उनसे दो बार टैक्स वसूल किया जाता है। एक बार उसको कृषि उत्पाद मानकर मंडी शुल्क वसूल किया जाता है और दूसरी बार उसको कृषि उत्पाद न मानकर जीएसटी वसूल किया जाता है। यह दुर्भाग्य है कि किसान के ऊपर दोहरी मार हो रही है। दोहरी मार के साथ-साथ सुरक्षा की विशेष व्यवस्था नहीं है। Crude Technology, जो peppermint का processing का plant है, उसमें अनेक accident होते हैं। इसके ऊपर भी अभी तक सरकार का ध्यान नहीं गया है। इस फसल के लिए कोई एमएसपी निर्धारित नहीं है, तो उसकी लागत का डेढ़ गुना दाम निर्धारित करने की बात भी नहीं होती है। यह बड़े दुर्भाग्य की बात है। मेरा आपसे अनुरोध है कि केन्द्र सरकार मेंथा की फसल पर शुल्क की व्यवस्था करे, आधुनिक processing unit उपलब्ध कराए तथा एमएसपी निर्धारित कर लागत का डेढ़ गुना दाम उपलब्ध कराए, जिससे बड़ी संख्या में छोटे और मझले किसानों को राहत प्रदान की जा सके।

श्री सभापतिः यह मेंथा कितने महीने की फसल है?

श्री पी.एल. पुनियाः सभापति महोदय, यह फसल तीन महीने की है। यह फसल processing करके अभी खत्म हो जाएगी, बीच में फसल ली जाती है।

श्री सभापतिः क्या इसमें पानी की जरूरत होती है?

श्री पी.एल. पुनियाः जी हां, इस फसल को पानी की जरूरत होती है। तीन-चार बार पानी चाहिए होता है।

श्री सभापतिः इसको नोट किया जाए।

MS. DOLA SEN (West Bengal): Sir, I would like to associate myself with the Zero Hour Mention made by the hon. Member.

श्री सभापतिः श्री मोतीलाल वोरा जी, बोलिए। जो नौजवान सदस्य चुनकर आए हैं, आप मोतीलाल जी को देख लीजिए। वे कितनी श्रद्धा से सदन में आते हैं, यहां पर कैसा व्यवहार करते हैं और अपने issues कैसे उठाते हैं, यह बाकी लोगों के लिए सराहनीय है।

Pending cases in High Courts and Supreme Court

श्री मोतीलाल वोरा (छत्तीसगढ़): माननीय सभापति महोदय, मेरा विषय उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में 43 लाख लंबित मामलों के बारे में है। सरकार और न्यायालयों का प्रयास है कि देश के नागरिकों को जल्द से जल्द न्याय मिले। उच्चतम न्यायालय में वर्ष 2007 में 41 हजार मामले लंबित थे, जो आज 58,669 हो चुके हैं। वर्तमान में उच्च न्यायालयों में 43 लाख मामले लंबित हैं, वर्ष 1988 में उच्चतम न्यायालय में जजों की संख्या 18 से बढ़ाकर 26 की गई थी और वर्ष 2009 में इसे 31 किया गया। किंतु लंबित मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का यह सुझाव है कि उच्चतम न्यायालय में जजों की संख्या में वृद्धि की जाए, जो कि उचित है। इसी प्रकार उन्होंने उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु 62 से बढ़ाकर 65 किए जाने का अनुरोध किया है, ताकि लंबित मामलों की संख्या में कमी हो सके और इस संबंध में उन्होंने प्रधान मंत्री जी को भी पत्र द्वारा सुझाव दिए हैं। मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के सुझावों पर विचार करे और शीघ्रता से निर्णय ले। साथ ही निचली अदालतों में भी लंबित मामलों के शीघ्र निपटान की दिशा में कोई निर्णय ले, धन्यवाद।

Ill-effect of release of polluted water from Punjab to Rajasthan

डा. किरोड़ी लाल मीणा (राजस्थान): सभापति महोदय, देश में राजस्थान एक ऐसा राज्य है, जिसमें पीने के पानी की सबसे बड़ी भीषण समस्या है। किंतु जो पानी इंदिरा गांधी नहर के जरिए राजस्थान को मिलता है, जो करीबन 35 प्रतिशत राजस्थान की आबादी को कवर करता है, उसमें जालन्धर के पास से सीवरेज़ का गंदा पानी छोड़ा जाता है। पंजाब द्वारा ब्यास और सतलुज में जहरीला पानी छोड़ने के कारण राजस्थान की नहरों से जो लोग पानी पीते हैं, उनको इसके कारण कैंसर, पीलिया, डायरिया और दूसरी गंभीर प्रकार की बीमारियां बड़ी मात्रा में हो रही हैं। पंजाब और राजस्थान से जो लोग बीकानेर के कैंसर सेंटर में इलाज करवाने के लिए जाते हैं, तो यह देखा गया है। कि बीते 10 साल में बीकानेर के कैंसर अस्पताल में नए रोगियों की संख्या दोगुनी हो गई है। इसमें एनजीटी ने भी cognizance लिया है और राज्य सरकार से और भारत सरकार से compliance मांगी है। एनजीटी ने दुबारा भी नोटिस दिया है। मैं मांग करूंगा कि केन्द्र सरकार इसमें हस्तक्षेप करे, क्योंकि यह दो स्टेट्स का मामला है, पंजाब रुक नहीं रहा है और राजस्थान में भयंकर बीमारियां इस जहरीले पानी के कारण बढ़ रही हैं। राजस्थान देश का एकमात्र प्रदेश ऐसा है, जहां पर सबसे ज्यादा गंदा और जहरीला पानी पिया जाता है। सभापति महोदय, मैं आपसे निवेदन करूंगा कि आप सरकार को निर्देशित करें कि केन्द्र सरकार इसमें दखल दे और एनजीटी इस मामले में cognizance ले चुका है, ताकि लोगों में जो बीमारी महामारी के रूप में फैल रही है, उससे पीछा छुड़ाया जा सके और वहां के लोगों को, राजस्थान की जनता को पीने का शुद्ध पानी मिल सके, धन्यवाद।

SHRI NARESH GUJRAL (Punjab): Sir, I associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SARDAR BALWINDER SINGH BHUNDER (Punjab): Sir, I too associate myself with the matter raised by the hon. Member.

श्री राम नारायण डूडी (राजस्थान)**:** महोदय, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

श्री श्वेत मलिक (पंजाब)**:** महोदय, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

श्री नारायण लाल पंचारिया (राजस्थान)**:** महोदय, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

श्री हर्षवर्धन सिंह डूंगरपुर (राजस्थान)**:** महोदय, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

Need to stop shutting down of MTNL and BSNL

SHRI RIPUN BORA (Assam): Sir, it is a matter of great concern and shock for the entire country that two major public sector undertakings, which are related to the common people, MTNL and BSNL, are going to be shut down because of the wrong policies of this Government. As of now, salaries of 45,000 employees of MTNL and 1,74,312 employees of BSNL have not been paid for months together or have been irregular. Now, why is this happening? It is because the 5G and 4G spectra have been given to private companies, but the public sector undertakings are forced to operate with 3G only. This is deliberate bleeding and crippling of Government PSUs by not allowing to connect with private players in such a highly expanding market and with rapidly developing technology.

Therefore, my suggestion is that the Government should come out with measures to bail out these two public sector undertakings with a recapitalisation package. Sir, already the BJP Government has bailed out ILFS through LIC, the scam-ridden GSPC through ONGC and IDBI Bank through LIC. ...(*Interruptions*)...

MR. CHAIRMAN: Please confine to MTNL and BSNL. The moment you get into controversy, the issue is gone.

SHRI RIPUN BORA: So, if Government could bail out these organisations, why not MTNL and BSNL? Therefore, my suggestion to the Government is that it should take immediate steps to reduce the losses of MTNL and BSNL and revive them.

SHRI K.K. RAGESH (Kerala): Sir, I associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRI K. SOMAPRASAD (Kerala): Sir, I too associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRI ELAMARAM KAREEM (Kerala): Sir, I too associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRIMATI VANDANA CHAVAN (Maharashtra): Sir, I too associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRIMATI SHANTA CHHETRI (West Bengal): Sir, I too associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRI AHAMED HASSAN (West Bengal): Sir, I too associate myself with the matter raised by the hon. Member.

PROF. MANOJ KUMAR JHA (Bihar): Sir, I too associate myself with the matter raised by the hon. Member.

DR. AMEE YAJNIK (Gujarat): Sir, I too associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRI MD. NADIMUL HAQUE (West Bengal): Sir, I too associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRI K.G. KENYE (Nagaland): Sir, I too associate myself with the matter raised by the hon. Member.

श्री संजय सिंह (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली)**:** महोदय, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

श्री हुसैन दलवई (महाराष्ट्र)**:** महोदय, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

श्री रवि प्रकाश वर्मा (उत्तर प्रदेश)**:** महोदय, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

श्रीमती छाया वर्मा (छत्तीसगढ़)**:** महोदय, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को सम्बद्ध करती हूं।

SOME HON. MEMBERS: Sir, we too associate ourselves with the matter raised by the hon. Member.

MR. CHAIRMAN: Somebody has to bear the losses. Now, Shri Sanjay Singh.

Increasing crimes in Delhi

श्री संजय सिंह (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली)**:** सभापति महोदय, दिल्ली देश की राजधानी है और यह आज अपराधों के लिए जानी जा रही है। आये दिन आपराधिक घटनाएं दिल्ली की सड़कों पर हो रही हैं। मान्यवर, पिछले एक महीने के अंदर 220 राउंड फायर दिल्ली की सड़कों

पर चले हैं। मैं आपको बताना चाहूंगा कि 17 मई, 2019 को 17 राउंड फायर, 19 मई को 24 राउंड फायर, 21 मई को 17 राउंड फायर, 26 मई को 12 राउंड फायर, एक जून को 10 राउंड फायर और 07 जून को 14 राउंड फायर, यह सब दिल्ली की सड़कों पर हो रहा है, दिल्ली के अंदर हो रहा है, देश की राजधानी में हो रहा है। मान्यवर, 2,043 बलात्कार की घटनाएं एक साल के अंदर दिल्ली में दर्ज की गई हैं। मान्यवर, हत्याओं की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। ...(**व्यवधान**)...

श्री विजय गोयलः सभापति महोदय, दिल्ली में इनकी सरकार है। सिर्फ चुनाव में हारने के बाद अपराध ...(**व्यवधान**)... दिल्ली में आपकी सरकार है। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापतिः आप उनको बोलने दीजिए। ...(**व्यवधान**)... आप उनको बोलने दीजिए। ...(**व्यवधान**)... विजय गोयल जी, आप उनको बोलने दीजिए। ...(**व्यवधान**)... कोई आपत्तिजनक बात बोलेंगे, तो मैं देख लूंगा, आप चिंता मत करिए। ...(**व्यवधान**)...ठीक है। ...(**व्यवधान**)... जब आप लोगों की टर्न आए, तब बोलिएगा। ...(**व्यवधान**)...

श्री संजय सिंहः सभापति महोदय, मैं बहुत अच्छी तरह से अपनी बात कह रहा हूं, वे सुनना नहीं चाहते हैं। ...(**व्यवधान**)... दिल्ली में 833 पुलिस अधिकारियों को doubtful integrity में रखा गया है यानी उनकी कार्यपद्धति को संदेह के घेरे में रखा गया है। मान्यवर, उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। दिल्ली के अंदर एक ऑटो वाले को, श्री सरबजीत को जानवरों की तरह से घसीट कर पीटा गया, उसके बच्चे को पीटा गया, रिवॉल्वर निकाल कर उसकी गर्दन पर लगाने का काम किया गया।

श्री सभापतिः आपका सुझाव क्या है?

श्री संजय सिंहः सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से अपील करना चाहूंगा, अनुरोध करना चाहूंगा कि दिल्ली के मसले पर, दिल्ली में अपराध रोकने के लिए गृह मंत्रालय के द्वारा एक महत्वपूर्ण मीटिंग बुलाई जाए, जिसमें दिल्ली के पुलिस कमिश्नर और सारे आला अधिकारियों को बुलाया जाए। सर, उसमें दिल्ली के मुख्य मंत्री को भी बुलाया जाए और हमारे सुझाव भी ग्रहण किये जाएं। यह देश की राजधानी है, यहां पर अपराध रुकने ही चाहिए, वरना इससे पूरी दुनिया में हमारी छवि पर असर पड़ता है, हमारी छवि खराब होती है। महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्रीमती शांता क्षत्री (पश्चिमी बंगाल)**:** सभापति जी, मैं माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करती हूं।

प्रो. मनोज कुमार झा (बिहार) **:** सभापति जी, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूं।

श्री सुशील कुमार गुप्ता (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली) **:** सभापति जी, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूं।

श्री हुसैन दलवई (महाराष्ट्र)**:** सभापति जी, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूं।

MS. DOLA SEN (West Bengal): Sir, I also associate myself with the Zero Hour submission made by the hon. Member.

SHRIMATI JAYA BACHCHAN (Uttar Pradesh): Sir, I also associate myself with the Zero Hour submission made by the hon. Member.

SHRI K.K. RAGESH (Kerala): Sir, I also associate myself with the Zero Hour submission made by the hon. Member.

DR. AMEE YAJNIK (Gujarat): Sir, I also associate myself with the Zero Hour submission made by the hon. Member.

SHRI RIPUN BORA (Assam): Sir, I also associate myself with the Zero Hour submission made by the hon. Member.

DR. L. HANUMANTHAIAH (Karnataka): Sir, I also associate myself with the Zero Hour submission made by the hon. Member.

SHRIMATI WANSUK SYIEM (Meghalaya): Sir, I also associate myself with the Zero Hour submission made by the hon. Member.

SHRI K.G. KENYE (Nagaland): Sir, I also associate myself with the Zero Hour submission made by the hon. Member.

Need to make strict laws against cheque bouncing

श्री श्वेत मलिक (पंजाब) सभापति जी, मैं आभारी हूं कि आपने मुझे भ्रष्टाचार जैसे एक बहुत महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया है। मैं एक ओर जहां सरकार को बधाई देता हूं कि मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार के मुँह पर एक करारी चोट की है, वहीं पर एक और महत्वपूर्ण विषय, जो cheque bouncing का है, उसके बारे में भी बताना चाहता हूं।

सभापति जी, cheque bouncing के जो अपराधी लोग हैं, वे लोग, जो निर्दोष नागरिक हैं, जिनका इसमें कोई कसूर नहीं है, उनके जीवन की सारी जमा पूंजी डकार जाते हैं। कमजोर कानून होने के कारण, उन पर लंबे समय तक कोई एक्शन भी नहीं होता है। ऐसी स्थिति में, जो पीड़ित है, उसके सामने कोई रास्ता नहीं बचता कि वह उनसे compromise करे और उनके सामने आधी राशि या 25 प्रतिशत राशि पर ही सरेंडर कर दे।

सर, इसमें कुछ वर्ग हैं। इसमें एक तो बुजुर्ग लोग हैं, जो सारी उम्र मेहनत करते हैं, लेकिन उनकी जो जमा पूंजी है, उसको वे ब्याज के लालच में आकर ऐसे अपराधियों के हाथों में फंसा देते हैं, दूसरे वर्ग में वे व्यवसायी हैं, जो अपने व्यवसाय को आगे ले जाने के लिए बैंकों से कर्ज लेते हैं। वे ऐसे लोगों, जो cheque bouncing करने वाले अपराधी हैं, उनके षड्यंत्र में फंस जाते हैं, अपनी पूंजी गंवा बैठते हैं और बैंकों के एनपीए हो जाते हैं। इसमें जो तीसरा मेन वर्ग है, उसमें कुछ लोग ब्याज के अधिकतम लालच में आकर इनके सामने अपनी सारी पूंजी सरेंडर कर देते हैं। सर, क्योंकि कानूनी प्रक्रिया बहुत लंबी है, आज भी अदालतों में 20 लाख cases लंबित पड़े हैं,

उन्हें न्याय नहीं मिलता है, अतः इसमें आत्महत्याएं तक हो जाती हैं। जिसकी सारी पूंजी चली। जाती है, जब उसको अदालतों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, तब ultimately कई लोग आत्महत्याएं भी कर लेते हैं। मैं समझता हूं कि ऐसे जघन्य अपराधियों को सजा मिलनी चाहिए।

सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह निवेदन करूंगा कि इनके ऊपर यदि किसी लिटिगेशन में केस जाए, तो उन्हें उस cheque की पूरी राशि अदालत में जमा करानी पड़े, ताकि ऐसे अपराधियों को यह पता हो कि अगर cheque bouncing का केस चल पड़ा, तो राशि उनके हाथ से निकल जाएगी। वह राशि चाहे तो अदालत में भी जमा हो सकती है। अगर वह व्यक्ति अपराधी सिद्ध हो जाए, तो वह राशि प्रार्थी को मिल जाए, अगर अपराधी न हो तो राशि उसे वापस मिल जाए। जब आप ऐसी व्यवस्था करेंगे, तभी ये लोग काबू में आएंगे। सभापति जी, इसलिए मैं यह निवेदन करता हूं कि जो ऑनरेबल फायनेंस मिनिस्टर हैं, आप उनसे मेरे माध्यम से निवेदन कर दीजिए कि इसके ऊपर एक सख्त कानून लाएं, ताकि ऐसे भ्रष्टाचारियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले और इसके बाद कोई भी निर्दोष लोगों का शोषण करने की यह हिम्मत न कर पाए।

SHRI RAJEEV CHANDRASEKHAR (Karnataka): Sir, I associate myself with the Zero Hour submission made by the hon. Member.

SHRI SURESH GOPI (Nominated): Sir, I also associate myself with the Zero Hour submission made by the hon. Member.

SHRI NARESH GUJRAL (Punjab): Sir, I also associate myself with the Zero Hour submission made by the hon. Member.

डा. अशोक बाजपेयी (उत्तर प्रदेश): सभापति जी, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूं।

MR. CHAIRMAN: Please take note of it. Shri Tiruchi Siva; not present. Now, we would take up Special Mentions.

SPECIAL MENTIONS

Demand for early completion of the Sidhi-Singrauli Section of Rewa-Sidhi-Singrauli project in Madhya Pradesh

श्री अजय प्रताप सिंह (मध्य प्रदेश) : सभापति महोदय, केन्द्र सरकार द्वारा DBFOT योजना के अन्तर्गत मध्य प्रदेश के रीवा-सीधी-सिंगरौली (एनएच 75 एक्स.) के सीधी-सिंगरौली खण्ड के निर्माण कार्य के लिए 126 कि.मी. लंबाई के मार्ग की स्वीकृति अक्टूबर, 2012 में प्रदान की गई थी। इस कार्य की लागत 673 करोड़ रुपए थी। इसके लिए गेमन इंडिया लिमिटेड को कार्यादेश जारी किया गया था तथा 36 माह में इस कार्य को पूर्ण किया जाना था। गेमन इंडिया लिमिटेड ने इस कार्य को पूर्ण करने हेतु टेक्नो यूनिक को कार्य सौंप दिया था, किन्तु दोनों कम्पनियों के

मध्य लेन-देन का विवाद होने के कारण यह कार्य अधूरा रह गया। बाद में विभाग द्वारा कार्य की पुनः निविदा आयोजित करते हुए यह कार्य टेक्नो यूनिक को वर्ष 2015 में आवंटित कर दिया गया। अभी यह कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है और आगामी 5 वर्ष में भी इसके पूर्ण होने की संभावना नहीं है। समय सीमा में कार्य पूर्ण न होने के कारण इसकी लागत बढ़ रही है, लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है, सड़क के किनारे बसे दुकानदारों का व्यापार भी धूल के कारण चौपट हो गया है एवं सड़क के किनारे ऐसे बसे किसानों की उपज का भी नुकसान हो रहा है, किन्तु समय सीमा पूरी होने के बाद भी अभी तक कार्य पूर्ण नहीं हो सका है।

अतः माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से अनुरोध करता हूँ कि माननीय मंत्री जी व्यक्तिगत रुचि लेकर रीवा-सीधी-सिंगरौली (एनएच 75 एक्स.) के सीधी-सिंगरौली खण्ड के निर्माण कार्य के शीघ्र पूर्ण किए जाने की पहल करें एवं आश्वासन दें कि यह कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

MR. CHAIRMAN: Next, Shri Maitreyan, he is not there. Now, Shri Anil Desai.

Demand to deport Rohingyas illegally migrated to India

SHRI ANIL DESAI (Maharasahtra): Sir, my subject is deportation of illegal Rohingya Muslims. Sir, it is quite surprising and irritating that thousands of persons illegally entered India from Myanmar and now settled in various parts of the country undetected and without any check from law enforcing agencies. Perhaps we have not learnt anything from our past mistakes when we allowed or wilfully ignored the illegal migration of lakhs of Bangladeshi Muslims into India. Several States like Assam, Manipur and also West Bengal are now suffering from their illegal stay. Situation becomes so serious that hon. Supreme Court had to direct Government to prepare National Register of Citizens (NRC) to detect genuine citizens and to identify illegal ones. These Rohingya Muslims are security threat which is real and yet any serious exercise has not been undertaken to detect and deport them out of country. How they sneaked in and started living in other parts of the country? Jammy is far away from Indo-Myanmar border and yet thousands of them reached Jammu after crossing in-between several States including Uttar Pradesh, Uttarakhand, Himachal Pradesh and creating ethnic problems besides demographic and security threat in the area. Local residents allege a well-funded and politically-backed conspiracy to settle them across Jammu and trigger Hindu migration. Whatsoever little action for deportation of these illegal Rohingya Muslims has been taken by Government is halted by stay orders by our courts. Nobody bothers as to how these infiltrators obtained mobile phones, I-cards, Aadhar cards etc. We must look into it with all seriousness so as to avoid Hindu migration this time from Jammu.

SHRIMATI ROOPA GANGULY (Nominated): Sir, I associate myself with the matter raised by the hon. Member.

MR. CHAIRMAN: Thank you. Now, Shri Maitreyan. ...(*Interruptions*)... You can give separate notice, please. ...(*Interruptions*)... This will not go on record. ...(*Interruptions*)...

SHRI RIPUN BORA (Assam): *

SHRI MD. NADIMUL HAQUE (West Bengal): *

SHRI SWAPAN DASGUPTA (Nominated): *

MR. CHAIRMAN: If there is something wrong, you can send a note to me. ...(*Interruptions*)... This is not going on record. ...(*Interruptions*)... Please, Mr. Ripun Bora, this is not the way. ...(*Interruptions*)... Please, sit down. ...(*Interruptions*)... Whether you are correct or he is correct, you can send a note. ...(*Interruptions*)... No debate is allowed. Now, Dr. Maitreyan. ...(*Interruptions*)... Nothing will go on record other than the names called by the Chairman, both in electronic and printing. ...(*Interruptions*)... If you find something wrong, please write to me, I will look into it; that is the correct thing. Now, Dr. V. Maitreyan.

Demand for urgent release of funds due to Tamil Nadu under various heads

(b) The Budget Allocation for National Service Scheme (NSS) during financial year 2019-20 is ₹ 160 crore.

(c) and (d) Yes, Sir. In Rajasthan, NSS covers 23 Universities, One +2 School Council, 607 Colleges/Technical Institutions, 773 +2 Schools. It has 2,08,000 NSS volunteers and 2084 NSS units in the State as on 31.03.2019. During the year 2018-19, NSS Units adopted 1748 villages/slums; organized 1748 Special Camps of 7-days duration in which 87,400 volunteers participated; 69,968 saplings were planted;

10572 units of blood were donated; 16,700 volunteers were involved in Pulse Polio Campaign; 49 Health/Eye/Immunization Camps and 23,838 Awareness Programmes were organized. 500 female NSS volunteers were also given training on Self-Defence. In addition to the above, NSS volunteers undertake regular activities (Community work) *i.e.* 120 hours per volunteer per year (totaling to 240 hours in two years), wherein volunteers undertake activities like building social harmony, literacy, gender justice, life-skill education, disaster management, health, public sanitation, personal hygiene, environmental conservation of natural resources, preservation of cultural and historical heritage, etc.

National Sports University

291. SHRI RITABRATA BANERJEE: Will the Minister of YOUTH AFFAIRS AND SPORTS be pleased to state:

(a) the status of implementation of the National Sports University Bill, for the construction of a university in Manipur and details thereof;

(b) expected time of completion of the project; and

(c) other initiatives for promotion of sports in other States, especially West Bengal?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS (SHRI KIREN RIJIJU): (a) The National Sports University Bill has been enacted into the National Sports University Act, 2018 on 17.08.2018 during Monsoon Session, 2018 of the Parliament. M/s Hindustan Steel Construction Works Ltd. has been engaged as Project Management Consult ant and it has been decided to engage TATA Institute of Social Sciences (TISS) for academic and professional consultancy. Construction has started. One Post Graduate and two Under Graduate programmes have been started in the University.

(b) Expected time for completion is estimated to be five years.

(c) Sports being a State Subject, the responsibility of promotion of sports rests with State Governments. Government of India supplements the efforts of State Governments under its various schemes such as Khelo India, Assistance to National Sports Federations and providing training facilities in Sports Authority of India (SAI) Centres . In the State of West Bengal, SAI has its Regional Centre at Kolkata, four SAI Training Centres (Kolkata, Lebong, Burdwan and Jalpaiguri), one Special Area Game Training Centre (Bolpur), one Centre of Excellence (Kolkata) and two SAI Extension Centres in Darjeeling.

Pandit Deendayal Upadhyay National Welfare Fund for Sportspersons

292. DR. BANDA PRAKASH: Will the Minister of Youth Affairs and Sports be pleased to state the details of funds released/utilized/disbursed/sanctioned under the scheme 'Pandit Deendayal Upadhyay National Welfare Fund for Sportspersons' to provide for lump sum financial assistance for medical treatment to outstanding sportspersons now living in indigent circumstances, State/UT-wise?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS (SHRI KIREN RIJIJU): The details of the funds sanctioned under the scheme 'Pandit Deendayal Upadhyay National Welfare Fund for Sportspersons' for medical treatment of sportspersons during 2017-18, 2018-19 and 2019-20 (as on 20.6.2019), State/UT-wise are given in the Statement.

Statement

State-wise details of funds sanctioned under the scheme 'Pandit Deendayal Upadhyay National Welfare Fund for Sportspersons' for medical treatment of sportspersons

Sl. No.	Financial Year	Name of the Sportsperson and Discipline	State/UT	Sanctioned amount
1.	2017-18	Shri Mohammad Habib, Football	Andhra Pradesh	₹ 5,00,000/-
2.		Ms. Gohela Boro, Archery	Assam	₹ 3,37,500/-
3.	2018-19	Shri N. Brij Kishore, Gymnastics	Telangana	₹ 6,00,000/-
4.		Shri Sumit Rabha, Football	Assam	₹ 5,00,000/-
5.		Ms. Khaidem Kalambia Chanu, Fencing	Assam	₹ 5,00,000/-
6.		Shri Lakshmi Kanta Das, Weightlifting	West Bengal	₹ 2,00,000/-
7.		Shri Limba Ram, Archery	Rajasthan	₹ 5,00,000/-
8.		Ms. Gohela Boro, Archery	Assam	₹ 5,00,000/-
9.		Ms. Garima Joshi, Athletics	Uttarakhand	₹ 5,00,000/-
10.		Shri Prem Lal, Wrestling	Delhi	₹ 5,00,000/-
11.		Shri Hakam Singh, Athletics	Punjab	₹ 10,00,000/-
12.	2019-20 (as on 20.6.2019)	Shri Limba Ram, Archery	Rajasthan	₹ 5,00,000/-
13.		Ms. Chandro Tomar, Shooting	Uttar Pradesh	₹ 5,00,000/-

Lack of basic infrastructure for swimmers

293. SHRI SANJAY SETH: Will the Minister of YOUTH AFFAIRS AND SPORTS be pleased to state:

(a) whether Government is aware that due to the lack of Government-funded and private swimming pools in Noida, athletes preparing for professional competitions are forced to travel to Delhi; and

(b) if so, by when Government plans to open adequate and free of cost swimming pools in the city as are available in Delhi?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS (SHRI KIREN RIJIJU): (a) Swimming pool and other sports facilities in the stadia of the Sports Authority of India in New Delhi are open to sportspersons belonging to Delhi and surrounding areas of Delhi.

(b) There is no proposal to open free of cost swimming pools in Noida.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Question Hour is over. The House stands adjourned till 2.00 p.m.

The House then adjourned for lunch at one of the clock.

The House reassembled after lunch at two of the clock,
MR. CHAIRMAN *in the Chair*

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS

MR. CHAIRMAN: Now we shall take up Motion of Thanks on the President's Address. Shri Jagat Prakash Nadda to move that an Address be presented to the President in the following terms:

> ''That the Members of the Rajya Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the President for the Address which he has been pleased to deliver to both Houses of Parliament assembled together on June 20, 2019.''

Shri Jagat Prakash Nadda is the Mover and Shrimati Sampatiya Uikey will second the Motion, and then the turn will come to the other side and afterwards all political parties will get an opportunity by way of rotation according to time allotted to those respected parties. Party leaders are aware of time; they have to guide their hon. Members to see that the time is properly adjusted among themselves.

SHRI JAGAT PRAKASH NADDA (Himachal Pradesh): Mr. Chairman, Sir, I move that an Address be presented to the President in the following terms:

> ''That the Members of the Rajya Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the President for the Address which he has been pleased to deliver to both Houses of Parliament assembled together on June 20, 2019.''

सभापति जी, राष्ट्रपति जी ने 20 जून, 2019 को संसद की दोनों सभाओं की सम्मिलित बैठक में जो अभिभाषण दिया है, उसके लिए राज्य सभा के वर्तमान सत्र में उपस्थित सदस्य राष्ट्रपति जी के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं।

सभापति जी, माननीय महामहिम राष्ट्रपति जी ने 20 जून को सेंट्रल हॉल में लोक सभा के नवनिर्वाचित सदस्य और राज्य सभा के सदस्यों के सामने राष्ट्रपति अभिभाषण के माध्यम से देश और दुनिया को यह संदेश दिया कि किस तरीके का अपार जनसमर्थन एनडीए की सरकार को वर्ष 2014 के बाद वर्ष 2019 में दुगुनी ताकत के साथ मिला, इस बात का जिक्र किया गया। साथ ही साथ इस बात का भी जिक्र किया गया कि महिलाओं का इस जनसमर्थन में विशेष योगदान रहा है और महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया है। संसद में भी महिलाओं की संख्या में वृद्धि हुई और इससे दिखता है कि भारत के भविष्य को, बढ़ते हुए भारत की तस्वीर में हम सब लोग एक पॉज़िटिव नोट में देखते हैं। जो नए सांसद आए हैं, वे विभिन्न walks of life से आए हैं it represents the legal profession, it represents the people from the social sector and it represents the people from the medical profession. अर्थ जगत से भी जुड़े हुए लोग हैं और वैसे ही समाज के अन्य वर्गों से जुड़े हुए लोग देश को दृष्टि और दिशा देने के लिए इस नई लोक सभा में आए हैं।

सभापति महोदय, राष्ट्रपति जी ने बहुत से विषयों के बारे में चर्चा की है। उन्होंने अपने भाषण में देश के फार्मर्स को कैसे एम्पावर किया गया, इसकी चर्चा की है। किस तरह से छोटी-छोटी बातों की चिंता कर के उनको मुख्य धारा में लाने का प्रयास हुआ है और उनकी समस्याओं को एक मानवीय पक्ष से देखकर, उसको समर्थित करते हुए, उसको ताकत देते हुए, एम्पावर करते हुए बढ़ने की बात माननीय राष्ट्रपति जी ने की है। वैसे ही हैल्थ केयर के बारे में बुनियादी ढांचे में परिवर्तन किस तरीके से पिछले पांच साल में हुआ है और हमारा आगे का लक्ष्य क्या है, उसके बारे में भी उन्होंने इंगित किया है। Working towards the financial inclusion आर्थिक जगत में पिछले पांच साल में एक क्रांति सी आयी और economic inclusion समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का और economic empowerment करने का विषय भी उन्होंने इसमें दर्शाया है। क्लाइमेट प्रोटेक्शन में किए गए कार्यों की भी चर्चा की गई है। Ensuring the Women-led development, विकास महिलाओं के बगैर अधूरा है और इसलिए उनको मुख्य धारा में कैसे शामिल किया जा सकता है और कैसे पिछले पांच सालों में किया गया है, इसकी भी चर्चा उन्होंने अभिभाषण में की है। नया इंडिया, New India, इस वर्ष हम महात्मा गांधी जी का 150 वां साल मना रहे हैं और वर्ष 2022 में देश की आज़ादी को 75 साल हो जाएंगे। न्यू इंडिया का क्या aspiration है, उसके बारे में भी उन्होंने चर्चा की है। एक चर्चा अभी सर्वदलीय बैठक में की गई और प्रधान मंत्री जी ने बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा और सभी पार्टियों ने उस पर समर्थन भी किया और वह है— One

Nation One Election. इस दृष्टि से भी कोई परिवर्तन किया जा सके, इसकी भी चर्चा माननीय राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में की है। Middle class के interest को protect करना, उसके लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं, उसके बारे में भी चर्चा हुई है। नेशनल सिक्योरिटी और नेशनल सिक्योरिटी के साथ-साथ internal Security और बाह्य सिक्योरिटी दोनों के बारे में जो कदम उठाए गए हैं, उसकी भी चर्चा अभिभाषण में हुई है। नेशनल सिक्योरिटी के interest में जो कार्य किए गए, उसके कारण भी जो समर्थन मिला है, उसकी भी चर्चा हुई है। देश का, दुनिया का, देखने का तरीका बदला है। पड़ोसी देशों को देखने का तरीका बदला है और एक जो हम निराशा की स्थिति में वर्ष 2014 में खड़े थे, उससे अलग हटकर आज एक नई छलांग लगाता हुआ भारत दिख रहा है और दुनिया भी इसको कबूल कर रही है। दुनिया ने भी इस पर अपनी हामी भरी है और थापी दी है, इस बात का भी जिक्र किया गया है। इन सारी बातों के ज़िक्र के बावजूद भी मुझे 20 मई, 2014 को सेंट्रल हॉल में आदरणीय प्रधान मंत्री जी द्वारा दिया गया भाषण याद आता है। आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने 20 मई, 2014 को सेंट्रल हॉल में एनडीए की प्रथम पार्लियामेंटरी पार्टी की बैठक में कहा था। उन्होंने कहा था कि हम जो यहां बैठे हैं, वह 125 करोड़ देशवासियों के विश्वास को समेट कर बैठे हुए हैं। उनके विश्वास को लेकर हमें आगे चलना है। उसके बाद फिर उन्होंने एक प्रश्न खड़ा किया था कि आखिर यह सरकार होगी, तो किसके लिए होगी? उसी दिन उन्होंने बड़े स्पष्ट शब्दों में कहा था कि हमारी सरकार वह हो, जो गरीब की सुने। सरकार वह हो, जो गरीब को समझे, सरकार वह हो, जो गरीब के लिए सोचे- और हमारी सरकार गरीब को समर्पित रहेगी, गरीबों के लिए काम करेगी, कोटि-कोटि युवाओं के लिए काम करेगी। उन्होंने एक वाक्य कहा था कि मान-सम्मान के लिए तरसती हुई माताओं, बहनों को इज्ज़त देते हुए और उनको मुख्य धारा में खड़े करने के लिए हम समर्पित होकर काम करेंगे, यह बात उन्होंने अपने भाषण में कही थी। हमारी सरकार गांव, गरीब, दलित, शोषित, पीड़ित के लिए समर्पित रहेगी और उनके लिए हम काम करेंगे। उनकी आकांक्षाओं पर हम पूरा खरा उतरने का प्रयास करेंगे। यह एक सेंट्रल फोकस था, जिसको लेकर काम करना था। मैंने इससे पहले कई विषय बताए थे, जो राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में हैं, लेकिन जो सेंट्रल प्वाइंट था, वह यह था कि गरीब के विकास के लिए और भारत को मजबूती प्रदान करने के लिए सारी पॉलिसीज़ गरीब को केंद्रित करके बनेंगी और उसको हम ध्यान में रखकर चलेंगे, इस बात को उन्होंने कहा था। इसी बात के लिए कुछ मंत्र भी तय किए थे – सबका साथ, सबका विकास। सबको साथ लेकर चलना और सबका विकास करना – इस मंत्र को लेकर हम लोग आगे बढ़े – सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत – हम ताकतवर भी बने, हम सुरक्षित भी रहे और हम समृद्ध भी बने। सबको साथ लेकर चलने के लिए समाज में सर्वस्पर्शी कार्य करते हुए आगे बढ़ने की बात कही थी और इसी के साथ-साथ यह भी कहा था ease of living, जीने में लोगों को जिन तकलीफों से गुजरना पड़ता है, उनकी तकलीफों को समझते हुए जीवनशैली, जीवनलीला, जीवन जीने – किस तरीके से उनको हम सुविधा प्रदान कर सकते हैं... उनकी living को हम आसान कर सकते हैं – 'ease of living' – इस पर भी उन्होंने जोर दिया। जैसा कि मैंने कहा कि गरीब, शोषित, वंचित, पीड़ित, दलित – इन सबके लिए यह सरकार समर्पित है और उनके लिए काम में जुटी है। जब मैं स्कीम्स की बात करूंगा तो किसानों की बात करूंगा।

सभापति जी, यह सच्चाई है कि इस देश में लम्बे समय तक किसानों की चर्चा हम लोगों

[Shri Jagat Prakash Nadda]

ने की है। किसानों के लिए आंसू बहाए गए, किसानों के नाम पर राजनीति की गयी, किसानों के नाम पर रोटियां सेंकी गयीं और किसान नेता के रूप में अपने आपको स्थापित करने के लिए कई लोगों ने कई प्रयास किए। नेता बनने के लिए तो प्रयास हुए, लेकिन किसान की हालत सुधरे, इसके लिए कोई प्रयास नहीं हुए, यह भी हमारे सामने है। किन्तु पिछले पांच सालों में किसान को मुख्य धारा में लेते हुए यह संकल्प लिया गया कि सन् 2022 में किसान की आमदनी को हम दोगुना करेंगे और उसके लिए हम जुटे।। आज हम कह सकते हैं कि "प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि" में 7.5 लाख करोड़ की राशि किसानों को ट्रांसफर हुई और प्रति वर्ष 14 करोड़ किसानों को 6,000 रुपए सम्मान राशि के रूप में देते हुए उन्हें मुख्य धारा में शामिल करने का प्रयास हुआ। यह छोटी घटना नहीं है। इस घटना को हम इस तरीके से नहीं ले सकते कि कई स्कीमें चलती हैं, इसलिए यह भी एक स्कीम है। यह नीति से जुड़ी हुई बात है, जिसे हमें समझना चाहिए। किसान के दर्द को समझा गया और उसके दर्द को समझते हुए केवल lip service नहीं की गयी, बल्कि उसको ऐक्शन में लाया गया और ऐक्शन में लाकर साढ़े 14 करोड़ किसानों को 6,000 रुपए प्रति वर्ष देकर और करोड़ों रुपए, यानी 7.5 लाख करोड़ रुपए ट्रांसफर करके भारत की सरकार ने, आदरणीय मोदी जी ने यह बता दिया कि हम किसानों के लिए lip service नहीं करते, उनकी सेवा करते हैं, उन्हें मुख्य धारा में शामिल करना चाहते हैं।

समर्थन मूल्य – लम्बे समय तक इसकी चर्चा होती रही कि हमें समर्थन मूल्य मिलना चाहिए और समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी होनी चाहिए। स्वामीनाथन कमीशन की रिपोर्ट भी थी। स्वामीनाथन कमीशन की रिपोर्ट हमारे समय की नहीं थी, आप लोगों ने उसको रखा था, वह धूल फांक रही थी, उस पर अगर ऐक्शन किसी ने किया तो प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया और उन्होंने न्यूनतम लागत का डेढ़ गुणा देने का निर्णय किया और उस बात को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। Again, I will say that this is not a lip service; this is an action which has been taken for the farmers, जिसको हमें समझने की जरूरत है। किसानों को सुविधा देनी थी, उन्हें सही दाम मिले, इसकी कोशिश करनी थी, 'digital India' को साकार करना था, इसलिए eNAM के माध्यम से जो Electronic National Agriculture Market है, इसको हमने बढ़ाने का प्रयास किया और 585 विनियमित बाज़ारों को इससे जोड़ा गया और 1.41 करोड़ किसान इसमें पंजीकृत किए गए, उन्हें इससे जोड़ा गया, ताकि उन्हें सही दाम मिले, सही समय पर दाम मिले। यह कहना आसान है लेकिन 585 विनियमित बाज़ारों को जोड़ना, 1.4 करोड़ किसानों को उसके साथ रजिस्टर कराना, ताकि अपने घर में बैठकर वे देख सकें कि किस मंडी में किस अनाज का क्या दाम है, कब उन्हें देना है, कब उन्हें बेचना है, यह सहूलियत देना कोई छोटी घटना नहीं है, यह किसानों के लिए तस्वीर बदलने वाली है, उन्हें देश में आगे बढ़ाने वाली है। प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना – प्रधान मंत्री जी ने इस बात का प्रयास किया और इसका और सरलीकरण किया, इसके प्रावधानों का सरलीकरण किया गया। इसी प्रकार 'Soil Health Card' है। मिट्टी की सेहत जानना और उस पर किस चीज़ की उपज करनी है, किस चीज़ की उपज नहीं करनी, यह कहना तो आसान है, लेकिन इसके लिए साकार प्रयास कब हुआ? इसके लिए साकार प्रयास हुआ तो 2014 से 2019 के बीच में हुआ और उसे हम लोगों ने पूरा किया। हम लोगों ने साढ़े 20 करोड़ 'Soil Health Cards distribute किए। आप समझ सकते हैं कि किसानों

को कौन सी फसल लगानी चाहिए, कौन सा पेड़ लगाना चाहिए, कौन सा पौधा लगाना चाहिए। अपनी आमदनी को बढ़ाने के लिए क्या-क्या किया जाना चाहिए, इस बात का भी जिक्र किया और उसको आगे बढ़ाने की कोशिश की। जब हम गरीब की बात करते हैं, तो प्रधान मंत्री आवास योजना को हम भूल नहीं सकते हैं। सभापति जी, आप भी उस समय इस विभाग का नेतृत्व कर रहे थे। यह कोई छोटी घटना नहीं थी, हर गरीब को पक्के मकान की छत मिलेगी और वह सम्मान के साथ जी सकेगा। इस बात का अगर संकल्प लिया है, तो आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने लिया है, इसको आपको समझना चाहिए। प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत 2014 से पहले सिर्फ 26 लाख मकान बने थे, यह लम्बे समय से चल रहा था। गरीब भी बढ़ रहे थे, काम भी चल रहा था और स्कीम भी चल रही थी, लेकिन इसको निर्णायक मोड़ तक प्रधान मंत्री जी ने पहुंचाया और पिछले पांच सालों में 1 करोड़ 53 लाख घर बना दिए गए और 135 करोड़ रूरल इंडिया में बने, इसको हमको ध्यान में रखना चाहिए। इसके साथ-साथ 26,405 करोड़ रुपये इसके लिए allot करके इसको आगे बढ़ाया। केवल यही नहीं, 2022 तक का सपना है कि कोई भी व्यक्ति, no person will remain without a *pakka makaan*, उसको पक्की छत मिलेगी, यह नरेन्द्र मोदी जी की सरकार का commitment है और न्यू इंडिया की तस्वीर है, जिसको आपको समझना चाहिए।

Economy के बारे में बहुत सी बातें हुई। Black money से लेकर, GST से लेकर बहुत से measures लिए गए। बहुत से measures जो थे, जिन्होंने इकोनॉमी का सरलीकरण किया और सुदृढ़ीकरण किया, लेकिन सबसे बड़ी बात है financial inclusion किया। मुझे याद है, early seventies में, मैं स्कूल का विद्यार्थी था, जब bank nationalize हुए थे। उस समय कहा गया था कि गरीबों के दरवाजे तक पहुंचने के लिए ये बैंक लगाए गए हैं। Lead bank का concept आया था और इस बात का प्रयास हुआ कि यह गरीबों तक पहुंचेगा। इसका प्रयास हुआ कि इसमें हम गरीबों को जोड़ेंगे और आगे ले जाएंगे। लेकिन सच्चाई क्या है? सच्चाई यह है कि हम 70 के दशक से लेकर 2014 तक Saving Accounts में केवल 24 करोड़ तक पहुंच सके और गरीब आदमियों की संख्या बहुत सीमित थी। प्रधान मंत्री जी ने जनधन योजना के बारे में लाल किले की प्राचीर से कहा और इसे शुरू किया। आज हम यह दावे के साथ कह सकते हैं कि formal economy से जुड़ा हुआ भारत 50 प्रतिशत था, आज चार साल बाद 90 प्रतिशत formal economy के साथ जुड़ गया है, इसको हमको समझना चाहिए। 2014 में 24.3 करोड़ accounts थे और 2019 में ये 57 करोड़ 4 लाख saving accounts हो गए।

जब प्रधान मंत्री जनधन योजना की बात हुई और कहा गया कि zero balance के साथ आप accounts खोल सकते हो, तो लोगों ने इसकी खिल्ली उड़ाई थी। यह कहा था कि इसका क्या अर्थ बनेगा, What difference is it going to bring? इससे होगा क्या? आपको जानकर खुशी होगी कि 35 करोड़ लोगों ने जनधन account में पिछले चार साल में अपने accounts खोले। इसी तरीके से formal economy 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक पहुंची और जिनको कहा था कि तुम zero balance अपना account खोलो, nation will be happy to note कि जिन गरीब लोगों से हमने कहा था कि तुम बिना पैसे के भी अपना account खोलो, उन्होंने formal economy में, जनधन योजना के तहत 91 हजार करोड़ डिपॉज़िट कराये और भारत की इकोनॉमी को सुदृढ़ बनाया।

[Shri Jagat Prakash Nadda]

आप सारे अमेरीका का election उठा कर देख लीजिए, सारे Europe का election उठाकर देख लीजिए, सारे western world का election उठाकर देख लीजिए, सारा election Social Security पर होता है, सामाजिक सुरक्षा पर होता है, हेल्थ कवरेज पर होता है। प्रधान मंत्री जी ने प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना में, 12 रुपये प्रति वर्ष, 1 रुपये महीने का देकर, 2 लाख का जीवन कवरेज दिया है। आपको जानकर खुशी होगी कि 15.64 करोड़ लोगों ने अपने आपको इसके साथ जोड़ा। "प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 330 रुपये प्रति साल का प्रीमियम रखा गया, यानी एक रुपये से भी कम के हिसाब से प्रीमियम रखा गया। गरीबों को समर्पित करने का नज़रिया देखिए कि क्या था और यह कहा गया कि आपको दो लाख रुपये का कवरेज मिलेगा। आपको जानकर खुशी होगी कि देश के लोगों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 5.67 करोड़, रीचिंग सिक्स करोड़, इतने लोगों ने अपने आपको इसके लिए रजिस्टर करवाया।

"अटल पेंशन योजना" को 40 साल की उम्र से शुरू करके 60 साल की उम्र तक अपने डिपॉज़िट्स करने के माध्यम से इस स्कीम को आगे बढ़ाया गया। इसमें 1.4 करोड़ लोगों ने अपने आपको शामिल किया। यह यथार्थ है। This is 'financial inclusion'; this is 'social security'; this is 'coming into the mainstream'. अगर हम इन सारी चीजों को कहें, तो जो total number of beneficiaries हैं, वह पाकिस्तान की जनसंख्या से, ब्राजील की जनसंख्या से, इंडोनेशिया की जनसंख्या से ज्यादा हैं। यह financial inclusion है, यह संख्या है, ये आंकड़े हैं और इन आंकड़ों के माध्यम से हम यह कहना चाहते हैं कि जो देश, जो दुनिया financial inclusion के साथ-साथ Social security की बात करती थी, उन देशों की जितनी जनसंख्या है, उससे ज्यादा आज financial inclusion से हमारे भारत के लोग जुड़े हैं और हमारे गरीब लोग इसका पूरा-पूरा लाभ उठा रहे हैं और हम इसको आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। एक समय भारत के पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने कहा था कि हम यहां से एक रुपया भेजते हैं और उनको 15 पैसे मिलते हैं, बाकी सब रास्ते में खत्म हो जाते हैं, वे रास्ते में बंट जाते हैं। हमारी सरकार ने Direct Benefit Transfer (DBT) के माध्यम से 439 स्कीम्स को accumulating to 7.3 lakh crore को गरीबों के घर तक पहुंचाया है और इसमें 1.4 lakh crore is the estimated savings, gains. यह है economic inclusion, यह है strengthening the Common man. यह है डायरेक्ट उसको पहुंचाना, बीच से बिचौलियों को हटाना, सभी को मुख्य धारा में शामिल करना। जो पैसा भारत सरकार से गया है, उसकी पाई-पाई गरीब तक पहुंची है, यह विषय है, जिसको हमें समझना चाहिए। इसके लिए पूरे पांच साल मेहनत की गई, यह बात हमको समझनी चाहिए।

सभापति महोदय, जब हम "प्रधान मंत्री मुद्रा योजना" पर बात कर रहे थे, तो कहा जा रहा था कि कौन इसका बेनिफिट उठाएगा, कितना बेनिफिट उठाएगा, कैसे होगा? मैं बताना चाहता हूं कि जो loans sanction किए गए हैं, वे 18.9 करोड़ यानी 19 करोड़ लोगों को sanction किए गए और इसमें से 9 लाख करोड़ रुपया disburse हुआ है। यह मुद्रा योजना नौजवानों को समर्पित है, जिसके बारे में हमने कहा था और यह कोटि-कोटि नौजवानों को समर्पित है और इसको हमने आगे बढ़ाने का प्रयास किया है।

सभापति महोदय, Start-Up India के तहत ढाई लाख registration हुए हैं। उसमें से जिन्होंने Start-Up शुरू किया, वे 1,862 लोग थे। इसको हमने आगे बढ़ाया है। और इसके क्रम को और भी आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

सभापति महोदय, Stand-Up India के तहत 10 लाख से लेकर एक करोड़ रुपये का लोन दिया गया। इसमें एस.सी., हमारे जो दलित भाई हैं, उनकी संख्या 57.50 लाख थी, जिन्होंने इसका बेनिफिट उठाया। करीब सवा पन्द्रह लाख हमारे एस.टी. भाइयों ने इसका बेनिफिट उठाया और Women Empowerment की दृष्टि से देखा जाए, तो 2.50 करोड़ विमेन को इससे फायदा मिला है। यह सब Stand-Up India से हुआ है, इसे भी हमें ध्यान में रखना चाहिए। इसलिए आर्थिक जगत में जो काम हुए, वे सिर्फ कहने के लिए नहीं हुए। करीब 2.50 करोड़ महिलाओं ने इसका लाभ उठाया और 10 लाख से लेकर एक करोड़ रुपये का लोन लिया। यह कोई छोटी घटना नहीं है। यह देश की तस्वीर और महिला सशक्तीकरण के लिए एक लम्बी छलांग है, इसको हमें समझना चाहिए।

सभापति महोदय, मुझे याद है कि जब यहां पर सब्सिडी के बारे में चर्चा होती थी कि साल में गैस के छह सलेंडर पर सब्सिडी देंगे, 9 सलेंडर पर सब्सिडी देंगे, 12 सलेंडर पर सब्सिडी देंगे। हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा कि कोई भी गरीब बिना गैस चूल्हे के और बिना गैस सलेंडर के नहीं रहेगा। आज "उज्ज्वला योजना" के माध्यम से 7.2 करोड़ एल.पी.जी. गैस कनेक्शन्स गरीबों तक पहुंचा दिए हैं। मैं इसको हैल्थ से भी जोड़ता हूं। मैं इसको हेल्थ से भी जोड़ता हूं। मैं इसको हेल्थ से इस तरीके से जोड़ता हूं क्योंकि यह कोई छोटी घटना नहीं है। इसको पूरी दुनिया ने सराहा है, हेल्थ के विशेषज्ञों ने सराहा है। यह "उज्ज्वला योजना" सिर्फ गैस का कनेक्शन देना नहीं थी। जब लकड़ी के ईंधन से, वह भी गीली लकड़ी के ईंधन से चूल्हा जलाया जाता था, उससे जो धुआँ पैदा होता था और उस धुएँ को जो महिलाएं अपने अंदर लेती थीं, उन maximum महिलाओ को फेफड़ों की बीमारी, lungs की बीमारी हो जाती थी, जिसके कारण उनकी जीवन लीला में कमी आती थी। हर दिन धुआँ, हर दिन धुआँ लेना पड़ता था उन्हें एक session के अंदर लगभग 50 से 200 सिगरेट के धुएँ के बराबर वह धुआँ होता है, वे महिलाएं उस तरीके का धुआँ लेती थीं। यह जो passive धुआँ होता है, this is more harmful than the active one. हमें इस बात को समझना चाहिए कि जो स्मोक करता है, वह जो स्मॉग लेता है और वह जो धुआँ छोड़ता है, उसको जो लेता है, वह ज्यादा हानिकारक है, इसलिए यह हेल्थ से जुड़ा हुआ विषय है। आज मैं श्रीमती विप्लव ठाकुर जी को नहीं देख रहा हूं, लेकिन हम हिमाचल प्रदेश के रहने वाले लोग हैं, हम जानते हैं कि हर गाँव में कोई न कोई महिला ईंधन के लिए जंगल में जाकर लकड़ी काटती थी और हर गाँव में कोई न कोई पेड़ से नीचे अपनी स्पाइन तुड़वाकर गिरा हुआ मिलता था। ऐसे इंसिडेंट्स आपको हर गाँव में मिल जाएंगे। हमारे यहाँ हिमाचल में हमने ऐसा देखा है, मैं इसीलिए श्रीमती विप्लव ठाकुर की तरफ इशारा कर रहा हूं। ऐसा बहुत लोगों ने पहाड़ी राज्यों में देखा होगा। उनकी स्पाइन टूट गई है, लेकिन वे बेचारी जी रही हैं। उन्हें अपाहिज होकर जीना पड़ता है। आज वे महिलाएं सम्मान के साथ घर में बैठकर, एलपीजी कनेक्शन में अपने परिवार को रोटी बनाकर देती हैं और इनकी संख्या 7 से लेकर सवा 7 करोड़ तक है। हमें यह समझना चाहिए कि this is the difference. यह है गरीब को समर्पित उनके आँसुओं को पोंछने का तरीका। जिस तरफ ध्यान नहीं दिया गया, हमने उस तरफ ध्यान देने की कोशिश की।

"उजाला योजना के तहत 5 करोड़ एलईडी बल्ब डिस्ट्रिब्यूट हुए। इसने power के consumption को कम किया। इसने पावर की consumption को ही कम नहीं किया है, बल्कि इसको कहते हैं, ease of living, यानी कि कमजोर व्यक्ति को बिल का खर्चा भी कम देना पड़ा, क्योंकि electricity

[Shri Jagat Prakash Nadda]

bill में गिरावट आई। हमें इस बात को भी ध्यान में रखना चाहिए। हमें यह समझना चाहिए कि reduction था, वह 3 करोड़ 69 लाख रुपये का हुआ है।

इसी तरीके हमें यह बात भी ध्यान में रखनी चाहिए कि जो savings हुई हैं, वे पर ईयर 18,230 करोड़ रुपये की हुई हैं।

"प्रधान मंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य योजना)", आप और हम सभी जनता के बीच से आए हैं। आपको याद होगा कि जब हम घर के लिए कनेक्शन मांगने जाते हैं, तो वहाँ क्या बोलते हैं, जे.ई. क्या बोलता है? वह बोलता है कि पहले तो फॉर्म भरो, फिर कहता है कि देखेंगे, फिर कहता है गाँव के लोग लेकर आओ और खंभा ले जाओ, फिर बोलता है तार के पैसे दो, तार लगाएंगे, तब तुम्हारे घर में बिजली पहुंचेगी। यह था या नहीं था? यह स्थिति थी या नहीं थी? मैं उत्तर प्रदेश में लखनऊ के पास के गाँव में गया, एक व्यक्ति ने बताया, हुजूर सौभाग्य योजना का इतना फर्क पड़ा है कि जेई मेरे घर पर फॉर्म भरवाने आया। उसने दोहपर में फॉर्म भरवाया और शाम को कनेक्शन दे दिया, बिजली दे दी। यह स्थिति है। मैं आपको आँखों देखी बोल रहा हूं, जो जमीन पर, धरती पर हुआ है, वह बोल रहा हूं। इससे गाँव को जोड़ा गया, बिजली का कनेक्शन दिया गया। मैं आपको बताना चाहता हूं कि यह कितना दिया गया? 2.6 करोड़ होउसहोल्ड्स को electrify किया गया। 11 अक्तूबर से जो यह कार्यक्रम शुरू हुआ, उसमें 2 करोड़ से ज्यादा लोग जुड़े हैं। लोगों की अपने आपको बिजली के साथ जोड़ने की aspirations और बिजली किसी के भी घर में आए, उससे फर्क नहीं पड़ता, लेकिन यह सशक्तिकरण का एक बहुत बड़ा माध्यम है, जिसके माध्यम से उसके जीवन, ease of living में कितना फर्क पड़ता है, हमें इस बात को समझना है।

इस बात को भी समझने की जरूरत है जिस व्यक्ति का जीवन शाम का सूरज ढलने के साथ समाप्त हो जाता हो, बिजली आने के बाद उसके जीवन में कितना फर्क पड़ता है। उसी तरीके से "स्वच्छ भारत मिशन" है। "स्वच्छ भारत मिशन" का अभी बहुत मजाक उड़ाया गया, बहुत कहा गया कि यह क्या है? प्रधान मंत्री जी लाल किले की प्राचीर से toilets की बात कर रहे हैं। लोगों को ध्यान नहीं आया, उनकी नजर में यह नहीं आया कि इस "स्वच्छ भारत मिशन" की दृष्टि कहाँ है और इसकी दिशा क्या है? माननीय लोहिया जी ने ही पार्लियामेंट में कहा था कि मुझे दुख होता है कि महिलाएं अपने दैनिक जीवन का कार्य करने के लिए सुबह और शाम का इंतजार करती हैं। उनको शाम का इंतजार करना पड़ता है और सुबह लोगों के उठने से पहले जाना पड़ता है। मुझे दुख होता है, यह माननीय लोहिया जी ने पार्लियामेंट में कहा था। आज हम खुशी के साथ कह सकते हैं कि जहाँ तक "स्वच्छ भारत मिशन" का सवाल है, जहाँ पहले 38 प्रतिशत toilets थे, आज वहाँ 99.2 परसेंट toilets बन गए हैं। पिछले 5 सालों में 96 करोड़ टॉयलेट्स बने हैं। क्या सशक्तीकरण हुआ है महिलाओं का! 20 मई को प्रधान मंत्री जी ने जो कहा था कि हम मान-सम्मान के लिए तरसती महिलाओं का सशक्तीकरण करेंगे, उनको इज्जत देंगे, यह है देने का तरीका, जो 99 प्रतिशत घरों को टॉयलेट्स बना कर दिए गए। हमें इसको ध्यान में रख कर समझना चाहिए।

उसी तरीके से 'स्वच्छ भारत मिशन' कोई सरकारी कार्यक्रम नहीं हो गया है। It is a people's movement. आप लोग जरूर थोड़ा मुस्कराएँगे, लेकिन अगर आज कोई पान या गुटखा

भी फेंकता है, तो छोटा बच्चा बोलता है कि दादा, आप क्या कर रहे हो, इसको बंद करो। यह है 'स्वच्छ भारत मिशन' की जागृति। मेरे साथ एक व्यक्ति travel कर रहे थे, वे पान की पीक लेकर बैठे थे। वे कहने लगे कि अब क्या कहें, हम गेट खोल कर इसे फेंक भी नहीं सकते, हम स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े हैं, कहीं गाड़ी रुकवाओ, तो मैं कोई जगह देखें और इसे उपयुक्त जगह पर फेकें। मैंने कहा कि मैं गाड़ी जरूर रुकवाऊँगा, लेकिन आपमें यह जो सोच पैदा हुई है, इसके लिए मैं आपको बधाई देता हूँ। आज देश में इस तरीके का अन्तर है।

फिर मैं इसको हेल्थ से जोडूंगा। Who is the final beneficiary? It is the Common man. आम आदमी। पहले जब कुंभ का मेला लगता था, उस समय आप किसी से पूछते, तो अगल-बगल के गाँव के लोग बोलते थे कि कुंभ का मेला तो लोगों के लिए है, हमारे लिए तो इस मेले के बाद नर्क है, हमें महीनों गंदगी में गुजारना पड़ेगा, हम यह सड़ाँध सूँघते रहेंगे और हमारे स्वास्थ्य का क्या होगा, यह स्थिति थी। इस बार जब कुंभ का मेला लगा, तो आस-पास के सारे गाँव वालों ने इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया कि परिवर्तन आ गया है, इस 'स्वच्छ भारत मिशन' का एक आंदोलन खड़ा हुआ है। इसे प्रधान मंत्री जी ने खड़ा किया है, यह हमें समझना चाहिए। इतना ही नहीं, उनके सम्मान के लिए प्रधान मंत्री जी खुद गए, उनके चरण धोए और देश तथा दुनिया को संदेश दिया कि स्वच्छ रहने के लिए हर तरीके की political will की जरूरत होती है, जिसको पूरा करने का प्रयास किया गया।

महिला सशक्तीकरण की दृष्टि से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम शुरू किया गया। ऐसे 104 जिले थे, जहाँ पर ratio में बहुत अच्छा सुधार आया है। उसी तरीके से बच्चियों के लिए, girls के लिए स्कूल में जो टॉयलेट्स बने, वे 1.9 लाख टॉयलेट्स बने। यह भी हम आपके सामने कहना चाहते हैं।

जहाँ तक स्वास्थ्य का सवाल है, मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूँ कि मुझे बतौर मंत्री इस मंत्रालय को चलाने का मौका मिला और 5 साल में स्वास्थ्य में बुनियादी परिवर्तन किया गया, इसको हमें समझने की जरूरत है। बुनियादी परिवर्तन, common man के लिए। यह 'आयुष्मान भारत', जिसमें 5 लाख रुपए की health coverage, 50 करोड़ लोगों को, 10 करोड़ 74 लाख परिवारों को दी गई। 50 करोड़ का मतलब यह बनता है कि सारा अमेरिका, सारा कनाडा और सारा मेक्सिको, इन सब को जोड़ लें, तो हमारे भारत का 'आयुष्मान भारत' बनता है। यह हमें समझने की जरूरत है। It is the ommon World's largest health coverage programme. गरीबों को समर्पित! कौन लोग हैं। इसमें? इसमें rickshaw pullers, rag pickers, maid servants, घर में काम करने वाले लोग, रेहड़ी वाला, फेरी वाला, ठेला लगाने वाला, auto-rickshaw drivers, ऐसे लोग, जो कभी सोच भी नहीं सकते थे। मैं उन लोगों से मिलने हॉस्पिटल गया। जब वे 'आयुष्मान भारत' की चिट्ठी दिखा रहे थे, तो उनके हाथ काँप रहे थे, आँखों से आंसू गिर रहे थे और वे कह रहे थे कि बाबू जी, हमने कभी नहीं सोचा था, 9 साल से हम दिल की तकलीफ लेकर चल रहे थे और बाईपास नहीं करा सकते थे, यह 'आयुष्मान भारत' मिला है, हमारा ऑपरेशन एक हफ्ते के अन्दर हो गया और यह मुफ्त हुआ है, इसके लिए हम मोदी जी को धन्यवाद देते हैं। गुलाम नबी आज़ाद जी पूर्व में स्वास्थ्य मंत्री रहे हैं। हम सब लोगों को World Health Assembly में जाना पड़ता है। मेरी छाती चौड़ी हो गई, जब Director-General of World Health Organisation, Dr. Tedros, said, "Mr. Nadda, come forward. Tell the world about Ayushman Bharat.

[Shri Jagat Prakash Nadda]

Tell how Modiji has brought about a change, how India has brought about a change. It should be replicated elsewhere. World should know how Ayushman Bharat is working." यह है अंतर। उसी तरीके से गरीब लोगों के लिए हमने Health and Wellness Centres बनाए। 2022 तक, भारत में 30 साल की उम्र के हर व्यक्ति का हेल्थ चेकअप होगा, उसकी स्क्रीनिंग होगी, for hypertension, for diabetes, for tuberculosis, for leprosy, for oral cancer, for breast cancer and for cervix cancer for ladies. इन सारी चीज़ों के लिए Health and Wellness Centres के माध्यम से 30 साल की उम्र के हर व्यक्ति की screening की जाएगी। कुल मिलाकर सारे PHCs और sub-centres डेढ़ लाख हैं, they all would be converted into Health and Wellness Centres, हम लोगों ने इस तरीके का इंतज़ाम किया है। इनमें से 20,000 सेंटर्स बदले जा चुके हैं, यानी 20,000 Health and Wellness Centres are operational now. अब आप पूछेंगे कि इससे क्या फर्क पड़ेगा? इससे फर्क यह पड़ेगा, जब 30 साल में हर व्यक्ति की स्क्रीनिंग होगी और पता चलेगा कि he is hypertensive, तो आगे चलकर हम 50 साल की उम्र में उसको heart की तकलीफ, bypass surgery और stent लगने से रोक सकेंगे, इसका यह नतीजा होगा। अगर हमको पहले से पता चल जाएगा कि he is diabetic, तो हम उसकी आंखों की रोशनी जाने से रोक सकेंगे, किडनी खराब होने से रोक सकेंगे। इससे disease को लेकर Health Centres पर जोburden है, वह reduce होगा। यह है भारत के आम व्यक्ति के लिए काम करने का तरीका। यह हमने 'आयुष्मान भारत योजना' के तहत किया है।

'मिशन इन्द्रधनुष', जिन जानलेवा बीमारियों से बचा जा सकता है, immunization करके उनसे बचने के लिए हम लोगों ने इसे mission mode में लिया है। अभी तक 65 प्रतिशत immunization था, आज हमने उसको 80 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है। 2020 तक 90 प्रतिशत regular immunization होगा। हमारे यहां इस तरीके से काम हो रहा है।

इस देश में हर साल 13 लाख बच्चे डायरिया से पीड़ित होते थे, जिनमें से 1.5 लाख बच्चे मर जाते थे, निमोनिया से लगभग 12 लाख बच्चे पीड़ित होते थे, जिनमें से 1 लाख से 1.25 लाख बच्चे मर जाते थे। हम लोगों ने दोनों के लिए immunization शुरू किया है, Pneumococcal देना शुरू किया और साथ में Rotavirus देना शुरू किया है। इस तरह से हमने सभी बच्चों को immunization से जोड़ने का प्रयास किया है, उनका सशक्तिकरण करने का प्रयास किया है।

'Pradhan Mantri National Dialysis Programme', यह योजना सुनने में बहुत कॉमन लगती है। अभी तक डायलिसिस करवाने के लिए लोग अपना जिला छोड़ करके बाहर जाते थे और वहां जाकर हफ्ते में दो-दो बार, तीन-तीन बार अपना dialysis करवाते थे। एक dialysis के लिए दो-दो हज़ार रुपये देने पड़ते थे, transportation अलग। आपको यह जान कर खुशी होगी कि लगभग 5,000 dialysis units on 597 dialysis centres, भारत सरकार ने 'Pradhan Mantri National Dialysis Programme' के तहत खोले। साथ-साथ यह काम भी किया गया कि जो BPL वाले हैं, इन सेंटर्स में उन लोगों का मुफ्त डायलिसिस होगा और जो APL वाले हैं, उनके लिए Controlled rate पर dialysis का प्रावधान किया गया है। अभी तक 2.5 लाख लोगों ने इसका फायदा उठाया है और लगभग 25 लाख dialysis sessions पूरे कर लिए गए हैं। इस तरीके से हमने काम किया है।

'प्रधान मंत्री जन-औषधि योजना' – pharmaceuticals के ऊपर जो pressures है, वह हमको मालूम है, साथ ही यह भी मालूम है कि किस तरीके से pharmaceutical में MRP rate क्या बनता है और उसका price क्या लिया जाता है। ये बातें सबको मालूम हैं। हम लोगों ने 'प्रधान मंत्री जन-औषधि योजना' के माध्यम से 4,635 generic stores खोले, जिनके माध्यम से पेशेंट्स को 15,000 करोड़ रुपये की बचत हुई है। यह सरकार गरीब को समर्पित सरकार है, इसे हमें समझना होगा।

AMRIT (Affordable Medicine and Reliable Implant Treatment), इसके तहत हम लोगों ने 153 outlets खोले हैं। आज तक 1.23 पेशेंट्स को इनके माध्यम से दवाइयां दी जा चुकी हैं, जिनका MRP 191.55 करोड़ था और sale price 554 करोड़ रुपये रहा। इसके माध्यम से पेशेंट्स को 627 करोड़ की बचत हुई है, क्योंकि इन outlets में MRP rate से 70 प्रतिशत से 90 प्रतिशत कम पर दवाई मिल सके, इस तरीके की व्यवस्था की गई है।

'प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान' – हर महीने 9 तारीख को, gynecologists will come to the Government centres and they will see the ante-natal patients. माताओं के चेकअप के साथ-साथ उनको दवाई भी दी जाएगी। आपको जानकर खुशी होगी कि 9 तारीख को Government facility में private gynecologists ने 7 करोड़ ante-natal checkups किए और इनमें से 8 लाख high risk patients को उन्होंने specially entertain किया। यह है महिला सशक्तिकरण और महिला सशक्तिकरण के लिए बातचीत करने की बात है।

अगर मैं हेल्थ की दृष्टि से देखूं, तो All India Institute of Medical Sciences tertiary healthcare में एक क्रांति आई है। पहले एक All India Institute of Medical Sciences होता था। अटल जी के जमाने में 6 All India Institute of Medical Sciences खुले। UPA के जमाने में एक All India Institute of Medical Sciences खुला। मोदी जी की दृष्टि से और मोदी जी के नेतृत्व में आज 15 All India Institute of Medical Sciences बन रहे हैं। तो टोटल 22 से 23 All India Institute of Medical Sciences पर काम हो रहा है। Each All India Institute of Medical Sciences is costing from Rs. 1200 crores to Rs. 1500 crores and Rs. 2000 crores is the annual expenditure on all these. So, that is the recurring expenditure which is going to come. हेल्थ सेक्टर को मुख्य धारा में लाने के लिए आदरणीय प्रधान मंत्री मोदी जी ने जो काम किया है, इसके लिए मैं तहेदिल से उनको धन्यवाद देता हूँ। Social sector cannot work without the political will of the leader. Social sector cannot work without the political sanction and that sanction was given by Pradhan Mantri Shri Narendra Modi, जिसके कारण हम स्वास्थ्य सेवाओं में परिवर्तन ला सके।

अगर हम सड़कों की बात करें, प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना में, 2014 में 69 kilometres per day सड़क बनती थी, आज 134 kilometres बन रही है। 2013-14 में 1 करोड़ 97 लाख किलोमीटर की सड़कें थीं, आज वह 56 परसेंट बढ़ कर 91 प्रतिशत विलेजेज़ को हम लोगों ने कनेक्टिविटी से जोड़ दिया है। 2014 में नेशनल हाइवेज़ 12 किलोमीटर प्रति दिन बनते थे और आज यह 33 किलोमीटर प्रतिदिन बन रहे हैं। यह है डेवलपमेंट की स्पीड, जिसे हमें समझना चाहिए। यह 2014 में 92,000 किलोमीटर थी, तो आज 2017-18 में 1 करोड़ 20 लाख किलोमीटर बनी है। इसे हमें समझना चाहिए।

[Shri Jagat Prakash Nadda]

स्मार्ट सिटीज़, आपके माध्यम से उसको आगे बढ़ाया गया, जब आप नेतृत्व कर रहे थे। इसमें 2 लाख करोड़ रुपये spend किये गये। इसका जो positive effect है, वह 10 करोड़ लोगों को मिलने वाला है। यह हम कह सकते हैं।

डिजिटल इंडिया में हम लोगों ने एक लम्बी छलांग लगायी है। मैं 'आयुष्मान भारत' की बात कर रहा था। उसमें भी not even a single penny is given through cash. सारे का सारा digital है। यानी 50 करोड़ लोगों को अपने thumb के impression से 'आयुष्मान भारत' के गोल्डन कार्ड तक पहुँचने का रास्ता इस डिजिटल इंडिया ने बनाया है। यह हमें ध्यान में रखना चाहिए।

जहाँ तक broad connectivity की बात है, 2.5 लाख ग्राम पंचायतों को जोड़ा गया, 2 लाख किलोमीटर का optical fiber बिछाया गया और उसी तरीके से 2014 में जो 83 हजार Common Service Centers (CSCs) थे, आज 3.18 लाख CSCs operational हैं और इसमें 350 digital Services available हैं, जिसे हमें ध्यान में रखना चाहिए। इस तरीके से काम हुआ है।

मैं ये सारी बातें आपको इसलिए बता रहा हूँ कि यह गरीब को समर्पित है, ease of living के लिए पिछले 5 सालों में जो काम हुआ। रेल की कनेक्टिविटी की बात करें, तो नॉर्थ ईस्ट को जोड़ा गया, मुख्य धारा में लाया गया, वहां विशेष कर के ध्यान दिया गया। North East was always ignored. आज आप जाकर नॉर्थ ईस्ट में पूछिए, तो नॉर्थ ईस्ट के सारे लोग बोलते हैं कि Prime Minister Modi has brought us into the mainstream. This is the difference which we have to understand.

इसलिए मित्रों, जब यह सब मैं कहता हूं, तो यह सिर्फ कहने के लिए नहीं कहता हूँ। आदरणीय प्रधान मंत्री जी को climate change के लिए, environmental change के लिए, प्लास्टिक को रोकने के लिए, उसके यूज़ को रोकने के लिए जो सर्वश्रेष्ठ सम्मान दिया गया, उसको भी हमको ध्यान में रखना चाहिए। United Nations ने प्रधान मंत्री जी को highest environmental honour दिया। उनको "Champions of the Earth" Award, UN's highest environmental award दिया गया। इतना ही नहीं, सउदी अरब ने प्रधान मंत्री जी को "अब्दुल अजीज़ अल सऊद" सर्वोच्च सम्मान से नवाज़ा, अफगानिस्तान ने "आमीर अमानुल्लाह खान अवार्ड" दिया, पैलेस्टाइन ने "The Grand Collar of the State of Palestine" का अवार्ड दिया, सिओल ने "Peace Prize" दिया, यूएई ने "जायद मेडल" दिया, रशिया ने "Order of the Holy Apostle Andrew the First" का अवार्ड दिया और मालदीव ने "निशान इज्जूद्दीन" का अवार्ड दिया। ये अवार्ड्स प्रधान मंत्री जी को नहीं मिले हैं, ये अवार्ड्स भारत देश को मिले हैं। यह है दुनिया में भारत के प्रति बदलता नज़रिया, जिसको हमें समझना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापतिः प्लीज़, बीच में ऐसे मत कीजिए। ...(**व्यवधान**)... जब आपका टर्न आएगा, तब आप बोल सकते हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री जगत प्रकाश नड्डाः प्रधान मंत्री जी के अथक प्रयास ने देश में परिवर्तन लाने के लिए.... और यूएन के सेक्रेटरी जनरल...., प्रधान मंत्री जी अवार्ड लेने के लिए न्यूयार्क नहीं गए, बल्कि यूएन के सेक्रेटरी जनरल नई दिल्ली आए और 'Champions of Earth' का अवार्ड प्रधान मंत्री जी को देकर गए। यह हमको ध्यान में रखना चाहिए। This shows the difference how India

is being looked now in the world. This shows the difference how India is growing. This shows how India is coming as a powerful nation. We were not players, we were spectators. Now, you can say that India is a player in the international Scene. इसको हमको समझना चाहिए। इस तरीके से हम काम कर रहे हैं। यह फर्क आया है।

आगे 2022 में नई ऊँचाइयों को छूने के लिए राष्ट्रपति जी अपने अभिभाषण में इस बात का उल्लेख करते हैं कि हमने सबका साथ लिया, सबका विकास किया, अब सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास भी ले करके आगे बढ़ेंगे। इसको हम लोगों ने किया है। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत', इसको पूरा करने के लिए cooperative federalism को बढ़ाने के लिए national ambition and regional aspirations, दोनों को जोड़ने की बात की है। इस मंत्र के साथ इसको आगे बढ़ाने का प्रयास किया।

2022 तक किसानों की आय दोगुनी होगी, हर गरीब को पक्की छत मिलेगी, हर गरीब के पास बिजली का कनेक्शन होगा, हर गरीब को अब खुले में शौच नहीं जाना होगा, सबके लिए टॉयलेट का प्रावधान किया जाएगा, हर किसी को drinkable pure water Connection दिया जाएगा, गंगा की धारा को अविरल रखा जाएगा, इन संकल्पों के साथ आगे बढ़ने का निश्चय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में किया गया है।

महोदय, मैं बहुत-से विषय बोल सकता था, जैसा कि मैंने कहा कि मैंने कुछ विषयों को केन्द्रित करके गरीब, महिला, युवा किस तरीके से भारत की तस्वीर बदली है, उसकी चर्चा हमने आपके सामने की है। मैंने कुछ कागजात भी मंगवाए थे, इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारतीय जनता पार्टी का 2014 में वोट शेयर 31.3 परसेंट था और आज यह वोट शेयर 39 परसेंट हो गया। 2014 में बीजेपी की सीट्स 282 थीं और एनडीए की सीट्स 356 थीं। आज 2019 में बीजेपी का शेयर 37.4 परसेंट, एनडीए का शेयर 45 परसेंट, बीजेपी की सीट्स 303 और एनडीए की सीट्स 355 हैं। यह जनादेश हम लोगों को मिला है और उसको पूरा करने का हम लोगों ने प्रयास करने की कोशिश की है। मैं हाउस से निवेदन करूंगा कि हमें आपका साथ चाहिए, 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास', उसको ले करके हम चलना चाहते हैं।

महोदय, इस हाउस में पिछले 5 साल में बहुत disruptions हुए हैं। हम मान सकते हैं, we agree, in democracy, we agree to disagree. But we should not disagree just to disagree. Opposition for the sake of opposition नहीं होना चाहिए। अगर हम देखें, तो कुल मिला करके कितने सत्र बाधित हुए हैं, यह हमारे सामने है, और मैं यह सब कुछ इसलिए कहना चाहता हूँ क्योंकि आपकी बाधाओं के बावजूद भी यह जनादेश, हमारी बताई हुई, मोदी जी की बताई हुई नीतियों के कारण हमको मिला है, इसको हमें समझना चाहिए। इसलिए मुझे आपसे एक ही निवेदन है कि We should rethink whether we are going on the right path or not. That we are going on the right path is clear because the mandate is very clear और स्पष्ट mandate है, यह बताता है, लेकिन क्या आप सही रास्ते पर चल रहे हैं? मैं तो लंबे समय तक विपक्ष में रहा हूँ, हाउस चले तो सबसे बड़ा फायदा विपक्ष का होता है और अगर हाउस न चले तो इससे सबसे ज्यादा लॉस अपोज़िशन का होता है। हमने तो Best Legislator Award भी विपक्ष में रह कर लिया। It is the prime strength of the Opposition. Disruption is not the strength.

[Shri Jagat Prakash Nadda]

मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूँ कि आप भी इस पर विचार करें। We agree to disagree, मानता हूं we should do it. But disagree for the sake of disagreeing, it should not be there. इन सबके बावजूद भी अगर भारत की जनता हमारी नीतियों का समर्थन करती है, तो आपको फिर से सोचना चाहिए और आपको इस पर पुनः विचार करके आगे बढ़ना चाहिए। ऐसा मेरा आपको निवेदन है, मैं यही कह सकता हूँ। कभी-कभी विवेक पर arrogance पर्दा डाल देता है। मैं बहुत राजनीतिक चर्चा नहीं करता, लेकिन अभी भी मैं देखता हूँ, रस्सी जल गई, पर बल नहीं गया। मेरा निवेदन है कि इस पर पुनः सोचा जाए। माननीय सभापति जी, इन्हीं शब्दों के साथ मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को आपके सामने प्रस्तावित करता हूँ।

श्री सभापतिः भाजपा को 3 घण्टे 39 मिनट दिए गए हैं। उसमें से लगभग 50 मिनट समाप्त हो गए हैं। उनके पास seconder के साथ 14 स्पीकर्स और हैं। इसको ध्यान में रखकर टाइम आपस में बांटना चाहिए। कांग्रेस के लिए 2 घंटे 20 मिनट हैं, उनके पास 7 स्पीकर्स हैं। इसलिए हर पार्टी यह ध्यान रखे कि उसका अपना टाइम कितना है। शुरू में जो लीडर्स बोलते हैं, normally उन्हें ध्यान होता है, लीडर्स भी बाकी लोगों को ध्यान में रखकर टाइम एडजस्ट करें, तो अच्छा होगा। Shrimati Sampatiya Uikey to make her speech to second the Motion.

श्रीमती सम्पतिया उइके (मध्य प्रदेश)**:** सभापति महोदय जी, मैं अपने भाव प्रकट करना चाह रही हूँ,

'अलग खड़ी दीवार बनी, स्वदेश प्रेम की दीवानी,
तूफानों से हार न मानी, मर कर हुई अमर रानी'

आज गोंडवाना साम्राज्य की रानी दुर्गावती का 456वां बलिदान दिवस है। आज पूरे सदन के माध्यम से मैं रानी दुर्गावती के श्रीचरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित करना चाहूंगी।

(**श्री उपसभापति** *पीठासीन हुए*)

माननीय उपसभापति महोदय, इस सदन के माध्यम से मैं देश के यशस्वी माननीय प्रधान मंत्री जी को बहुत-बहुत बधाई देना चाहती हूँ और उनकी पूरी टीम को, हमारे मुखिया को, आदरणीय अमित शाह जी को बहुत-बहुत बधाई देती हूँ कि उनके कुशल नेतृत्व में दोबारा भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी। ...(**व्यवधान**)... आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त किया गया। आदरणीय कार्यकारिणी अध्यक्ष, नड्डा जी ने अभी प्रस्ताव को पूरे विस्तार में रखा, मैं उसका समर्थन करती हूँ। आज देश के प्रधान मंत्री, माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने जिस तरह से गरीबों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए ऐतिहासिक योजनाओं का क्रियान्वयन किया, उसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों की हमारी बहनों और शहरी क्षेत्र के गरीब परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है। सशक्तिकरण पर जोर देकर माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में पूरे देश में तीन करोड़ self-help groups बनाए गए। उन तीन करोड़ self-help groups में सिर्फ self-help groups ही नहीं, उन बहनों को भी जोड़ा गया, जो गरीब परिवारों से आती थीं, आदिवासी अंचल से आती थीं। उन बहनों को जोड़कर माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में उनको दो लाख करोड़ रुपए कर्ज दिए गए। मुझे यह कहते हुए बहुत हर्ष हो रहा है कि माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व

में वे बहनें, जो अपने घर से निकलकर कोई काम नहीं करती थीं, आज उनको अच्छा अवसर मिला और वे अपने क्षेत्र में छोटे-छोटे व्यवसाय के रूप में अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं। मैं इस देश के सभी मतदाता बंधुओं को भी धन्यवाद देना चाहूंगी। माननीय प्रधान मंत्री के कुशल नेतृतव में ऐतिहासिक योजनाएं बनीं। ...(**व्यवधान**)... लोगों को उनका लाभ मिला, तो उन योजनाओं को समझते हुए माननीय प्रधान मंत्री जी को फिर से अवसर दिया। मैं उनको नमन करती हूँ। साथ ही माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में 17वीं लोक सभा में देश से 78 महिलाएं चुनकर आईं। मुझे प्रसन्नता हो रही है कि सदन में हमारी बहनों का भी योगदान मिल रहा है। एक नए भारत के निर्माण होने में और अच्छे राष्ट्र का निर्माण करने में उनको प्राथमिकता मिल रही है। माननीय प्रधान मंत्री जी का विश्वास, माननीय राष्ट्रपति जी के भाषण में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। माननीय प्रधान मंत्री ने इस देश की महिलाओं के ऊपर विशेष जोर दिया है। चाहे उनकी शिक्षा की बात हो, उनके स्वास्थ्य की बात हो, उनके रोज़गार की बात हो या उनकी सुरक्षा की बात हो, इन पर उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। मुझे प्रसन्नता हो रही है कि माननीय प्रधान मंत्री जी ने वर्ष 2014 में "प्रधान मंत्री आवास योजना" का शुभारम्भ किया। मैं उस ग्रामीण क्षेत्र से आती हूँ, जहाँ पहले पंचायतों में सिर्फ एक या दो आवास ही मिलते थे। यह बात यहाँ बैठे मेरे बहुत-से सहयोगी बंधुगण जानते हैं। माननीय प्रधान मंत्री के नेतृत्व में यह योजना वर्ष 2014 में बनी और आज मुझे यह कहते हुए हर्ष हो रहा है कि 1 करोड़ 53 लाख से ज्यादा आवास उन गरीबों को मिला है, जो विशेष रूप से ग्रामीण आदिवासी अंचल में रहते थे। उन आदिवासी भाई-बहनों के पास अपना सिर छुपाने के लिए छत नहीं थी और वे यहाँ-वहाँ रहकर अपना जीवन-बसर करते थे। आज मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में उनको बड़ी तादाद में, 1 करोड़ 53 लाख आवास मिले हैं।

आदरणीय उपसभापति महोदय, मैं बताना चाहूंगी कि अभी आदरणीय नड्डा जी "उज्ज्वला योजना" के बारे में अपनी भावनाएँ व्यक्त कर रहे थे। इस सदन में बैठे हमारे बहुत से सदस्यगण ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं। ...(**व्यवधान**)... पहले ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति यह थी कि वहाँ महिलाएँ कई मील दूर जाती थीं, वहाँ से लकड़ी लेकर आती थीं और फिर चूल्हे में उस लकड़ी को जलाकर अपने परिवार के जीवन-पालन के लिए खाना बनाती थीं। माननीय प्रधान मंत्री जी ने हमारी बहनों की भावनाओं को समझा और "उज्ज्वला योजना" के तहत साढ़े सात करोड़ गैस सिलेंडर घर-घर देने का काम हमारे दल के नेताओं ने किया।

मुझे यह कहते हुए हर्ष हो रहा है कि शौचालय बनाने के काम से सबसे ज्यादा फायदा यदि किसी को हुआ है, तो वह हमारी मातृशक्ति बहनों को हुआ है। अभी प्रस्ताव रखते समय आदरणीय नड्डा जी कह रहे थे कि "स्वच्छता अभियान" के माध्यम से हमारे देश के 99 प्रतिशत शौचालय बने हैं, जिनका क्रियान्वयन हमारी बहनें बहुत अच्छे से कर रही हैं। मैं इस सदन के माध्यम से आदरणीय प्रधान मंत्री जी और उनकी पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई देती हूँ कि उन्होंने गरीबों के हित के लिए बहुत अच्छी योजनाएँ बनाईं। जिस तरह से "प्रधान मंत्री जन-धन योजना", "प्रधान मंत्री आयुष्मान योजना के तहत वर्ष 2022 तक 50 करोड़ परिवारों को स्वास्थ्य सुविधा देने का काम माननीय प्रधान मंत्री ने किया है, उसका सीधा क्रियान्वयन, उसका सीधा फायदा गरीब परिवारों के भाई-बहनों को मिल रहा है। इसके लिए मैं इस सदन के माध्यम से आदरणीय प्रधान मंत्री जी को बहुत-बहुत बधाई देती हूँ।

[श्रीमती सम्पतिया उइके]

3.00 P.M.

आपने एमएसपी की बात की थी, स्वामीनाथन रिपोर्ट की बात की थी। स्वामीनाथन जी ने यह कहा था कि लागत की दर से डेढ़ गुना पैसा मिलना चाहिए। तो क्या यह सच नहीं है कि लागत की दर को कम दिखा कर उसका डेढ़ गुना करके आपने एमएसपी बना दी है? Cost of production को कम कर दिया और कम कर दोगे, तो डेढ़ गुना दे सकते हो। मैं जानता हूं कि हमेशा ही कम करते रहे हैं। मैं 14वीं लोक सभा में चार साल एग्रीकल्चर कमेटी का Chairman रहा हूं। मैंने CACP के Chairman को अलग से बुलाकर पूछा कि ईमानदारी से बताओ कि लागत कैसे निकालते हो? वे बोले साहब, आप हमारी गर्दन क्यों कटाना चाहते हो? लागत तो बहुत ज्यादा है, लेकिन कम इसलिए दिखाते हैं कि हम एम.एस.पी. नहीं दे पायेंगे, गवर्नमेंट के निर्देश ऊपर से हैं, कृषि मंत्री जी के हैं। आपने स्वामीनाथन कमेटी की बात कही है। स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट कांग्रेस के जमाने में आ गई थी, आपने उसको धूल में से झाड़-पोंछकर निकाला और उसकी डेढ़ गुना कीमत दे दी। नड्डा साहब, आप तो अच्छे आदमी हैं, हमारे इनके साथ अच्छे रिश्ते रहे हैं। मैं हैल्थ कमेटी का चेयरमैन रहा हूं और ये हैल्थ मिनिस्टर रहे हैं। हमने आपकी वर्किंग देखी है। अब तो आप और भी बड़े आदमी हो गए हैं, लेकिन full fledged हो जाएं, मेरी तो कामना यही है।

उपसभापति महोदय, राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण के पैरा 19 में लिखा है कि तालाबों और झीलों पर घर बन गए और जल-स्त्रोतों के लुप्त होने से गरीबों के लिए पानी का संकट

बढ़ गया। आपको मालूम है कि जब लगातार जल-स्तर गिरने लगा, तो किसी ने सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दाखिल की और उसके आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि 1952 के बाद जितने तालाबों के पट्टे हुए हैं, उन सब को निरस्त किया जाता है और सरकारों को निर्देश दिए कि उन जलाशयों को ज्यों का त्यों फिर से पुनर्जीवित किया जाए। क्या ऐसा किसी सरकार ने किया है? क्या केन्द्र सरकार ने इस आदेश की मॉनिटरिंग की है? क्योंकि जल संकट को रोकने के लिए, उसको टालने के लिए एक मात्र उपाय यही है कि वर्षा के जल को इकट्ठा करें, उसका संचयन करें। इसके अलावा हमारे पास कोई रास्ता नहीं है। क्या हम कहीं से पानी बनाकर ले आयेंगे! वर्षा का जल जो नदियों, नालों से होकर समुद्र में चला जाता है, आप उसको रोकने का काम कीजिए और यह काम जलाशयों के जरिए ही हो सकता है। अब जलाशयों के ऊपर मकान बन गए हैं।

महोदय, मैंने एक बार मैनपुरी के जिलाधिकारी से कहा, क्योंकि हमारे घर की बगल में ही मैनपुरी जिला है, हमारे घर की और मैनपुरी जिले की सीमा में दो मिनट की दूरी है। मैंने कहा कि मैं यहां इंटरमीडिएट में पढ़ा हूं, यहां पर चारों तरफ तालाब ही तालाब हुआ करते थे, अब सभी में मकान बन गए, तालाब कहां चले गए! मैंने उनसे कहा कि आप इन तालाबों की जांच कराइये। सुप्रीम कोर्ट का फैसला है, आप तालाबों को नक्शे में देखिए कि वे कहां-कहां पर थे। उन्होंने जांच के लिए एस.डी.एम. को भेजा। एस.डी.एम. साहब वहां पर गए, वे सब कुछ देख आए और जिनके घर टूटने वाले थे, सबने उनको पैसे दे दिए और वे लौट गए। जब-जब लोग शिकायत करते हैं, तब-तब एस.डी.एम. करोड़पति हो जाता है और बिना कुछ कार्रवाई किए हुए ही चला जाता है।

सर, यह सुप्रीम कोर्ट का आदेश है। आप इसको मंगवा कर देख लीजिए। जब तक आप जलाशयों को सुरक्षित नहीं रखेंगे, तब तक पानी की समस्या हल नहीं होगी। राजस्थान में पानी की कमी होती थी, लेकिन उन्होंने अपनी पुरानी पोखरों को साफसुथरा करके ठीक कर लिया है। भूपेन्द्र जी, ऐसा किया है या नहीं किया है? वहां पर अब उतनी पानी की कमी नहीं हो रही है, जितनी कमी हमारी तरफ है, उत्तर प्रदेश की तरफ है, बिहार की तरफ है।

एक माननीय सदस्य बुंदेलखंड की बात कर रहे थे। बुंदेलखंड मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश दोनों ही राज्यों में है, लेकिन जल को रोकने की कोई व्यवस्था नहीं है। वहां पर चैक डैम भी बनाते हैं, लेकिन इन्द्रदेव की कृपा से एक बार बारिश अच्छी तरह से हो जाती है, तो वे टूट जाते हैं और पानी बहकर चला जाता है। वहां पर पानी रुक ही नहीं पाता है। मुझे याद है कि एक बार चिदम्बरम साहब वित्त मंत्री थे और उन्होंने बजट भाषण में कहा था कि जलाशयों के लिए वे अलग से प्रोविजन करेंगे, ताकि नये जलाशय भी बन सकें और पुराने जलाशयों का जीर्णोद्धार हो सके और जो जल-स्तर गिर रहा है, जो संकट पानी का आने वाले दिनों में है, उसको रोका जा सके। हम तब से देख रहे हैं कि कब इस पर पूरी तरह से अमल होगा। इस पर अमल हुआ, तो मालूम है कैसे हुआ, पैसा दिया किसी ने चैक तो किया नहीं, तालाब सिर्फ वहां बन सकता है, जहां पर नेचुरल ढाल हो और पानी इकट्ठा हो। तालाब ऐसे नहीं बनता कि यहाँ तो पानी आ सकता है, यहाँ पीछे से यहाँ आ जाएगा, तालाब यहाँ बन सकता है आदि आदि। लेकिन आप तालाब यहाँ बनाने के बजाय, पीछे वाली चेयर है, जो ऊपर है, वहाँ बना देंगे, तो क्या बारिश का पानी वहाँ चला जाएगा? नहीं जा सकता है। यही हुआ। सारा पैसा खा

[प्रो. राम गोपाल यादव]

गए, तालाब एक भी नहीं बना। पुराने तालाबों को बचाने की कोशिश नहीं की। आज़ाद साहब Cooperative federalism पर बहुत बढ़िया बात कह चुके हैं, मैं इस पर कुछ नहीं कहूंगा। 25वें पैराग्राफ में यह कहा गया है कि वर्ष 2022 तक देश के किसान की आय दुगनी हो सके, इसके लिए पाँच वर्षों में अनेक कदम उठाए गए हैं। एमएसपी में बढ़ोतरी और so on..जाने कौन-कौन से भाव। एक तो जो आप दो, दो हजार रुपये... यानी छह हजार रुपये सालाना दे रहे हैं, उस संदर्भ में बताना चाहता हूं कि अब देश में ज्यादातर छोटे किसान हो गये हैं, सीमांत किसान हो गये हैं यानी कि मार्जिनल फार्मर। अगर हम यह मान लें कि उसके पास 1 एकड़ जमीन है, तो मैंने हिसाब लगाया है कि हमारे यहाँ छोटे किसान के पास ट्रेक्टर तो होता नहीं है, वह इसको किराये पर लाता है, वह डीज़ल सहित 900 रुपये प्रति घंटे के हिसाब से ट्रैक्टर लाता है और 1 एकड़ में हमारे यहाँ पाँच बीघा होता है, यानी उसकी जुताई का एक बार का 4500 रुपये हो गया। यह एक बार से नहीं होता है, उसको कम-से-कम दो बार तो जोतना ही पड़ता है, तब कोई चीज बोई जाती है। 1 एकड़ में एक बोरी यूरिया, जो 450 रुपये की आती है, एक बोरी डीएपी, जो 1250 रुपये की आती है, 1700 रुपये की खाद हो गई। 500 रुपये के ऑन एन एवरेज पेस्टिसाइड्स हो गए। अगर गेहूं की खेती है, तो 75 किलो गेहूं एक एकड़ में पड़ता है। वैसे तो गेहूं 17 रुपये किलो मिल जाता है, लेकिन बीज के लिए महंगा होता है, 22 रुपये किलो मिल रहा है। इस तरह से 1650 रुपये का यह हो गया। ट्यूब वेल वाला 70 रुपये प्रति घंटे के हिसाब से पानी देता है और पाँच घंटे में वह 1 एकड़ जमीन को सींच पाता है। चार बार गेहूं के खेत को पानी देना पड़ता है, इस तरह से 20 घंटे हो गए। इस तरह से पानी के 1400 रुपये हो गए। यह सब खर्च मिलाकर हो गया 9750 रुपये। इसमें किसान की, जो मेहनत वह खुद करता है, उसके बाल-बच्चे जो काम करते हैं, उसकी लैंड की जो रेंटल वेल्यू है, ये सब उसमें नहीं जोड़ी गई है। यह 9750 रुपये केवल एक फसल का है। अगर वह और कोई दूसरी फसल लगाना चाहे, और वह करेगा ही, क्योंकि एक फसल से तो काम चलता नहीं है, तो किसान का एक साल में 6000 रुपये से क्या हो जाता है? अभी आप यह जो 6,000 रुपये का झुनझुना दे रहे हैं, उससे क्या हो जाएगा? ...(**व्यवधान**)... भूपेन्द्र जी, वकीलों वाली बात मत करो, मैं reality वाली बात कर रहा हूं, reality वाली ...(**व्यवधान**)...

श्री भूपेन्द्र यादव (राजस्थान): देश में पहली बार इस तरह का कुछ हुआ है।

प्रो. राम गोपाल यादव: चलिए, आपकी वह बात ठीक है, वह तो ठीक है, लेकिन आप यह देखिए कि क्या स्थिति है। यह बताइए कि वे कौन से अर्थशास्त्री हैं, जिन्होंने यह कह दिया है कि हम 2022 तक दुगुनी आय कर देंगे? ये कौन से अर्थशास्त्री हैं? किसान की पर कैपिटा इनकम बढ़ाने के लिए, दुगुनी आय करने के लिए एग्रीकल्चर की जीडीपी का ग्रोथ रेट कम-से-कम अगर 10 परसेंट हो और 2 परसेंट हमारी population बढ़ जाती है, तो 12 साल में दुगनी आय हो सकती है, लेकिन मेरी समझ में नहीं आता है कि आपके जो सलाह देने वाले सचिव हैं, वे कौन हैं? मैं फिर कहना चाहता हूं..गोस्वामी तुलसीदास जी ने कहा है..। सर, आप तो बहुत विद्वान हैं, आप जानते हैं कि मैं क्या कह रहा हूँ।

"सचिव बैद गुरु तीनि जौं प्रिय बोलहिं भय आस।
राज धर्म तन तीनि कर होइ बेगिहीं नास।।"

अगर सचिव राजा के डर की वजह से सही राय नहीं देगा और गलत राय देने लगेगा, तो राज्य का नाश होना तय है। वे कौन-से अर्थशास्त्री हैं, जो यह कहते हैं कि सन् 2022 तक दोगुनी आमदनी हो जाएगी? आप कहाँ से ऐसे लोगों को पकड़ कर ले आए? ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः प्रोफेसर साहब, आप बोलिए।

प्रो. राम गोपाल यादवः फूड प्रोसेसिंग की भी बात की गई। पिछले दो साल के कोई आँकड़े नहीं आए हैं, लेकिन 50-60 हजार करोड़ रुपए के फल, सब्जी, माँस हर साल सड़ जाते हैं। 50 हजार करोड़ रुपए! फूड प्रोसेसिंग के अभाव में। अब तो हो सकता है कि यहाँ 3 या 4 परसेंट फूड प्रोसेसिंग हो गई। आज से 7-8 साल पहले यह दो परसेंट थी। यह ब्राजील में 80 फीसदी है, अमेरिका और ब्रिटेन में 60-70 परसेंट के आस-पास है। इसीलिए आपने देखा होगा कि आप लोग जो सेब खाते हैं, सब विदेश से आते हैं। हिन्दुस्तान का सेब कश्मीर से लेकर हिमाचल प्रदेश तक का इतना बढ़िया होता है, लेकिन वह ज्यादा दिनों तक नहीं रह सकता, क्योंकि उसमें फ्रक्टोज़ वगैरह बन जाता है और वह भुरभुरा सा हो जाता है। वह रसीला नहीं रहता, लेकिन बाहर का सेब रसीला रहता है। फूड प्रोसेसिंग सबसे महत्वपूर्ण है, जो बहुत बड़ा काम कर सकती है। मैंने देखा है, मैं जब संभल से लोक सभा का एमपी था, जावेद भाई वहीं के रहने वाले हैं, तो हमारे क्षेत्र में एक ऐसा इलाका है, जहाँ बड़े पैमाने पर टमाटर होता है। मैं एक दिन जा रहा था, तो मैंने देखा कि कई जगह टमाटर सड़क के किनारे पड़े हुए थे। मैंने लोगों से पूछा कि ये यहाँ क्यों पड़े हुए हैं, तो उन्होंने कहा कि कोई खरीदने वाला नहीं है, ये खराब हो जाएँगे, इसलिए हमने इनको फेंक दिया, तो जानवर खा रहे हैं। तब मैंने एग्रीकल्चर कमिटी और सब लोगों से पूछा, रिपोर्ट माँगी। Documentary evidences हैं, सारे तथ्य हैं, उस वक्त 50 हजार करोड़ रुपए के फल वगैरह सड़ जाते थे। लेकिन इसका न तो कोई बजट है और यह एक बिल्कुल छोटा सा विभाग है, जिस मंत्री को दे दें, वही अपना मुँह टेढ़ा कर लेता है कि यह विभाग दे दिया, इसमें कुछ है ही नहीं। कोई काम नहीं हो पा रहा है।

आपने कहा कि जन-धन योजना के अन्तर्गत 91 हजार करोड़ रुपए जमा हो गए। इसमें सरकार ने कितना जमा किया है? इस 91 हजार करोड़ रुपए में सरकार का क्या contribution है, I want to know. Not a single pie.

श्री उपसभापतिः प्रोफेसर साहब, आपकी पार्टी के पास और दो मिनट समय है, आप कृपया समाप्त करें।

श्री आनन्द शर्मा (हिमाचल प्रदेश)**:** डिबेट का टाइम बढ़ाना चाहिए।

श्री उपसभापतिः आपकी सहमति से जो Business Advisory Committee ने तय किया है, मुझे उसे स्पष्ट रूप से follow करने का निर्देश है।

प्रो. राम गोपाल यादवः बड़ी पार्टियाँ हमें थोड़ा-बहुत टाइम दे दें। मैं ज्यादा नहीं कहूँगा, लेकिन ये जो बातें हैं, मैं यह दिखा रहा हूँ, लोग समझते नहीं हैं। देश के भोले-भाले लोग नहीं समझ पा रहे हैं, इन्होंने इतनी बड़ी राशि बता दी, 91 हजार करोड़ जन धन खातों में जमा हो गए। सरकार का एक पैसा नहीं है। हम अपने एकाउंट में पैसा जमा कर रहे हैं, तो यह हमारा पैसा है, तुम्हारा क्या है? एक पैसा नहीं।

[प्रो. राम गोपाल यादव]

आपने 'आयुष्मान भारत' योजना के बारे में कहा। नड्डा साहब, मैं जानता हूँ कि यह बहुत अच्छी योजना है, लेकिन क्या आपके पास डॉक्टर्स हैं? बोलिए, कुछ नहीं, डॉक्टर-वॉक्टर कुछ नहीं, केवल कागज पर मामला चल रहा है, जितना चल रहा है, थोड़ा-बहुत चल रहा है। मैंने तो NMC Bill के ज़रिए बहुत कोशिश की थी। सारे मेम्बर्स खिलाफ थे, फिर भी सरकार की मंशा के अनुरूप मैंने रिपोर्ट दे दी थी कि अगर राज्य सरकारें चाहें, तो जो अन्य डॉक्टर्स हैं, उनको उसमें allow कर सकते हैं। लेकिन आप वह बिल ही नहीं लाए। आपके पास डॉक्टर हैं नहीं और आप 'आयुष्मान भारत योजना' के तहत सस्ती दवाइयां देने की बात कर रहे हैं। असली बात तो यह है कि आप जिसके लिए सस्ती दवाइयां देने की बात कर रहे हैं, वह गांव का आदमी तो तुलसी के पत्ते, अदरक, काली मिर्च का काढ़ा पीकर ठीक हो जाता है। हालांकि आपने एक अच्छी बात की थी कि stent और knee-joints replacement के लिए आपने पैसा कम कर दिया था, स्टेन्ट 28,000 और 8,000 का हो गया था और वे तीन-तीन लाख रुपये ले लेते थे। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः राम गोपाल जी, आपका समय खत्म हो गया है। कृपया अब आप कंक्लूड कर लें।

प्रो. राम गोपाल यादवः बस मुझे एक-दो मिनट का समय और लगेगा। अब कहा जा रहा है तमाम रोग खत्म हो गये फलां रोग खत्म हो गया, निमोनिया अब नहीं होता है, लेकिन आप देखिए कि हर दूसरे घर में एक आदमी को कैंसर है। इसमें आप क्या कर रहे हैं? World Health Organisation ने चेतावनी दी है कि अगर आपने दूध में मिलावट को नहीं रोका, तो अगले दस साल में हिंदुस्तान में पचास प्रतिशत लोग कैंसर रोग से पीड़ित हो जाएंगे। हिन्दुस्तान में केवल 18-20 लाख करोड़ लीटर प्रतिदिन दूध का उत्पादन हो रहा है, लेकिन खर्च हो रहा है 64 लाख करोड़ लीटर, तो बाकी का दूध कहां से आ गया? यह सब मिलावट का दूध है और इसी की वजह से कैंसर हो रहा है। इसकी रोकटोक के लिए, जांच के लिए कोई कार्यवाही नहीं है। Food Safety and Standards Authority of India बनी हुई है, लेकिन वह effectively काम कहां कर रही है? अभी तक राज्यों में उसकी यूनिट्स नहीं बन पाई हैं। चूंकि अब टाइम खत्म हो रहा है, इसलिए मैं एक चीज़ और कहना चाहता हूं। आपने बहुत कहा कि धुएं से आंखें खराब हो जाती हैं, लेकिन हमारी अम्मा, उनसे पहले उनकी मां, सब कोई पहले लकड़ी से ही रोटी बनाती थीं, 80-80, 90-90 साल की बूढ़ी हो गईं, लेकिन किसी की आंखें खराब नहीं हुईं। आप 'उज्ज्वला योजना' की बात कर रहे हैं। आपने एक सिलेंडर दे दिया, वह सही है, लेकिन क्या आपको मालूम है कि इनमें refill कितने हुए? 87 प्रतिशत सिलेंडर्स की refilling नहीं हुई। इसलिए ये सब केवल कागज़ी चीजें हैं।

मैं एक चीज़ और कहूंगा। आपने कहा कि देश में हर बहन-बेटी के लिए समान अधिकार सुनिश्चित हैं। क्या वास्तव में समान अधिकार सुनिश्चित हैं? रोज़ बलात्कार हो रहा है, घरों से उनका निकलना मुश्किल हो गया है, उसके बाद भी रिपोर्ट नहीं लिखी जा रही है। अभी ईद के अवसर पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने अगले पांच वर्षों में पांच करोड़ अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देने की घोषणा की थी, लेकिन राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में कहीं भी इसकी चर्चा नहीं की। हां, तीन तलाक की चर्चा जरूर कर दी, लेकिन जो कल्याण वाली

बात है, उसकी चर्चा नहीं की। आप जब जवाब दें, तब यह भी बताएं कि इस देश में पिछले पांच सालों में विभिन्न धर्मों के कितने लोगों ने अपनी पत्नियों को तलाक दिए हैं? कितने मुसलमानों ने तलाक दिए हैं, कितने हिन्दुओं ने दिए हैं और कितने तलाक बाकी धर्मों के लोगों ने दिए हैं? धर्म के आधार पर आप इस बात का जवाब दें। आंकड़े रख दीजिए और बता दीजिए, देश के सामने सारी स्थिति खुद ही आ जाएगी।

श्री उपसभापतिः प्रो. राम गोपाल जी, आप कन्क्लूड कीजिए, प्लीज़।

प्रो. राम गोपाल यादवः मैं केवल आधे मिनट में एक बात और कहूंगा। शौचालय बने, बहुत अच्छी चीज़ है, लेकिन क्या आप यह जानते हैं कि इन शौचालयों को इतने कम पैसों में बनाया गया है कि उसमें जो पानी और गंदगी जाती है, वह सब जमीन में percolate की जा रही है, जिससे आप ground water को pollute कर रहे हैं। आगे चलकर यह योजना महामारी को जन्म देने वाली है। आप इस योजना में पैसा बढ़ाइए। इन शौचालयों के कारण अब किसी भी गांव का पानी अब पीने लायक सुरक्षित नहीं रह गया है। यह योजना अच्छी है, लेकिन जब आप पैसा ही नहीं देंगे, जब नीचे RCC की कोई रोक नहीं होगी, तो सारा पानी जमीन में percolate कर जाता है। स्वास्थ्य मंत्री, डॉक्टर साहब पीछे बैठे हुए हैं। जब टैंक का गंदा पानी ground water में percolate कर जाएगा, तो क्या फिर शुद्ध पानी मिल सकता है? आप शुद्ध पानी कहां से ले आएंगे? आप कहाँ से लायेंगे? वहाँ पर आपका नल लगेगा, कुआँ होगा, कुछ भी होगा, सबका पानी दूषित हो जाएगा।

श्री उपसभापतिः प्रो. राम गोपाल जी, आप कृपया समाप्त कीजिए।

प्रो. राम गोपाल यादवः बस, मैं इसी बात पर खत्म करूँगा।

इसलिए मैं यह कहता हूँ कि देश की जनता को, इस भोली-भाली देश की जनता को गुमराह मत करिए। उनको वास्तव में धरातल पर न्याय देने के लिए, लाभ पहुंचाने के लिए यह सरकार काम करे। इन्हीं शब्दों के साथ, मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदय ने यहां जो अभिभाषण दिया, उस पर आपने जो प्रस्ताव रखा है, उसका मैं समर्थन करता हूँ।

MESSAGES FROM LOK SABHA

(I) Regarding Nomination of Ten Members to Committee on Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes

(II) Regarding Nomination of Seven Members to Committee on Public Accounts

(III) Regarding Nomination of Seven Members to Committee on Public Undertakings

SECRETARY-GENERAL: I have to report to the House the following messages received from the Lok Sabha signed by the Secretary-General of the Lok Sabha:–

(I)

"I am directed to inform you that Lok Sabha, at its sitting held on Monday, the 24th June, 2019, adopted the following motion:–

> "That this House do recommend to Rajya Sabha that Rajya Sabha do agree to nominate ten members from Rajya Sabha for being associated with the Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes of the House for the term ending on the 30th April, 2020 and do communicate to this House the names of the members so nominated by Rajya Sabha."

2. I am to request that the concurrence of Rajya Sabha in the said motion, and also the names of the members of Rajya Sabha so nominated, may be communicated to this House."

(II)

"I am directed to inform you that Lok Sabha, at its sitting held on Monday, the 24th June, 2019, adopted the following motion:–

> "That this House do recommend to Rajya Sabha that Rajya Sabha do agree to nominate seven members from Rajya Sabha for being associated with the Committee on Public Accounts of the House for the term ending on the 30th April, 2020 and do communicate to this House the names of the members so nominated by Rajya Sabha."

2. I am to request that the concurrence of Rajya Sabha in the said motion, and also the names of the members of Rajya Sabha so nominated, may be communicated to this House."

(III)

"I am directed to inform you that Lok Sabha, at its sitting held on Monday, the 24th June, 2019, adopted the following motion:–

> "That this House do recommend to Rajya Sabha that Rajya Sabha do agree to nominate seven members from Rajya Sabha for being associated with the Committee on Public Undertakings of the House for the term ending on the 30th April, 2020 and do communicate to this House the names of the members so nominated by Rajya Sabha."

2. I am to request that the concurrence of Rajya Sabha in the said motion and also the names of the members of Rajya Sabha so nominated, may be communicated to this House."

———

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS — *Contd.*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri S. R. Balasubramoniyan. Your party has three speakers and the total time for your party is thirty-eight minutes. So, please keep in mind the time constraint.

SHRI S. R. BALASUBRAMONIYAN (Tamil Nadu): Sir, I will bear in mind the time-limit.

Mr. Deputy Chairman, Sir, the election schedule for 542 Lok Sabha Constituencies and also for Assembly elections for a few States was announced on 10th March, 2019. The elections were conducted in seven phases from 1st April, 2019 to 19th May, 2019. The State of Tamil Nadu went to polls in the second phase, on 18th April, 2019. After that there were five more phases. I fail to understand the need for so many phases and so much time span for these elections. The counting for all Constituencies took place on 23rd May, 2019. Out of 542 seats, the BJP got 303 seats and the NDA got 353 seats. It was a commendable performance. I take pride in congratulating our hon. Prime Minister for this achievement. My concern here is that the elections were conducted in seven phases, spanning over two months period of time. This was not only a laborious job for the Election Commission, but it was a time-consuming process too. It involved heavy expenditure too.

After the elections and till 23rd May, 2019, the EVMs were kept under guard for nearly 44 days. This not only gave room for suspicion and rumours, apart from anxiety amongst candidates, voters, and political parties, not to mention expenditure incurred during the whole process. The conduct of elections in seven phases could have been avoided and a lot of time and money could have been saved. My suggestion here is that too long an election schedule should compulsorily be avoided in future.

(THE VICE-CHAIRMAN, SHRI T. K. RANGARAJAN, *in the Chair*)

SHRI S. R. BALASUBRAMONIYAN: Then, there is a mention about Electronic Voting Machines (EVMs). So many concerns were expressed, but nobody was in a position to prove anything. But, of late, there have been a number of demonstrations, especially by a political party in Delhi. It was seen by many people and were convinced that it can be tampered with even at the booth level. It can be tampered with at the booth level. If it can be tampered with at the booth level, what will happen? This is the position, Sir, as far as this issue is concerned. Sir, even advanced countries, many other democracies, have only ballot paper system. Here also, we had ballot paper system for a long time. But, all of a sudden, we have switched over to Electronic Voting Machines. Now, we are following the same system. But it

[Shri S. R. Balasubramoniyan]

is bitter. For example, all the major democracies — the United States of America, the United Kingdom, France, Germany — all these countries have only ballot paper system. In Germany, of course, it was tried once but the Supreme Court declared it unconstitutional. After that, they have gone back to the old system, that is, the ballot paper system. In the same way, we must also go back to the ballot paper system. That is my suggestion, and, I think, it will receive proper attention.

My next point is about the simultaneous elections to Parliament as well as the State Assemblies. That finds a place in the President's Address. Simultaneous elections, whether it will be possible, or whether it can be held like that; I don't understand how far it is feasible. I am saying this because all the reports so far given on this issue are that it is not practicable – it is impracticable –, whether it is by the political parties or anybody who knows about the elections. We have tried this before. After the Constitution came into existence, for the first time, elections were held in 1952. In 1952, elections were held to the Parliament as well as all State Assemblies. It was a simultaneous election. Again, even after the Government fell in between, at that time, in 1957 also, we had simultaneous elections to Lok Sabha as well as Assemblies. After 1957 also, not much immediately, thereafter, at least, in two States the Government of the day had to be dismissed, but they were not in a position to fight it. But, again, in 1962, we had simultaneous elections. After that, slowly, there were bickerings. Some State Assemblies were dissolved between 1962 and 1967. At least, two Assemblies had to be dissolved. After that, from 1967, a number of State Assemblies were to be dissolved. They were not in a position to avoid elections. There were elections to many States; not one State, but in many States, there were elections. In the Northern belt, there were many and in South also, we had elections. So, now, will it be possible to have elections? It is not possible because we have had elections to Parliament in 2019. Tamil Nadu will go to polls in 2021. Many other States will go to polls in 2022, 2023, etc. Parliament elections will be held in 2024. So, will it be possible? It will not be possible, as far as I am concerned. In a feasibility report presented to Rajya Sabha, in 2015, the Parliamentary Standing Committee on Personnel, Public Grievances, Law and Justice felt that simultaneous elections to Lok Sabha and State Legislative Assemblies is a cost-effective and noble proposal, but difficult to implement because of our constitutional arrangement. So, it clearly says, it is not practical, it is not possible and it cannot be held like that. The CPI, a political party, has passed a resolution, of course, after due deliberations, as far as I know, and it feels that this idea is not practical. "There will be mid-term polls in States due to political

instability in States. The terms of such legislative assemblies cannot be reduced to have simultaneous elections to Legislative Assemblies and Parliament. It will be undemocratic. There is a possibility of mid-term polls to Parliament also due to ruling party losing majority, as it has happened earlier. To conduct simultaneous elections, all the legislative assemblies cannot be unilaterally abolished for no fault of theirs." So, as far as this issue is concerned, this is the position. Therefore, I don't think there is any possibility of having simultaneous elections both to Parliament as well as the Assembly. It is not practical. It is impractical. That idea may be given up at this stage.

Now, I want to say a few words in regard to our State. That's all. Funds which have to be given to States must be given in time. The Central Government owes thousands of crores of rupees to Tamil Nadu. Every time, the Ministers come to Delhi, the Chief Minister comes to Delhi, the Deputy Chief Minister comes to Delhi and other Ministers also visit Delhi. They meet the Ministers, they meet the Prime Minister, the Finance Minister, every one, and they are pleading that the amount should be sent as early as possible. And even in Parliament, we have raised it several times that the Central Government owes thousands of crores to Tamil Nadu. It has to be given at the earliest. If it is not given at the earliest, what will happen is that the implementation of the Schemes will definitely suffer. So, under these circumstances, I wish to appeal to the Central Government to release the funds as early as possible and to see that the States' Schemes do not suffer. They must have sufficient funds in hand so that they can implement the Schemes. So, it must be implemented as early as possible and it must be sent as early as possible. Thank you.

श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय नड्डा जी राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद देने के लिए प्रस्ताव लाए हैं, मैं उसके समर्थन में खड़ा हुआ हूँ। किसान का मुद्दा सबसे महत्वपूर्ण है, जिस पर सभी लोगों ने चर्चा की है। मैं इसी पर अपनी बात रखना चाहूँगा। सरकार की योजना है कि सन् 2022 तक किसान की आमदनी को दोगुना करें। यह एक बहुत अच्छी सोच है। मेरा सरकार को सुझाव होगा कि इसमें यह स्पष्ट होना चाहिए कि किसान की परिभाषा में कौन-कौन से किसान सम्मिलित हैं। वे किसान, जिनके नाम से जमीन है या वे किसान, जो बटाईदार हैं। मेरा सुझाव होगा कि किसान की परिभाषा में इन दोनों को रखा जाना चाहिए। दूसरी बात जो कही जा रही है कि इनकी आमदनी दोगुनी होगी। इसमें clear cut quantification होना चाहिए कि आमदनी कितनी होगी। यह स्पष्ट होना चाहिए कि आज किसानों की आमदनी कितनी है और सन् 2022 तक कितनी होगी। जब हम इसका 2022 में evaluation करेंगे, तो हम लोग इसे पूरी ईमानदारी से कर पाएंगे।

मैं सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूँ कि पहली बार एक सोच बनी कि किसानों को सीधे एक सम्मान निधि के रूप में छः हजार रुपए दिए जा रहे हैं। अपने अभिभाषण

[श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह]

में राष्ट्रपति महोदय ने कहा है कि अब तक देश में जो कृषि नीति रही है, वह उत्पादन प्रेरित रही है, production oriented रही है। अब पहली बार किसानों की आय को केन्द्र में रखकर यह नीति बनाई गई है। यह छः हजार रुपए की जो सोच है, इसमें अभी राशि कम जरूर है, लेकिन यह सोच पहली बार बनी है कि किसानों को सीधे-सीधे कुछ राशि दी जाए। पहले सिर्फ सोच हुआ करती थी कि किसान production करे, हम उसे एमएसपी दें, जिससे उनको लाभ मिले। जहाँ तक Minimum Support Price की बात है, इसकी खूब चर्चा हुई है कि हम अपने production की cost से डेढ़ गुना ज्यादा देंगे। मेरा आपसे अनुरोध होगा, अभी प्रो. राम गोपाल यादव जी भी बोल रहे थे कि जब भी सीएसीपी रिपोर्ट जारी करती है, उसमें यह भी स्पष्ट कर देना चाहिए कि किसी भी फसल के लिए cost और production कितना है। यह किसानों को बहुत ही स्पष्ट रूप से पता होना चाहिए।

महोदय, निश्चित रूप से किसानों के लिए एक और योजना की शुरुआत की गई है और वह किसानों के लिए पेंशन है। यह बहुत अच्छी सोच है। आज आप देखें कि हमारे जितने भी सरकारी कर्मचारी हैं, हमारे जवान हैं, वे देश के लिए काम करते हैं और उनकी 60 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद उनको पेंशन दी जाती है। आप किसान को देखें। जब हमारा देश आज़ाद हुआ था, तब हम लोग बाहर से खाद्यान्न लाते थे, हमारे देश में इतनी उपज नहीं होती थी। किसानों ने अपनी मेहनत से हमारे देश में इतना उत्पादन किया कि हमारा देश आज आत्मनिर्भर है। जब किसान 60 साल से ऊपर के हो जाते हैं, तो उनको भी पेंशन मिलनी चाहिए, यह सरकार की जो सोच है, उसके लिए मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूँ। इसमें मेरा एक सुझाव होगा कि उनके लिए जो पेंशन रखी गई है, वह contributory पेंशन रखी गई है और इसको नीचे स्तर पर लागू करने में बहुत परेशानी होगी। हमारे बिहार में भी यह किया गया है कि हमारे यहाँ 60 साल से ऊपर के जितने भी लोग हैं, चाहे उनका नाम एपीएल में हो या बीपीएल में हो, उन सबको पेंशन दी गई है। उसमें एक और फायदा यह है कि उसमें किसानों को अपनी तरफ से contribution नहीं करना पड़ेगा और न ही उनको किसी इंश्योरेंस कंपनी के पास जाना पड़ेगा। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध होगा कि जो "किसान पेंशन योजना" है, उसको आप re-look करें और जिस प्रकार से ओल्ड-एज पेंशन, विडो पेंशन आदि की व्यवस्था है, उसी प्रकार इसको भी सीधे-सीधे किसानों को दिया जाए, जिससे किसानों को निश्चित रूप से फायदा होगा।

मैं एक अन्य सुझाव देना चाहूँगा और इसमें सरकार का कोई खर्च भी नहीं होगा। आज "मनरेगा" के तहत पूरे देश में सभी पंचायतों को धनराशि भेजी जाती है और उसमें जितने तरह के काम होते हैं, उसमें उनका जिक्र किया जाता है। मेरा अनुरोध होगा कि "मनरेगा" में जो अनुमन्य काम हैं, उसमें जितने भी authorized works हैं, उनमें प्राइवेट किसान, जो कि खेती करते हैं, उनको भी जोड़ा जाए। उससे यह फायदा होगा कि आज सरकार हर एक पंचायत में लेबरर्स के लिए जो पैसे भेजती है, उसका कई जगह दुरुपयोग होता है, बहुत-सी जगहों पर फर्जी मस्टर रोल बनता है, उससे भी मुक्ति मिल जाएगी और किसानों का लेबरर्स पर जो खर्च होता है, उसकी पेमेंट भी "मनरेगा" से हो जाएगी। इससे सरकार को भी फायदा होगा और किसानों को भी फायदा होगा, क्योंकि लेबर कॉस्ट में जो बचत होगी, उससे उनको सीधा-सीधा फायदा होने वाला है। मेरा यही सुझाव है।

एक बात, जो कि बहुत जरूरी है, वह यह है कि किसान भी बार-बार इस बात की चर्चा करते हैं कि जितनी भी सेवाएँ हैं, जो भी काम है, उन सबमें आमदनी की मिनिमम गारंटी हो, किसानों के लिए यह भी तय किया जाना चाहिए। इसके लिए एक कमिटी बनाई जानी चाहिए कि किसानों की भी अगर एक एकड़ जमीन है, आधी एकड़ जमीन है, तो वे भी आश्वस्त हों कि हमको साल में अपनी जमीन से कितनी मिनिमम आमदनी होगी, कितनी guaranteed income होगी। आज क्लास फोर के employees को 18 से 20 हज़ार रुपये मिलते हैं, लेकिन हमारे किसानों के पास अगर पाँच एकड़ भी जमीन है, तो वे इस बात के लिए आश्वस्त नहीं हैं कि अगर इस साल हमारी इतनी आमदनी हुई है, तो अगले साल कितनी आमदनी होगी। इस तरह से किसानों को आश्वस्त करना पड़ेगा। किसान, जिनके लिए सरकार भी चाहती है और सब लोग भी यह चाहते हैं कि उनका भी भविष्य उज्ज्वल हो और खासकर खेती का जो पेशा है, वह लाभकर हो, लोग उसमें लगें, तो इन सब चीज़ों को अगर लागू किया जाएगा, तो किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी और कृषि का पेशा भी अच्छा होगा।

एक और बात, जिसे मैं सबके सामने रखना चाहूँगा, वह यह है कि आज देश में जितनी भी स्टेट्स हैं, सब जगह विकास एक समान तरीके से नहीं हुआ है, उनमें disparities हैं, जिसके historical reasons भी हैं। अब समय आ गया है कि इस प्रकार के जितने राज्य हैं, जहाँ बहुत तरह की परेशानियाँ हैं, उनके बारे में सोचा जाए। जैसे हमारा बिहार राज्य है, वह एक land-locked State है। हमारे यहाँ हमेशा बाढ़ आ जाती है। ऐसे राज्यों के लिए अलग से जरूर व्यवस्था होनी चाहिए। हम लोग विशेष राज्य के दर्जे की माँग करते रहे हैं। हम लोग और चीज़ों की भी मांग करते रहे हैं। सरकार को इस पर निश्चित रूप से एक नीति बनानी होगी कि आज भी ऐसे राज्य, जो विकास के मानक में राष्ट्रीय औसत से पीछे हैं, उनके लिए अलग से योजनाएँ बनाई जाएं, जिससे कि आगे चलकर वे भी अन्य राज्यों के बराबर विकास कर सकें और पूरे देश का समग्र विकास हो सके। इस पर चिन्तन किया जाना चाहिए और ऐसे राज्यों के लिए अलग से व्यवस्था की जानी चाहिए।

मैं एक और बात के लिए सरकार को बधाई देना चाहूँगा। यहाँ ऊर्जा मंत्री भी बैठे हुए हैं। मैं बताना चाहूँगा कि आज बिहार जैसे प्रदेश में सभी घरों में बिजली पहुंचा दी गई है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह सोच थी, लेकिन कोई समझता नहीं था कि यह संभव है, लेकिन यह हो गया। इसके बाद सरकार की जो सोच आयी है कि हर एक घर को पाइप्ड वाटर सप्लाई से जोड़ेंगे और हर एक घर को नल का जल देंगे, यह भी बहुत अच्छी सोच है। अगर हर एक घर में स्वच्छ पानी की व्यवस्था हो जाएगी, जिसके लिए सरकार संकल्पित है कि वर्ष 2024 तक करेंगे तो निश्चित रूप से हमारे ग्रामीण इलाकों के लोगों के जीवर-स्तर में सुधार आएगा। हमने अभी बिहार में देखा है, चूंकि हमारे यहां यह स्कीम अभी लागू की गई है। इसमें ये परेशानियां आ रही हैं कि धीरे-धीरे कई जगहों पर हमारा ग्राउण्ड वाटर डिप्लीट हो रहा है, साथ ही चूंकि ग्रामीण इलाकों में इसकी चर्चा भी हो रही थी कि पहले जो ड्रेनेज सिस्टम था, जितने तालाब व पोखर थे, सब भर दिए गए हैं तो ग्रामीण इलाकों में जल निकासी की भी समस्या हो रही है। इसको यदि आप पूरा का पूरा प्रॉस्पैक्टिव के रूप में लेंगे तो निश्चित रूप से हमारे ग्रामीण लोगों के जीवन में सुधार आएगा। इसके साथ ही एक और जो सबसे महत्वपूर्ण, जो आपने 10 परसेंट आरक्षण की व्यवस्था लागू की, आपने हमारे सामान्य श्रेणी के गरीब बच्चों को आरक्षण दिया।

[श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह]

इसमें मेरा अनुरोध होगा कि आज की तारीख में जो आरक्षण है, वह एससी, एसटी के लोगों को मिलता है, हमारे ओबीसी के क्रीमी लेयर के बच्चों को मिलता है और जो अपर कास्ट के इकोनॉमिकली बैकवर्ड बच्चे हैं, उनको भी मिलता है। आज जितनी भी परीक्षाएं होती हैं, उसमें जो उनको अटेम्प्ट दिए जाते हैं, हमारे जनरल के बच्चों के लिए 32 साल उम्र है, तो जो हमारे ओबीसी के बच्चे होते हैं उनको 5 साल की छूट मिलती है और जो हमारे एससी, एसटी के बच्चे हैं उनके ऊपर कोई सीमा नहीं होती है। मेरा अनुरोध होगा कि अब चूंकि बच्चों में सबको आरक्षण दिया गया है तो ये जो सीमा है, इसको समाप्त कर दिया जाना चाहिए। सुझाव यह है कि आज जब यूपीएससी की परीक्षा है, आप 21 साल से लेकर 32 साल तक आयु सीमा रखते हैं और 40 साल तक भी ले जाते हैं। अब इसको समाप्त कर दीजिए। वह बैन रखिए, 20 से 40 जो भी रखना है, जिससे किसी भी बच्चे के मन में इस प्रकार का तनाव नहीं होगा, उनको फीलिंग नहीं आएगी कि मैं चूंकि इस समाज से हूं इसलिए मुझे इतनी ही उम्र तक देना है। अगर हमारे क्रीमी लेयर के ओबीसी के बच्चे, हमारे एससी, एसटी के बच्चे 40 साल की उम्र में सेवा में आ रहे हैं तो जो नॉन-क्रीमी लेयर के बच्चे ओबीसी में हैं और जो सामान्य श्रेणी के हमारे बच्चे हैं, उनको भी कम-से-कम एज का लाभ मिलना चाहिए। इससे जो बच्चों में परीक्षा देने के समय में एक तनाव होता है, वह समाप्त हो जाएगा। इसको लेने में सरकार का कोई खर्चा भी नहीं आएगा।

महोदय, एक बात और मैं कहना चाहूंगा चूंकि लोकतंत्र में यह सबसे अच्छी चीज़ होती है कि career open to talent, अगर आपके पास मेधा है तो आप कहीं भी जा सकते हैं, लेकिन आज भी इस देश में judiciary में देखिए। आज हमारे यहां सेंट्रल सर्विसेज़ में इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस, इंडियन पुलिस सर्विस, इंडियन फॉरेस्ट सर्विस है आदि हैं, लेकिन judiciary में कई बार लॉ कमीशन की रिपोर्ट और कई बार इसके प्रस्ताव आए हैं, यहां पर भी हमने कई बार चर्चा की है। आज तक ऑल इंडिया जूडिशियल सर्विस की स्थापना नहीं हुई। मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि आपने इतने अच्छे-अच्छे निर्णय लिए हैं, ये भी निर्णय लिया जाए और तत्काल इस देश में ऑल इंडिया जूडिशियल सर्विस की स्थापना की जाए। इससे फायदा यह होगा कि जितने हमारे देश में बच्चे हैं, आज हमारे देश में एक से एक अच्छे लॉ कॉलेजेज़ हैं, एक से एक ब्राइट बच्चे पढ़ कर आ रहे हैं, लेकिन उनकी एंट्री हमारी judiciary में नहीं हो पा रही है, खासकर के हायर judiciary में नहीं हो पा रही है। अगर आप आईएएस, आईपीएस की तरह उस तरह के स्तर पर आप ऑल इंडिया जूडिशियल सर्विस लाएंगे तो उसमें सभी बच्चे आएंगे और उसमें एक और फायदा होगा कि जितना भी समाज है, चाहे वह एससी-एसटी हो, ओबीसी हो या जो हमारे सामान्य श्रेणी के बच्चे हैं, सब लोगों को मौका मिलेगा और सब लोग judiciary में अपना योगदान दे पाएंगे। सरकार से मेरा ऑल इंडिया जूडिशियल सर्विस के बारे में अनुरोध होगा कि तत्काल इसको स्थापित किया जाए जिससे कि हमारे देश में लोगों को judiciary के बारे में और भी ज्यादा आस्था बढ़ेगी और लोगों की भागीदारी भी इसमें बढ़ेगी।

महोदय, इसके साथ ही मैं एक चीज़ और कहना चाहूंगा, खास करके अभी जो आप सब लोगों ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर चर्चा की। और बहुत सारी योजनाएं भी लाई गईं हैं, लेकिन बिहार में जितनी भी हमारी सेवाएं हैं, सरकारी सेवाएं हैं, उन सब में 35 प्रतिशत मिनिमम आरक्षण हमारी लड़कियों को दिया गया है। मैं केन्द्र सरकार से चाहूंगा कि जितनी भी केन्द्र की सेवाएं हैं,

उन सब में कम-से-कम 35 प्रतिशत आरक्षण हमारी जितनी भी लड़कियां हैं, महिलाएं हैं, उनको देने की व्यवस्था करे। अभी चर्चा हो रही थी और यह बहुत अच्छी बात है और हमारी पार्टी ने शुरू से समर्थन भी किया है। खासकर जो हमारा legislature है, जो लोक सभा है, जो विधान सभा है, सब जगह महिला आरक्षण बिल को तत्काल पारित कराया जाए, जिससे कि आने वाले समय में हमारी जो लोक सभा और विधान सभा है, उसमें हमारी महिलाओं का जो प्रतिनिधित्व है, वह हो सके। इससे हमारा लोकतंत्र और भी मजबूत होगा। इसके साथ अभी राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में कहा कि हम लोग महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती मनाने जा रहे हैं। वर्ष 2017 में बिहार में चम्पारण सत्याग्रह के 100 साल का समारोह मनाया गया था। मेरा सरकार से अनुरोध है कि जब गांधी जी की 150वीं जयंती मनाने जा रहे हैं, तो एक तरफ से यह सोच होनी चाहिए कि गांधी जी के विचार, उनका जो जीवन-दर्शन था, उनके जो कार्य थे, वे खासकर जो हमारे स्कूली बच्चे हैं, जो हमारे कॉलेज में हैं, उनके बीच जाएं। बिहार में इसके बारे में काम किया गया था। चम्पारण सत्याग्रह से लेकर खासकर हमारे तीसरी क्लास से लेकर आठवीं क्लास तक के जो बच्चे हैं, उनके लिए – बापू की पाती – बापूजी, गांधी जी की तरफ से एक चिट्ठी – यह एक किताब है, इसमें बच्चों को पाठ पढ़ाया गया था। उसके बाद हमारे नौवीं से बारहवीं क्लास तक के जो बच्चे हैं, एक सीरीज़ है – एक था मोहन। यह इसलिए, चूंकि जो गांधी जी की सोच थी और उन्होंने जो काम किया, उसको बच्चों के बीच में प्रचारित करना बहुत जरूरी है। खासकर उनकी जो सोच पर्यावरण के बारे में थी, वे यह कहते थे कि आज दुनिया में जो संसाधन हैं, वे इतने जरूर हैं जिससे लोगों की आवश्यकताएं पूरी हो जाएं, लेकिन आपका जो लालच है, उसको कोई पूरा नहीं कर सकता है। इसके बारे में भी प्रचारित होना चाहिए और साथ-साथ गांधी जी ने जो 7 जून का सीन बताया था। आप बिहार में चले जाएंगे तो सभी स्कूलों में बच्चों के लिए लिखा हुआ है क्या-क्या किस प्रकार की राजनीति बिना सिद्धांत के करते हैं। हमारे पास बहुत तरह के सिद्धांत हैं, उसकी चर्चा की गई है, जिसे लोग जानेंगे, गांधी जी की क्या सोच थी? किस प्रकार से गांधी जी ने हमारे देश में इस प्रकार का आंदोलन चलाया कि हम लोगों ने अंग्रेज़, जो इतने ताकतवर थे, उनको अहिंसक तरीके से इस देश से बाहर कर दिया – यह सोच हमारे बापू की थी, हम लोग अब उनकी 150वीं जयंती मनाने जा रहे हैं, तो इस बात को धीरे-धीरे प्रचारित किया जाना चाहिए।

एक बात और है कि गांधी जी शुरू से ही इस बात के समर्थक थे कि समाज में पूर्ण रूप से शराबबंदी लागू होनी चाहिए। वे prohibition के पक्ष में थे और कहा करते थे कि अगर एक दिन का भी हमें राज मिले तो मैं सब जगह शराबबंदी लागू कर दूंगा। यह बहुत जरूरी है। अगर आप ग्रामीण इलाकों में देखेंगे तो जिन-जिन प्रदेशों में अभी भी शराब बेची जा रही है, आप देखिए कि वहां किस प्रकार की स्थिति है। तो जब हम गांधी जी की 150वीं जयंती मनाने जा रहे हैं, तो निश्चित रूप से जो गांधी जी की सोच रही है, उनकी जो विचारधारा रही है, उसको हम लोगों को पूरी तरह से लागू करना चाहिए, प्रचारित करना चाहिए। ...(**समय की घंटी**)... इसके साथ-साथ यह भी है कि गांधी जी ने भी खास करके श्रम और लेबर की जो गरिमा है, महत्ता है, उसको बताया था। आज हम सब लोग इस बात के लिए प्रयासरत हैं। एक बहुत अच्छी बात सरकार की तरफ से राष्ट्रपति महोदय ने कही कि हमारा लक्ष्य है कि आगे चलकर हमारा देश 5 ट्रिलियन डॉलर की economy बने। दुनिया में नम्बर तीन पर हम स्थापति हों। ...(**समय की**

[श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह]

घंटी)... हम तीसरे स्थान पर आएं, इसके लिए यह जरूरी है। सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास–यह कोई साधारण चीज़ नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T. K. RANGARAJAN): Your time is over.

SHRI RAM CHANDRA PRASAD SINGH: Yes, I am just concluding. यह सबके लिए जरूरी है कि हमारे देश में, जो हमारे देश का संस्कार रहा है, हमारे देश की पहचान रही है, हम लोग उसे स्थापित करें और हमारा देश आगे आने वाले समय में न सिर्फ largest democracy in the world हो बल्कि हम लोग largest economic power in the world हों, बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI PRASANNA ACHARYA (Odish): Mr. Vice-Chairman, Sir, the hon. President of India, while addressing the Joint Session of the Parliament on 20th June, 2019, rightly began his speech remembering Gandhiji, the Father of the Nation. Now, we are preparing to commemorate the 150th birth anniversary of Gandhiji. Sir, Gandhiji was the propounder of ahimsa - non-violence. Even the great leaders of the world have followed Gandhiji and the principle of *ahimsa*. But, Sir, though we repeatedly mention Gandhiji and we take pride in saying that we are Gandhiji's chief follower and we are walking on the path of Gandhiji, I fear we are drifting away from the path of Gandhiji's ahimsa. It was very clearly evident in a few of the States during the last General Elections, and even after the elections. Violence was rampant.

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair*)

Sir, at this juncture, it is high time that we should remember the principle of *ahimsa* as propounded by Gandhiji. Sir, there is one leader in this country, who has proposed, at this juncture, that Gandhiji's ahimsa should be incorporated in the Preamble to our Constitution. This is the proposal made by one of the leaders of India now, and his name is Shri Naveen Patnaik, the fifth time consecutive Chief Minister of Odisha. He has requested this in a letter written to all the political parties. He has also written a letter to the hon. Prime Minister of India to consider this proposal to incorporate *ahimsa* in the Preamble to our Constitution. Sir, I think, when we are observing the 150th birth anniversary of Gandhiji, I appeal to the entire House and the Government to seriously consider the proposal of incorporating the principle of *ahimsa*, as propounded by Gandhiji, in the Preamble to our Constitution.

Sir, very recently, the Election Commission of India conducted the largest election ever held in the world. Ours is the largest democracy and, I think, more than 60 crore voters participated in this election. This is not a small thing. But, in spite of that, can we say that system of our elections, or, the procedure we follow in the

elections, is foolproof? Now, there is a demand and a proposal to re-think about reforming our election system. I think many hon. Members from different political parties have submitted a proposal to the hon. Chairman to discuss this issue in this Session itself. I think, it is high time on our part to take up this issue because I know there is a debate on the EVM system also. There is also a lot of controversy about the violence which took place before elections, during elections and which continued even after the elections in some of the States. There are many eyebrows raised about certain procedure adopted by the Election Commission and certain orders and observations made by the Election Commission during the last General Elections. So, I think, the whole country is unanimous in this proposal that we should deeply ponder over the issue of reforming our election system.

Sir, the hon. President has expressed happiness over the fact that 78 woman MPs have been elected to the Lok Sabha in the last General Elections. This is the highest number in the history that we have elected 78 woman MPs to the Lower House of the Parliament. But Sir, are we satisfied with this? Sir, there are 78 women MPs, but what is the percentage? It is only 14 per cent of the total strength of the elected Members of the Lok Sabha. What is the women population in our country? It is little more than 47 per cent of the total population. Sir, 47 per cent of the women population has only 14 per cent representation in the Lower House of Parliament! Are we satisfied with this? No, Sir. We are not satisfied with this. Sir, India's position is fourth in terms of women representation in Parliament among the BRICS countries. There are five Members in the BRICS and India's position is only fourth. Sir, there are 42 countries in the world where Parliamentary system is prevailing. In most of these countries, more than 30 per cent women representation is there. Sir, even in Muslim countries like South Sudan, Saudi Arabia and even in Pakistan, the percentage of representation of women in their Parliament is more than that we have in India. This is the position. Sir, 47 per cent women population of India is represented by only 14 per cent women MPs in the Lower House of the Indian Parliament, and on the other hand, 53 per cent of the male population is represented by 82 per cent male MPs in the Lower House of the Indian Parliament. This is the state of affairs in our country. Sir, I am saying all these things because the Women's Reservation Legislation was passed in this House in the year 2010, if I am correct. In the year 2014, the elected Government was a majority Government in Lok Sabha. But they never brought this Bill in the House. I appeal to this Government that now you are in power with even more majority. This is the time you have more than three hundred single party majority in the House. Are you willing to bring this Bill during this tenure? This is my question to this Government. I fear they will not bring it.

[Shri Prasanna Acharya]

Let the Government come out with this Bill, and I hope all the political parties in this country barring a few, will support this Women's Reservation Bill. Now the onus lies with this Government. So, I call upon this Government that this is high time that we should not further delay this Women's Reservation Bill and bring this Bill into Lok Sabha and get it passed. If there are any minor differences of opinion between some political parties, call the All-party meeting, have deliberations with them, come to a unanimous decision and get the Bill passed. This is high time to do it.

Sir, I refer to point No. 12 of hon. President's Speech, which was also mentioned by the Leader of the Opposition. Sir, I want to say this with due respect to the Chair. Sir, hon. President has said "My Government is committed to that very idea of nation building, the foundation for which was laid in the year 2014." I will appeal to all the Members of the Treasury Benches to go through this line again and again. Sir, if the foundation for nation building was laid in the year 2014, what were our forefathers doing then? This means that nothing was done during Jawaharlal Nehru's time, the first Prime Minister of our country. This also means that nothing was done for this country during Indira Gandhi's time. I was a victim of the emergency imposed by Indira Gandhi. I was a very young boy at that time. But can I say that Indira Gandhi has no contribution in the process of nation building? Shri Lal Bahadur Shastri, during his tenure, did not do anything for this country! Let us forget about them. Shri Atal Bihari Vajpayeeji, he did not do anything for this country during his tenure! You want to say that only you have started the process of nation building. Forget all that. If your very concept of nation building is different, then that concept was started in the year 1925 by Dr. K. B. Hedgewarji. You are forgetting him also. Forget that. Was the process of nation building not started at the time of Dr. Shyama Prasad Mukherjee whose *Balidan* Diwas we observed only yesterday? Was the process of nation building not started in the year 1951 when Jan Sangh was founded? What are we talking, Sir? मुझे लगता है कि महामहिम राष्ट्रपति जी के मुंह से ऐसा वाक्य नहीं कहलवाना चाहिए था। यह देश के प्रति अपमान है, देश के इतिहास के प्रति अपमान है और देश के पूर्वजों के प्रति अपमान है, जिन्होंने देश को बनाने के लिए अपना बलिदान दे दिया। यह उनके प्रति अपमान है। I completely differ with it. I humbly differ with it. सर, मुझे लगता है कि ऐसी गलतियां आगे नहीं होनी चाहिए।

Sir, many of the hon. Members mentioned about the farmers. The Government is promising that by 2024, every farmer's income will be doubled. Many programmes for the farmers have been initiated. I do agree that there are many programmes which can be very good projects, if they are implemented rightly and with sincerity. But, Sir, in spite of all the things which the Governments are doing, why, even after 72

years of independence, farmers in this country are committing suicides.

If you refer to the figures, there is a upsetting figure of suicides by three lakh farmers in the last decade. It means that, on an average, every year, 15,000 farmers are committing suicides in this country.

सर, मैं बोडो भाषा में बोल रहा हूं। यह हमारे भारत की सबसे पुरानी भाषाओं में से एक भाषा है। यह असम में ज्यादातर बोली जाती है। यह भाषा नेपाल में भी बोली जाती है। यह हमारे भारत की गौरवशाली भाषा है। दुनिया की जितनी भी भाषाएं हैं, उन भाषाओं में से यह एक ऐसी भाषा है, जिसमें किसी भी चीज़ को बताने के लिए, किसी भी चीज़ को देखकर, किसी भी चीज़ को महसूस कर बताने के लिए सबसे ज्यादा शब्द हैं। यह बहुत rich भाषा है, लेकिन इस भाषा को हम आज तक किसी को बता नहीं पाए हैं और कोई भी रिसर्च करके अब तक इसको निकाल नहीं पाया कि यह बोडो भाषा कब से शुरू हुई, कहां से शुरू हुई थी। जिन लोगों ने रिसर्च किया है, उन लोगों ने कहा है कि आज से दो हजार साल पहले नेपाल के पूर्वी क्षेत्र में यह भाषा बोली जाती थी। इसके अलावा पश्चिमी बंगाल का जो पूर्वी क्षेत्र है, नॉर्थ-ईस्ट है और बांगलादेश के कुछ इलाकों में दो हजार साल के पहले यह भाषा ही सिर्फ एक भाषा थी। भारत में यह विशेष संवैधानिक दर्जा प्राप्त 22 अनुसूचित भाषाओं में से एक भाषा है। आप लोगों ने इसको कभी भी नहीं सुना, इसलिए मैंने आज बोडो भाषा में अपना भाषण शुरू किया है, ताकि आप लोगों को भी इस भाषा के बारे में पता चल सके। महोदय हमारे राष्ट्रपति जी ने नॉर्थ-ईस्ट के बारे में कहा नॉर्थ-ईस्ट को लेकर हमारे राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में जो कहा कि नॉर्थ-ईस्ट को डेवलप करने के लिए, देश के बाकी राज्यों के साथ एक कदम मिलाकर ले जाने के लिए इस बार बहुत सारे प्रोग्राम्स लेकर काम करेंगे। मैं यह बताने जा रहा हूं कि वहाँ की जो insurgency की प्रॉब्लम है, यह सबसे बड़ी प्रॉब्लम है। आज बीस साल से भी ज्यादा समय से हमारे गृह मंत्रालय ने कुछ रिटायर्ड ऑफिसर्स को interlocutor नियुक्त करके इसका हल ढूंढ़ने की कोशिश की है। वे उनके

[श्री बिश्वजीत दैमारी]

साथ बात करके भी आ रहे हैं, लेकिन पता नहीं चलता कि वे इन बीस सालों में इस समस्या को क्यों नहीं सुलझा पाए? इस समस्या का समाधान करने में ये लोग, जिनको interlocutor नियुक्त किया गया है, वे लोग क्या कर रहे हैं? यह जानना सबसे बड़ी बात है कि गृह मंत्रालय ने इसकी मॉनिटरिंग की है या नहीं की है? जब तक वहाँ की उग्रवाद की समस्या का समाधान नहीं होगा, तब तक हम देश की यह जो परिकल्पना है, इस परिकल्पना के आधार पर जितनी भी स्कीम्स क्यों न ले जाएं, उनका implementation वहाँ पर करना मुमकिन बात नहीं है। यह एरिया हर समय डिस्टर्ब होता है, इसलिए हम अनुरोध करते हैं... जैसे एनएससीएन (आईएम) की समस्या है। एक एग्रीमेंट का फ्रेमवर्क बनाकर रखा हुआ है, लेकिन फाइनल सैटलमेंट अभी तक नहीं हुआ है, जिसको लेकर नागालैंड में प्रॉब्लम है। इन्हीं उग्रवादी लोगों ने, उसी दिन अरुणाचल में एक एमएलए की भी हत्या की है। वे उसी में से हैं, वे लोग discussion में भी हैं, लेकिन हमारे interlocutor को यह तक पता नहीं है कि जो उग्रवादी उनके साथ बात करते हैं, वे satisfied हैं या नहीं कि वे लोग, फिर से, वहाँ पर विद्रोह करने जा रहे हैं?

अभी ज्यादा दिन नहीं हुए, असम की गुवाहाटी में एक बम ब्लास्ट हो गया। वहाँ पर ग्रेनेड ब्लास्ट हो गया। बाद में यह जानकारी मिली और यह पकड़ा भी गया। यह जो उल्फा है, जिसने भारत सरकार के गृह मंत्रालय के साथ बात की हुई है, उसके लिए एक interlocutor भी लगाया गया है। एक तरफ वे लोग बातें कर रहे थे, लेकिन दूसरी तरफ वहाँ पर बम ब्लास्ट भी कर दिया। यह कितनी भयानक स्थिति होगी। जब तक उग्रपंथी जंगल में रहता है, अंडर ग्राउंड रहता है, तब तक पता रहता है कि ये उग्रपंथी कभी भी कुछ भी कर सकता है, लेकिन जिसके साथ बात कर रहा है और जो आम आदमी की तरह हर जगह घूम सकता है, उसमें उसके लिए कोई रुकावट नहीं है, अगर वह फिर से इसी तरह से बमबारी करना शुरू करेगा, तो आम आदमी के लिए कितनी बड़ी समस्या हो सकती है, हमारे देश के लिए कितनी बड़ी समस्या हो सकती है। ये लोग पार्लियामेंट में भी आ सकते हैं।*...अभी एक व्यक्ति लोक सभा में एमपी बनकर आया है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः कृपया न तो दूसरे हाउस का उल्लेख करें और न ही नाम लें।

श्री विश्वजीत दैमारीः ठीक है, मैं नाम वापस लेता हूं। एक उल्फा का उग्रवादी नेता है, वह दो बार एमपी चुनकर आया है। वह इसी वर्ष सैकंड टर्म के लिए चुनकर आया है, लेकिन अभी तक उसने आर्म्स सरेंडर नहीं किया है। वह उल्फा.. discussion में है, यह सबको पता है। अगर आप लोग होम मिनिस्टर से इसकी खोज कराएंगे, तो उसका पता चल जाएगा। उल्फा एमपी बन गया, अब उसके जरिये न जाने कितने उल्फा पार्लियामेंट में आकर बैठ सकते हैं। यह बात कितनी निरापद होगी। मेरा उन पर कोई इल्ज़ाम नहीं है, लेकिन हमारी तरफ से, सरकार की तरफ से, उन लोगों के साथ सीज़फायर करके जो बात हो रही है, उसका ध्यान रखना चाहिए कि उनकी चिंता क्या है? उन लोगों की चिंता क्या है? क्योंकि मैंने कहा कि कुछ दिन पहले गुवाहाटी में ब्लास्ट किया गया और जिन्होंने ब्लास्ट किया है, जिन्हें पकड़ा गया, उन लोगों ने स्वीकार भी किया कि यह जो प्रो – टॉक उल्फा है, उनका एक सदस्य है। सिर्फ एक ही नहीं, बल्कि दो-तीन सदस्य हैं। यह बहुत गंभीर मामला है। मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस

*Withdrawn by the hon. Member.

विषय को गंभीरता से ले और उस समस्या का समाधान करे। यह नहीं होना चाहिए कि हम इसके विरोध में सिर्फ आर्मी या कोई पुलिस लगाएंगे। वे लोग क्या मुद्दा उठा रहे हैं, इस पर बात करके इसका समाधान करना है, क्योंकि हमारी सरकार इस पर interlocutor लगाकर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। जो interlocutor हैं, उन लोगों ने एक ऑफिस ले लिया है, पाँच-छह कर्मचारी भी उनके साथ हैं। वे सभी हर समय नॉर्थ-ईस्ट जा सकते हैं, इस काम के लिए उनको यह व्यवस्था फ्री ऑफ कॉस्ट है। वह व्यक्ति फाइव स्टार में रह सकता है, इसके लिए नो प्रॉब्लम है। हमारी सरकार ने उनको उग्रवादी समस्या का समाधान करने की जिम्मेदारी दी है। दो, तीन, चार interlocutor change होते जा रहे हैं, लेकिन यह एनएससीएन (आई एम), उल्फा, एनडीएफबी आदि किसी भी उग्रवादी संगठन की समस्या का समाधान नहीं हुआ है। यह सीरियस समस्या है, इसलिए मैं इस विषय को लाया हूं। हमें नॉर्थ-ईस्ट एरिया को डेवलप करना है। तो मेरा यह सजेशन है कि इसके लिए वहाँ की जो insurgency की प्रॉब्लम है, उसको हल करने के लिए हमें कोई व्यवस्था करनी चाहिए।

इसके साथ ही साथ हमारे असम में फ्लड की एक प्रॉब्लम है? असम एक छोटी-सी मैदानी जगह है, ऐसी भूमि है, जो पहाड़ों की surroundings से घिरी हुई है। जब भी बारिश होती है, तो वहाँ इतना पानी आकर जमा हो जाता है कि वहाँ हर साल flood आता है। आम तौर पर जब ऐसा flood आता है, तो हम बोलते हैं कि यह एक प्राकृतिक दुर्योग है, लेकिन असम में यह हर समय, हर साल होता है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have only two minutes. Please conclude now.

श्री बिश्वजीत दैमारीः वहाँ पर जो हालत होती है, वह हर साल होती है। इसलिए यहाँ से यह दिखाई नहीं पड़ता है कि यह एक प्राकृतिक दुर्योग है। इसको हमारी राज्य सरकार सँभाल नहीं सकती है, वहाँ पर relief नहीं दे सकती है, लोगों को rehabilitation नहीं दे सकती है। पहाड़ से 300-400 कि.मी./घंटे की स्पीड से पानी बह कर आता है और वह सारे घर तथा जमीन को erosion कर अपने साथ ले जाता है। इसलिए वहाँ से लोग हर समय केन्द्र सरकार से अनुरोध कर रहे हैं कि इस समस्या को national problem के हिसाब से मर्यादा देकर technically and financially कैसे इसका समाधान किया जा सकता है, वह किया जाए। असम के लोगों की मदद करनी है, असम के इस problem का समाधान करना है। इसलिए मैं अनुरोध करता हूँ कि असम में जो flood की problem है, जो बाढ़ की समस्या है, इसको राष्ट्रीय समस्या की मर्यादा देकर राष्ट्र की तरफ से ही जिम्मेदारी ली जाए, क्योंकि राज्य सरकार इसको सँभाल नहीं पाती है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

श्री विश्वजीत दैमारीः सर, मेरा जो कहना है, वह यही है। मैं अनुरोध करता हूँ और आशा करता हूँ कि हमारी सरकार जरूर इन सारी बातों को पूरा करेगी। मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का समर्थन करता हूँ। राष्ट्रपति जी ने जो भी कहा, वह बहुत ही महत्वपूर्ण है। अगर ये सारी चीजें implement होंगी, तो हमारा देश बहुत आगे बढ़ सकता है।

*To conclude, I would like to thank the hon. Deputy Chairman for giving me the opportunity to participate in the discussion.

---

* English transliteration of the portion of Speech delivered by Hon'ble Member in Bodo.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Ramdas Athawale – not present; Shri Tiruchi Siva – not present; Shri Birendra Prasad Baishya – not present. Shri Rakesh Sinha. राकेश जी, पार्टी की ओर से आपको जो समय मिला है, वह 15 मिनट है। कृपया आप इसका ध्यान रखें।

श्री राकेश सिन्हा (नाम-निर्देशित)**:** उपसभापति महोदय, जब हम महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर आज बहस कर रहे हैं, तो यह बहस सिर्फ इस हाउस तक सीमित नहीं है। यदि यह बहस सदन तक सीमित होती, तो हम राजनीतिक रंग देकर उस पर बहस करते, यदि यह अभिभाषण सिर्फ इस देश की सीमाओं तक सीमित होता, तब भी हम इसकी दृष्टि में कुछ और करते, लेकिन यह अभिभाषण हिन्दुस्तान और हिन्दुस्तान के बाहर सुना जा रहा है, हमारी बहस को लोग ध्यान से सुन रहे हैं। मैं विपक्ष के नेता को सुन रहा था। विपक्ष के कई लोगों को सुनने के बाद मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचा कि राष्ट्रपति जी ने अपना अभिभाषण जिस दिन भी तैयार किया हो, लेकिन उनकी आलोचना पहले ही तैयार हो गई थी। 2014 के पहले के मन, 2014 के पहले के हिन्दुस्तान और हिन्दुस्तान की राजनीतिक व्यवस्था के अनुकूल आज विपक्ष का जो भाषण हुआ, वह सचमुच में इस अभिभाषण के अनुकूल नहीं था। उपसभापति महोदय, मुझे मालूम नहीं कि आयुष्मान योजना से 10 करोड़ लोगों को लाभ मिल रहा है, इस बात से विपक्ष को क्या आपत्ति हो रही है। सुकन्या योजना से एक करोड़ से अधिक 10 साल से छोटी बच्चियों को लाभ हो रहा है, पता नहीं विपक्ष को इसकी आलोचना करके क्या मिल रहा है। दो करोड़ घरों में बिजली पहुंची और जब तमिलनाडु का 65 साल का एक व्यक्ति कहता है कि हमारी जिन्दगी बदल गई और वर्ल्ड बैंक के रैंक में electrification में हिन्दुस्तान 73वें से 26वें रैक पर आ गया, तब भी विपक्ष के मन में इस हिन्दुस्तान की प्रगति के लिए थोड़ी संवेदना नहीं आई।

उपसभापति महोदय, हिन्दुस्तान ने 2014 के बाद 2019 में एक mandate दिया, एक जनादेश दिया। स्वाभाविक है कि हारने वाले के पास अनेक बहाने होते हैं और जीतने वाले के पास जश्न मनाने के भी अनेक कारण होते हैं, लेकिन ब्रिटेन के एक अखबार, 'The Guardian' ने एक संपादकीय लिखा। वह संपादकीय बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण था। उस संपादकीय में उसने लिखा कि हिन्दुस्तान की आत्मा काले दिनों में, अँधेरे में प्रवेश कर चुकी है। उस सम्पादकीय में यह लिखा गया, 'Victory of Modi is not good for India and not good for the world.' आज सुबह मैं उसके सम्पादक मंडल के नामों को ढूंढ़ने की कोशिश कर रहा था, तब तक राज्य सभा आ गया। राज्य सभा में आकर, विपक्ष की बातों को सुनकर मैं समझ गया सम्पादक मंडल में नाम चाहे जिसका भी हो, लेकिन 'The Guardian' अखबार का Editorial हमारे विपक्ष के मित्रों के भाषणों के आधार पर ही लिखा गया है। जब हिन्दुस्तान जनादेश देता है, तो वह जनादेश एक निर्णायक जनादेश होता है। वह जनादेश सिर्फ यह नहीं है कि नरेन्द्र मोदी जी प्रधान मंत्री बनें, वह जनादेश सिर्फ यह नहीं है कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आए, जनादेश वैचारिक परिवर्तन की एक बड़ी प्रक्रिया का अंग है, जिसका नेतृत्व प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी कर रहे हैं। मैं इस जनादेश की एक महत्वपूर्ण बात बताना चाहता हूं। हिन्दुस्तान में 1952 से लगातार चुनाव हो रहे हैं। हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में peaceful transition की परम्परा रही है। मैं बताना चाहूंगा कि इस चुनाव में जब जनादेश मोदी जी के पक्ष में गया, तो उसमें क्या महत्वपूर्ण बात है। अब तक के

चुनावों में यदि दो-तीन अपवादों को छोड़ दिया जाए, 1977 के और 1989 के चुनावों के अपवाद को अगर हम छोड़ दें, तो मैं कहना चाहूंगा कि इस चुनाव में सबसे बड़ा conversion हुआ है। लोग मतदान केन्द्र पर एक जाति की पहचान के साथ जाते थे। लोग मतदान केन्द्र पर एक साम्प्रदायिक पहचान के साथ जाते थे, लेकिन नरेन्द्र मोदी जी ने इस देश का समां बदल दिया। हम अपनी जाति के, बिरादरी के, सम्प्रदाय के, धर्म के होते हुए भी क्षेत्र और भाषा के होते हुए भी, मतदान केन्द्र पर एक नागरिक के रूप में गए। नागरिकता की अवधारणा को पहली बार इस चुनाव ने साबित कर दिया कि हिन्दुस्तान के लोग नागरिक के रूप में मतदान करते हैं, सम्प्रदाय के रूप में नहीं, जातिवादी होकर नहीं। इसलिए वे सभी कैल्कुलेशंस, वे सभी अंदाज़ समाप्त हो गए, जिनके आधार पर आप कल्पना कर रहे थे कि नरेन्द्र मोदी जी को 180-190 या 220 सीटें आ जाएंगी। पता नहीं इस देश में कितने क्लब काम कर रहे थे, 180 क्लब, 120 क्लब, 220 क्लब, लेकिन वे सब के सब क्लब धराशायी हो गए और उन्हें धराशायी करने का पूरा श्रेय हिन्दुस्तान की 130 करोड़ जनता को जाता है। हिन्दुस्तान की जनता ने उस दृष्टिकोण को स्वीकार किया कि हमारी जाति है, हमारी बिरादरी है, हमारा सम्प्रदाय है, लेकिन सबसे पहले हम भारतीय हैं ओर भारत के संविधान के अनुसार हम काम करते हैं। हिन्दुस्तान के इतिहास में, लोकतंत्र को समृद्ध करने वाला यह सबसे महत्वपूर्ण चुनाव साबित हुआ है।

उपसभापति महोदय, एक गजब की विडम्बना है। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में जो दो-तीन बातें आई हैं, उनमें सबसे महत्वपूर्ण पक्ष हाशिए के लोग हैं। हाशिए पर कौन लोग हैं? कब से वे हाशिए पर हैं। जब द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त हुआ था, तो भारत में 39 करोड़ रुपये की प्रिंटिंग होती थी, जब ब्रिटेन छोड़कर गया, तो 1300 करोड़ रुपये की प्रिंटिंग होती थी। ब्रिटेन हमको पूरी अराजकता में छोड़ गया था। 1947 में जब देश आज़ाद हुआ था, हालांकि मैं बार-बार इतिहास में जाना नहीं चाहता हूं, लेकिन इस सदन को यह जानना चाहिए। मैं जो बात कह रहा हूं, हालांकि मेरे वामपंथी मित्र यहां नहीं हैं, लेकिन 1952 में जो पहला अभिभाषण हुआ था, उसको लेकर इसी सदन में P. Sundarayya और Bhupesh Gupta ने जो कहा, मैं उनको उद्धृत कर रहा हूं। 30 करोड़ रुपया नेहरू सरकार ने किसको दिया? ब्रिटेन के जो ऑफिसर भारत छोड़ कर चले गए, उनकी पेंशन के रूप में, उनके perks के रूप में 30 करोड़ रुपया सालाना दिया जाता रहा। हम annually उनको 30 करोड़ रुपये देते रहे। उन परिस्थितियों से भारत गुजरा है। जब यूपीए की सरकार गई, तो लगभग 600 मिलियन डॉलर का ईरान का कर्ज हमारे ऊपर था। इस सरकार ने एकमुश्त में वह सारा कर्ज चुका दिया। हम ईरान के कर्ज से मुक्त हो गए। 2014 में, सरकार बनते ही नरेन्द्र मोदी जी ने अगले साल पहला काम यही किया कि ईरान के कर्ज को चुका दिया। कांग्रेस के मित्रों को तो प्रसन्नता होनी चाहिए कि जो राजीव जी का सपना था, उसको पूरा करने का काम नरेन्द्र मोदी जी कर रहे हैं। काश, मनमोहन सिंह जी की सरकार के दौरान ऐसा सपना पूरा होता। राजीव जी ने पूरे देश को एक हकीक़त बतायी थी कि एक रुपये में से सिर्फ 15 पैसे ही लोगों की जेब तक पहुँचते हैं। राजीव जी की इस पारदर्शी हकीक़त के लिए पूरे देश ने उनको सलाम किया था कि एक प्रधान मंत्री ने सच तो कहा, लेकिन वह सच हमेशा वही सच बन कर 2014 के पहले तक रहा। आज डिजिटल ट्रांसफर के बारे में ऐसी टिप्पणी की जा रही है कि हमारे बच्चे वहाँ नहीं हैं। इस डिजिटल ट्रांसफर का सबसे अधिक लाभ किसको हो रहा है? **...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापतिः कृपया पीछे बैठकर आपस में बात नहीं करें। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़।

श्री राकेश सिन्हाः मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों को, सामान्य व्यापारियों को, आज एक रुपये में से, मैं इस दावे के साथ कह रहा हूँ कि 100 पैसे तो नहीं पहुंच रहे हैं, लेकिन 80 से 85 पैसे लोगों की पॉकेट तक पहुँचने शुरू हो गये हैं। यह क्रेडिट यदि किसी को जाता है, तो नरेन्द्र मोदी जी के उस दृष्टिकोण को जाता है, दूसरा कोई व्यक्ति इसके लिए श्रेय नहीं ले सकता है। उस व्यक्ति ने अपनी दृष्टि के आधार पर हिन्दुस्तान की उस छवि को बदल दिया, उस यथार्थ को बदल दिया, जिस यथार्थ को बाकी सरकारें नहीं बदल पा रही थीं।

राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में एक बात कही थी। उन्होंने Citizenship Amendment Act की बात कही थी। मुझे अच्छा लगता, जब विपक्ष के मित्र उन बिन्दुओं पर प्रकाश डालते। प्रो. अबूल बरकत बंगलादेश के ढाका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर हैं। उन्होंने बंगलादेश की इकोनॉमी पर, पोलिटिकल इकोनॉमी पर एक अच्छी पुस्तक लिखी, जिसका हाल के दिनों में लोकार्पण हुआ था। उस पुस्तक में उन्होंने क्या कहा है? 1964 से लेकर 2011 तक बंगलादेश से 11.1 मिलियन हिन्दू मिसिंग हैं। वे लोग कहाँ गये? Vested Property Act के कारण हिन्दुओं की 1.3 लाख एकड़ लैंड पर अवामी पार्टी, जातीय पार्टी, BNP, जमायते इस्लामी वगैरह ने कब्जा कर लिया। जिस हिन्दुस्तान को इस बात का दर्द नहीं होगा कि पहले हिन्दुस्तान एक भूभाग था, किसी भी कारण से पार्टीशन हुआ, हमारे लोग गये, धर्म के आधार पर उनकी इज्ज़त, आबरू, जमीन-जथा लूटी जा रही है, हिन्दुस्तान 2014 तक चुप बैठा रहा। हमने एनआरसी की बात कही, हमने Citizenship Amendment की बात कही और हमने कहा कि इस भूभाग के तीन देशों में, पाकिस्तान, बंगलादेश और अफगानिस्तान में यदि धर्म के आधार पर persecution होगा, तो उसे हम भारत में नागरिकता देंगे। विपक्ष के लोगों को अबूल बरकत की वह पुस्तक पढ़नी चाहिए। एक ईमानदार प्रोफेसर ने इसको उजागर किया है कि प्रत्येक दिन 623 हिन्दू बंगलादेश से गायब होते हैं। 1964 से इसका per day का आंकड़ा 623 Hindus per day है। क्या यह secularism है? हमारे मित्रों ने कहा कि हम हजार साल अपनी बात पर कायम रहेंगे, लेकिन अपनी बात से नहीं हटेंगे। यदि ये अगले 10 सालों में अपनी बातों से नहीं हटे, तो आप National Archives की फाइलों में पाये जाएंगे, देश की राजनीति में आपकी कोई जगह नहीं रहेगी, क्योंकि हिन्दुस्तान बदल रहा है।

मैंने कहा कि हम एक वैचारिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। उस वैचारिक परिवर्तन का अधिष्ठान क्या है? क्यों गार्जियन अखबार हम पर कटु टिप्पणी करता है? जिस गार्जियन अखबार ने हमें 2014 में कहा कि finally, Britishers have left India, वह गार्जियन अखबार और न्यूयॉर्क टाइम्स कहता है कि you have won the battle of powers, not the battle of ideas. मैं बताना चाहता हूँ कि battle of ideas हम कैसे जीते। जब संविधान बना, तो हमने कहा 'we, the people of India'. संविधान बनाने वाले तो सचमुच में भारत के लोग के नाते संविधान बना कर इस भारत के लोगों को समर्पित करके चले गये, लेकिन उस संविधान के अंतर्गत जो सरकारें चलीं, उन्होंने 'we, the people' नही, 'we the pretenders of India' कर दिया, 'we, the people' को 'we the pretenders of India' कर दिया, यानी 'हम ऐसा दिखने वाले लोग', हम भारत के लोग नहीं हैं। उन्होंने क्यों pretenders कहा? नरेन्द्र मोदी जी की सरकार बनी

और मार्क्सवादी दोस्त उसकी आलोचना कर रहे थे। मैं भी पूछंगा, आपके यहाँ जो मॉल बन रहे हैं, लुलु मॉल, 1900 करोड़ का इन्वेस्टमेंट केरल में है, तो आप इन्वेस्टमेंट मत कीजिए। आपको अम्बानी से परहेज़ है, अडाणी से परहेज़ है, हमें भी परहेज़ है। हम उनके ऊपर लगाम रख कर विकास की बात करते हैं और लगाम इसलिए रखते हैं कि लगाम रखनी है। आप भी Lulu Mall को रोक दीजिए, 1,900 करोड़ का प्राइवेट इन्वेस्टमेंट है, वहां कम्युनिस्ट सरकार है, वह कहे कि जाओ प्राइवेट इन्वेस्टमेंट देश से बाहर चले जाओ, केरल से बाहर चले जाओ।

श्री उपसभापतिः राकेश जी, सिर्फ दो मिनट और।

श्री राकेश सिन्हाः सर, चीन एक कम्युनिस्ट देश है और वहां पर 487 बिलिनियर्स हैं। यह जो परिवर्तन की प्रक्रिया है, उस परिवर्तन की प्रक्रिया में, इस जनादेश में मैं तीन बातों को रेखांकित करना चाहता हूँ। पहली बात, यह जनादेश दलीय व्यवस्था की उन ताकतों को, जिन ताकतों ने इस देश में जाति और सम्प्रदाय के नाम पर देश को बांटने का काम किया है, उन ताकतों को यह अनुभूति करा दी कि यदि आप जाति और धर्म के नाम पर आस्था का दुरुपयोग करके जनता तक पहुंचेंगे, तो जनता अपने दरवाजे से आपको वापस कर देगी। दूसरी बात, जो इस जनादेश ने स्थापित की है, वह यह है कि सरकार वह होती है, जिसमें राजनीतिक जमींदारी नहीं होती है। 1952 से लेकर 2014 तक जो वीआईपी कल्चर राजनीति के नाम पर था, जिसके कारण राजनीति के प्रति अनास्था का भाव सामान्य लोगों में आ रहा था, नरेन्द्र मोदी जी ने अपने कर्तव्य से, अपने व्यक्तित्व से और भारतीय जनता पार्टी की जो विचारधारा है, जो विचारधारा जनसंघ के दिनों से चल रही है, उसके आधार पर लोगों में फिर से एक आस्था का भाव जगाया है राजनीति के प्रति। राजनीति बेईमानी का नाम नहीं है, राजनीति व्यवसाय का नाम नहीं है, राजनीति देश सेवा का नाम है। यह नरेन्द्र मोदी जी ने अपनी ताकत से बनाया है।

तीसरा महत्वपूर्ण पक्ष, जो यह जनादेश बताता है, वह यह है कि इस देश में coalition politics की आदत पड़ गई थी। उस coalition politics का एक बड़ा कारण था कांग्रेस सिस्टम demolish होना। कांग्रेस पद्धति demolish हुई, कांग्रेस समाप्त होती गई। समाप्त होने के कारण हम नहीं थे, बल्कि समाप्त होने के कारण वे स्वयं हैं।

श्री उपसभापतिः आपकी पार्टी ने अपने एक वक्ता का समय कम करके आपको 5 मिनट और दिये हैं। आपका समय 15 मिनट पूरा हो रहा था, अब आपको 5 मिनट और मिल गए हैं।

श्री राकेश सिन्हाः सर, शंकर राव देव, जो जनसंघ के नहीं थे, बल्कि वे कांग्रेस के अध्यक्ष होते थे, नेहरू जी के करीबी में से थे, उन्होंने 1949 में 'Decline of Congress' पर 3 लेक्चर्स दिए। 10, जनपथ में बैठे हुए लोग, जो कांग्रेस को चलाते हैं, पहले वे 'Decline of Congress' के उन तीन लेक्चर्स को पढ़ लें, फिर भारतीय जनता पार्टी या नरेन्द्र मोदी जी पर उँगली उठाएं। आप अपने कारण स्वयं हैं, कारण स्वयं तलाशिए। दलीय व्यवस्था में जीत-हार होती है, लेकिन जब वैचारिक पतन होता है, तो आपका अस्तित्व मिटता है।

दूसरा पक्ष, जो इस जनादेश का है, जो मैंने कहा 'We the pretenders' उन्होंने कहा था, 1976 में आपने 'समाजवाद' शब्द को जोड़ा। हमें 'समाजवाद' शब्द से कोई प्रेम नहीं है, लेकिन नरेन्द्र मोदी जी की सरकार को यदि आंख बंद करके देखा जाए, अपनी अवधारणाओं के आधार

[श्री राकेश सिन्हा]

पर मत देखिए, इस सरकार ने 2014 से लेकर आज तक यदि किसी के लिए काम किया है, तो वह कौन है? भूमिहीन लोग, गृहविहीन लोग, दीये और लालटेन में पढ़ने वाले बच्चे, हमारे गांव में गोबर से बने हुए जलावन को गोयठा कहते हैं, उस गोयठा और लकड़ी में धुएं के साथ आंखों का सामना करती हुई महिलाएं.... चौधरी साहब ने, चौधरी चरण सिंह जी ने प्रधान मंत्री बनने के बाद लाल किले से भाषण में कहा था, मैं उसको क्वोट कर रहा हूँ, वह इंदिरा जी की ओर इशारा करते हुए कहा था कि यदि हमारी बहन को, उन्होंने नाम नहीं लिया, लेकिन उन्होंने कहा कि यदि हमारी बहन को अभी शौच करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर जाना होगा, तब पता चलेगा कि शौचालय घर में नहीं होने का परिणाम क्या होता है? चौधरी साहब यह बात 1979 में कह गए। मैं उनका सम्मान करता हूँ, क्योंकि उन्होंने कम से कम इस भावना को कहा। 1979 से लेकर 2014 तक सरकारें आईं और गईं, लेकिन किसी के मस्तिष्क में यह नहीं आया कि हम अपनी मां और बहनों को शौचालय दें। आप शौचालय में ईंट की क्वालिटी ढूंढ़ रहे हैं, शौचालय में सीमेंट की क्वालिटी ढूंढ़ रहे हैं। अगर यदि कहीं भ्रष्टाचार है सिस्टम में, तो 50 साल के भ्रष्टाचार को नरेन्द्र मोदी जी ने सत्ता के कॉरिडोर में तो रोक दिया। एक हमारे मित्र कह रहे थे कि अभिभाषण में भ्रष्टाचार की चर्चा नहीं हुई। अब 2जी नहीं है, 3जी नहीं है, कॉमनवेल्थ नहीं है, तो राष्ट्रपति जी भ्रष्टाचार की चर्चा क्या करें? भारतीय जनता पार्टी ने एक नारा दिया है कि मोदी है, तो मुमकिन है। मैं उस नारे के समानांतर एक नारा और कहना चाहता हूँ मोदी है, तो मुश्किल है।

श्री उपसभापतिः आप दो मिनट और बोलें।

श्री राकेश सिन्हाः काले धन वालों ने कहा कि मोदी है, अब बहुत मुश्किल है। उन्होंने कहा कि कैश से पेमेंट लेने में अब बहुत मुश्किल हो रही है, कोई दूसरा उपाय ढूंढ़ें। यह मुश्किल उन लोगों के लिए हुई है, जो अमेरिका और इंग्लैण्ड में बैठकर एनजीओ के नाम पर इस देश में अराजकता फैलाना चाहते थे। जिन एनजीओज़ में डेवलपमेंट के नाम पर करोड़ों-अरबों रुपया हिन्दुस्तान की धरती पर आता था, लेकिन उसका काम धन परिवर्तन का होता था। पैसा गरीबों के लिए आता था और काम अमीरों के लिए होता था। उस पैसे का हिसाब लिया गया और लगभग ढाई हजार एनजीओज़ को रास्ता दिखा दिया गया। उस पैसे देने वाले को कहा गया कि पैसा जिस उद्देश्य से आएगा, वहीं खर्च होगा, जिसके पास आएगा, उसी के द्वारा खर्च होगा। सरकार एकएक पैसे का ऑडिट लेगी। यह The Guardian और New York times में भी आया।

श्री उपसभापतिः राकेश जी, महज़ एक मिनट और बोलें।

श्री राकेश सिन्हाः सर, मेरा flow टूट जाता है।

श्री उपसभापतिः जो समय तय हुआ है, मैं उसके बारे में आपको बता चुका हूँ।

श्री राकेश सिन्हाः सर, मैं बैठ जाता हूं।

श्री उपसभापतिः छाया जी आपको आपकी पार्टी द्वारा पाँच मिनट का समय दिया गया है। आप अपनी बात पाँच मिनट में खत्म करें।

श्रीमती छाया वर्माः सर, आपने मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मुझे बहुत लच्छेदार भाषण बोलना नहीं आता है, लेकिन मैं अपने विचार, अपनी बात सीधी-सपाट सदन के सामने रखना चाहूँगी। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में बहुत सारी योजनाओं का उल्लेख है। आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख है। मैं एक-एक योजना से शुरुआत करना चाहूँगी। पहली आयुष्मान भारत योजना है। मैं कहना चाहती हूँ कि गोरखपुर में ऑक्सीजन नहीं था, बिहार में हॉस्पिटल नहीं था और गुजरात में 30 फीट की सीढ़ी नहीं थी, तो आयुष्मान योजना कहाँ गई। वे बच्चे हमारे देश के भविष्य थे। आयुष्मान योजना फेल होने के कारण उनका यह हश्र हुआ। अगर कोई योजना बनती है, तो उसका सही मायने में क्रियान्वयन होना चाहिए। आज यह स्थिति क्रियान्वयन के अभाव में निर्मित हुई है। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में लिखा हुआ है कि किसानों की फसल दोगुनी होगी, लेकिन यह कैसे होगी, इसके संबंध में कहीं कोई उल्लेख नहीं है, इसकी कहीं कोई जानकारी नहीं है।

नोटबंदी से कितना लाभ हुआ, शासन-प्रशासन के पास कितना पैसा आया, कितना काला धन आया, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में इसका कहीं उल्लेख नहीं है। 15-15 लाख लोगों के खाते में आएंगे, उसका राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में कहीं उल्लेख नहीं है।

मैं स्वच्छ भारत मिशन की बात करती हूँ। इसका पूरे देश में बहुत ढिंढोरा पीटा गया, लेकिन उसका टॉयलेट 12 हजार में बना। उन शौचालयों की स्थिति 1-2 साल में स्पष्ट हो जाएगी। जब इन्दौर में अर्द्ध कुंभ लगा, तब 35-35 हजार रुपए में शौचालय बनाया गया। आप 12 हजार रुपए में शौचालय बनाते हैं, तो उसकी स्थिति तीन साल बाद कैसी होगी, यह समय बताएगा। यह योजना पूरी तरह से failure होगी। अगर मैं महिलाओं की बात करूं, तो बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की बहुत बात होती है, लेकिन इस योजना में सार्थकता कहीं भी नजर नहीं आ रही है। महिलाओं के साथ अत्याचार-अन्याय हो रहा है। रिकॉर्ड बता रहे हैं कि उसमें दिन दूनी, रात चौगुनी बढ़ोतरी होती जा रही है। अगर कोई महिला थाने में रिपोर्ट लिखवाने जाएगी, तो सही तरीके से उसकी रिपोर्ट भी नहीं लिखी जाती है। अगर सामने वाला व्यक्ति रिपोर्ट लिखवाता है, तो उल्टा उस महिला को ही प्रताड़ित किया जा रहा है। ऐसे बहुत से केस देखने-सुनने में आए हैं। सभी लोगों ने उज्ज्वला गैस योजना की बात की। उज्ज्वला गैस योजना के तहत गैस पहले चार सौ रुपए में मिलती थी। आपने फ्री में एक cylinder बांट दिया और लोगों तक फ्री में उज्ज्वला गैस पहुंचा दी, बड़े-बड़े वायदे किए कि महिलाओं की आंखों में आंसू नहीं आएंगे और फिर आपने उसकी कीमत चार सौ से बढ़ाकर 900 रुपए कर दी। उसकी कीमत देखकर ही महिलाओं की आँखों में आसू आ गए और उन्होंने उज्ज्वला गैस की रीफिलिंग करानी बन्द कर दी। उन्होंने सिलेंडर को फिर से लेना बन्द कर दिया, जिसका कहीं पर भी उल्लेख नहीं है। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में इस योजना का कहीं कोई उल्लेख नहीं है।

दूध का उत्पादन – दूध की जितनी खपत होती है, उससे बहुत कम मात्रा में दूध का उत्पादन हो रहा है और जो मिलावटी दूध शहरों में बिक रहा है, लोगों के घर तक पहुँच रहा है, उसकी जाँच करने के लिए, उसका मूल्यांकन करने के लिए कहीं कोई मशीन नहीं लगाई गई है, कहीं कोई जाँच नहीं हो रही है और उस जहरीले दूध को पीने से कैंसर तथा नाना प्रकार की बहुत सारी अन्य बीमारियों से लोग ग्रसित हो रहे हैं। बीमारी हो रही है, तो उसके इलाज के लिए भी कोई सही व्यवस्था नहीं है। मार्केट में नकली दवाइयाँ भी बहुत आ गई हैं।

श्री उपसभापतिः छाया जी, आपका एक मिनट समय बचा हुआ है, अब आप कृपया कन्क्लूड करें।

श्रीमती छाया वर्माः सर, लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अगर मैं "मनरेगा" की बात करूँ, तो अभी भाई साहब कह रहे थे कि बहुत-से लोग उदाहरण देते हैं कि राजीव जी कहा करते थे कि लोगों तक एक रुपये में से 15 पैसे ही पहुंच पाते हैं। आप कहते हैं कि लोगों तक और पंचायतों तक उसके पहुंचने में बहुत सारा भ्रष्टाचार होता था और अब हम सीधे खाते में देते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है, भ्रष्टाचार आज भी उतना ही है। बस, भ्रष्टाचार करने के तरीके बदल गए हैं। रुपया अब सीधे खाते में जाता है, लेकिन आप जनपदों और ग्राम पंचायतों में पता कीजिए कि जब तक वहाँ का सरपंच, वहाँ का ग्राम प्रधान उस काम के लिए संबंधित सचिव को, सीओ को पैसा नहीं देता है, तब तक उसको चेक नहीं मिलता है। भ्रष्टाचार पहले से और ज्यादा बड़े पैमाने पर हो रहा है। अभी के शासन में भ्रष्टाचार को और अधिक बढ़ावा मिल रहा है।

श्री उपसभापतिः छाया जी, आपका समय खत्म हुआ, अब आप कन्क्लूड करें।

श्रीमती छाया वर्माः केवल योजना बना लेने से और उन लच्छेदार योजनाओं को टेलीविज़न में प्रसारित करने से, समाचार-पत्र में प्रचारित-प्रसारित करने से वे योजनाएँ इम्प्लिमेंट नहीं होतीं। अगर हम सही मायने में लोगों का हित चाहते हैं, सही मायने में लोगों को सुरक्षा देना चाहते हैं, लोगों का जीवन-यापन बढ़ाना चाहते हैं, नवयुवकों को रोजगार देना चाहते हैं, महिलाओं की सुरक्षा करना चाहते हैं, तो जो बात कहते हैं, उसका अक्षरशः पालन करना होगा, उसे धरातल पर उतारना होगा, तभी वे सार्थक होंगी, वरना यह जनता है, आज हम इधर हैं, कल आप इधर आ जाइएगा। सर, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri S. Muthukaruppan - not present; Shrimati Vijila Sathyananth - not present; Sardar Balwinder Singh Bhunder - not present; Shri Veer Singh - not present; Shri Shiv Pratap Shukla. आपके पास दस मिनट का समय है।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामदास अठावले): सर, **...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापतिः आप उपस्थित नहीं थे, आपका नम्बर आ चुका।

श्री शिव प्रताप शुक्ल (उत्तर प्रदेश)**:** मान्यवर, आप उन्हीं को बुला लीजिए, हम बाद में बोल लेंगे।

श्री उपसभापतिः आप बोलें।

श्री शिव प्रताप शुक्लः मैं निवेदन करना चाहता हूँ कि आप उनको पहले बुला लीजिए, मैं कल बोल लूँगा।

श्री उपसभापतिः माननीय शिव प्रताप जी, आप बोलिए।

श्री शिव प्रताप शुक्लः मान्यवर, जब भी पाँच साल के बाद नई सरकार बनती है, तो इस प्रकार से राष्ट्रपति जी का अभिभाषण भी होता है और उसके बाद दोनों सदनों में उस पर डिस्कशन भी

7.00 P.M.

होता है, संवाद भी होता है। पक्ष और प्रतिपक्ष, दोनों एक-दूसरे के ऊपर केवल आरोप लगाते हों, ऐसा नहीं होता है, बल्कि पूरे तौर पर जो चर्चा होती है, वह इस बात पर होती है कि महामहिम राष्ट्रपति जी ने जो अभिभाषण दिया है, वह क्या है। महामहिम राष्ट्रपति जी ने जो अभिभाषण दिया, उसमें आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की पिछले पांच साल की उपलब्धियों के साथ ही साथ आगे की योजनाओं का भी वर्णन है। उन आगे की योजनाओं के वर्णन में यह बहुत साफ था कि हम किस प्रकार से भारत को और आगे ले जाना चाहते हैं, बनाना चाहते हैं। जिस समय नेता प्रतिपक्ष बोल रहे थे, वे बहुत मृदुल हैं, लेकिन आज कुछ रूखे हो गए थे। वे कह रहे थे कि हमने भाखड़ा नांगल बांध बनाया, अन्य चीजें बनायीं। आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने कभी भी अपने किसी भाषण में नहीं कहा कि मैंने देश एक दिन में बना दिया है। उन्होंने कहा कि देश सतत् विकास के आधार पर बनता है, लेकिन हम और आगे कैसे बढ़ते हैं, उसके संदर्भ में उन्होंने इस बात को बताया था। वर्ष 2014 से पहले यह देश ऐसी स्थिति में गुज़र रहा था, जहां भ्रष्टाचार का बोलबाला था। राकेश जी अपने भाषण में जब बोल रहे थे तो, उन्होंने 2जी, 3जी, कॉमनवैल्थ इत्यादि की बात कही थी। इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। वह एक ऐसा काल था जब भारत में भी उनके किए गए भ्रष्टाचार के नाते लोगों को जेल तक जाना पड़ा था। एक सुई की नोंक के बराबर भी काला धब्बा श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार के किसी भी मंत्री के ऊपर या किसी अन्य पर नहीं लगा। पांच साल बीत गए। पांच साल की यह जो श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार थी, वह इसी आधार पर थी कि जो भ्रष्टाचार है, उस भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए हम एक ऐसे व्यक्ति को भेजना चाहते हैं, जो भ्रष्टाचार को खत्म कर सके। वह आज़माया गया था कि हम देखेंगे कि कर सकते हैं या नहीं। आज पांच साल के बाद इस देश की जनता ने पूरे तौर पर जोर-शोर से स्वयं चुनाव मे भाग लेकर नरेन्द्र मोदी जी को इस देश का प्रधान मंत्री बनाया है। इस देश की जनता ने यह तय कर दिया था कि हमने जो सोचा था, इस व्यक्ति ने वह वादा निभाया और वादा निभाने के बाद आज हमारा कर्तव्य बनता है कि हम इस व्यक्ति को और आगे बढ़ा कर देश को आगे बढ़ाने के लिए भेजें।

मान्यवर, यहां किसानों के संदर्भ में चर्चा चल रही थी। किसानों को प्रधान मंत्री जी ने 6 हजार रुपये देने का काम किया। पहले ढाई हैक्टेयर की बात थी, बाद में उन्होंने कहा कि हम सभी किसानों को देंगे। वह करोड़ों रुपया खातों में गया भी सिर्फ कहा ही नहीं था। आदरणीय नड्डा जी जब बात कर रहे थे तो उन्होंने कहा कि सिर्फ कहा ही नहीं था, बल्कि उसको पूरा करने का काम किया, जो कहा, वह किया। सरकार ने आगे आने वाले सालों के लिए भी 25 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करने की बात वैसे ही नहीं कह दी गई थी, बल्कि इस आधार पर कही गई थी कि जब किसान आत्महत्या कर रहे थे, आज नहीं सुना जाता है कि किसान आत्महत्या कर रहे हैं। आज उनको उसका फायदा मिल रहा है। मैं बहुत साफ़ स्थिति में कहना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री जी ने किसान सम्मान निधि के लिए 90 हज़ार करोड़ रुपये का प्रावधान किया और 12 हज़ार करोड़ रुपये पहले ही किसानों को दिए जा चुके हैं।

यह पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय का परिणाम है कि आज इस प्रकार के निर्णय वर्तमान में श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार लेती चली जा रही है। एक दो नहीं हैं। हम उन योजनाओं को गिनाएं, जिसको लोग कहते नहीं हैं। जन-धन योजना, Skill India Mission, Make

[श्री शिव प्रताप शुक्ल]

In India, स्वच्छ भारत मिशन, सांसद आदर्श ग्राम योजना, श्रमेव जयते योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, हृदय योजना, प्रधान मंत्री मुद्रा योजना, उज्ज्वला योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, स्मार्ट सिटी स्कीम, अमृत योजना, डिजिटल इंडिया मिशन, Gold Monetisation Scheme, Sovereign Gold Bond Scheme, उदय योजना, Startup India, इत्यादि श्री नरेन्द्र मोदी जी के समय में आयीं।

सेतु भारतम योजना भी श्री नरेन्द्र मोदी जी के समय में आई। ग्रामोदय योजना, प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना, नमामि गंगे योजना, आयुष्मान भारत योजना, विश्व की सबसे बड़ी योजना प्रधान मंत्री जी अपने समय में लेकर आए, प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना, किसानों और दुकानदारों को पेंशन, ग्रामीण भंडारण योजना आदि। हम जब जनसंघ के रूप में थे, तो कहा जाता था कि व्यापारियों की पार्टी है, बनियों की पार्टी है। हां, हमें इस बात का गर्व है कि हम उन बनियों की पार्टी हैं, जो निश्चित तौर पर ग्रामीण पद्धति से जुड़े हुए थे। हम उन बनियों की पार्टी नहीं हैं, जो ले जा, ले जा कर सत्ता से जुड़े हुए लोगों के यहां पहुंचाया करते थे और उनके भी कष्ट को देखकर हमने उनको भी पेंशन योजना में सम्मिलित किया है।

मान्यवर, यहीं पर माननीय नेता विपक्ष ने बंगाल की बात कही है कि वहां पर एमएलएज़ को भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन करा रहे हैं। उन्होंने शायद यह नहीं कहा – उसमें उनको यह भी कहना चाहिए था कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बंगाल में जो हत्याएं हो रही हैं, उसके संदर्भ में भी उनको इस सदन में कहना चाहिए था। मैं यह कह सकता हूं कि वह नोआखली जो कभी बृहत् बंगाल में था, आज पश्चिम बंगाल की सरकार ने इस देश में दूसरा नोआखली खड़ा कर दिया है, जिसमें लोगों की हत्याएं हो रही हैं और आज उस प्रदेश में यह कहा जा सकता है कि वहां पर लोकतंत्र नाम की कोई भी चीज़ नहीं रह गई है।

श्रीमन्, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 15 करोड़ 91 लाख लोगों ने पंजीकृत कराया था। उसमें 33,580 दावे निस्तारित किए गए और उस पर यह कहा जा रहा था कि सुरक्षा बीमा का मतलब क्या है? उसमें 33,580 दावे निस्तारित किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना में 6 करोड़ 5 हजार लोगों को पंजीकृत किया गया था, इसमें 1,39,917 मामलों का निस्तारण किया जा चुका है। श्रीमन्, ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : आपके पास दो मिनट और हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री शिव प्रताप शुक्लः मान्यवर, हम खुद ही आपका आदर करते हैं।

श्री उपसभापतिः यह तो हाउस के द्वारा निर्धारित किए गए समय का आदर है। ...(**व्यवधान**)...

श्री शिव प्रताप शुक्लः जहां तक मुद्रा योजना की बात है, मैं इसके बारे में बहुत सी बातें गिना सकता हूं, लेकिन मैं यह बताना चाहता हूं कि इस योजना के अंतर्गत 19 करोड़ से अधिक ऋण दिए गए हैं। हमारी सरकार ने हर साल तीन करोड़ के मुद्रा लोन का टारगेट रखा था, लेकिन पिछले तीन साल में जितना टारगेट रखा गया था, उससे ज्यादा लोन दिया गया है। यहां पर एक बात आई और फेडरलिज्मट के संबंध में नेता विरोधी दल ने कहा था। मान्यवर, मैं उस

समय उत्तर प्रदेश में मंत्री था। अयोध्या में 1992 में एक घटना हो गई थी, उस समय भारतीय जनता पार्टी की चार सरकारें थीं – मध्य प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश। हमारे यहां ऑल इंडिया बैडमिंटन मीट हुई थी और स्पोर्ट्स विभाग मेरे पास था। मैं अपने यहां पर खिलाड़ियों को दावत दे रहा था, मैं मंत्री के रूप में उनको दावत दे रहा था और एक घंटे के बाद पता लगा कि पैदल हो गया हूं। आप किस फेडरलिज्म की बात करते हैं? हमारी चार-चार सरकारें बरखास्त कर दी गईं, कांग्रेस की सरकार द्वारा कर दी गईं।

श्री उपसभापतिः आप कन्क्लूड कीजिए।

श्री शिव प्रताप शुक्लः कांग्रेस के द्वारा हमारी सरकारें बरखास्त कर दी गई थीं और आप फेडरलिज्म की बात कर रहे हैं! आप हमें कहते हैं। आज पांच साल बीत जाने के बाद भी श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बंगाल जैसी सरकार को छुआ तक नहीं और आप इस बात को कहते हैं कि फेडरलिज्म की बात क्या होती है? हम इस बात को कहते हैं कि "सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास" है और हम इस बात को लेकर चल रहे हैं।

श्री उपसभापतिः माननीय शुक्ल जी, अब आप कन्क्लूड कीजिए।

श्री शिव प्रताप शुक्लः सर, मैं कन्क्लूड कर रहा हूं। मान्यवर, मैं बहुत साफ शब्दों में यह कहना चाहता हूं कि demonetization के विषय में कहा गया था। इससे हमारी अर्थ व्यवस्था आगे बढ़ी है। आज हम इस स्थिति में जा रहे हैं कि प्रधान मंत्री जी ने यह कहा है कि हमें इस देश को फाइव ट्रिलियन डॉलर के रूप में आगे ले चलना है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि demonetization की उनको चिंता थी, जिन लोगों की तिजोरियों में नोट भरे हुए थे। वे यह सोच रहे थे। देश की जनता ने उसका स्वागत किया था। **...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापतिः अब आप conclude करें।

श्री शिव प्रताप शुक्लः मैं conclude कर रहा हूं। मैं केवल एक बात कहकर अपनी बात को समाप्त करूंगा। यहां जीएसटी के बारे में कहा गया। अगर सही अर्थों में किसी को देखना हो तो जाकर देखें कि नरेन्द्र मोदी जी की सरकार का काम करने का तरीका देखें कि सारे राज्यों के वित्त मंत्री आते हैं और जो फैसला करते हैं, वह सर्वसम्मति से करते हैं। जो जीएसटी इन लोगों ने रखा था, वह जीएसटी नहीं था, उनका व्यक्तिगत कानून था, **...(व्यवधान)...** हम जो जीएसटी लेकर आए **...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापतिः धन्यवाद, शिव प्रताप जी।

श्री शिव प्रताप शुक्लः महोदय, मैं एक मिनट लूंगा। उस जीएसटी के द्वारा 32 और 33 परसेंट के टैक्स को maximum 28 परसेंट पर लाया गया और टैक्स स्लैब को 5 परसेंट, 12 परसेंट, 18 परसेंट और maximum 28 परसेंट पर लाया गया। **...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापतिः बहुत-बहुत धन्यवाद। माननीय अठावले जी।

श्री शिव प्रताप शुक्लः इसलिए मान्यवर, मैं माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का समर्थन करता हूं।

श्री रामदास अठावलेः माननीय डिप्टी चेयरमैन सर, आज राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा चल रही है और सरकार ने 2014 से 2019 तक जो काम किए, उनका पूरा जायज़ा राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में आया है।

राष्ट्रपति जी के अभिभाषण ने देश को दी है नयी दिशा,
इसलिए सारे देशवासियों की बढ़ गयी है आशा।
नरेन्द्र मोदी जी को है सबका साथ-सबका विकास का नशा,
और मेरी है जय भीम, जय भारत की भाषा।
बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने देश को दिया है मज़बूत संविधान,
इसलिए बढ़ रही है भारत की शान।
नरेन्द्र मोदी जी की तरफ है सारी दुनिया का ध्यान,
इसलिए मैं हूं मोदी जी का फैन।

तो राष्ट्रपति जी का जो अभिभाषण है, यह देश को विकास की दिशा में आगे ले जाने वाला भाषण है। सरकार ने जो काम किए हैं और सरकार अगले पांच साल में क्या करने वाली है, इसके संबंध में बहुत सारे मुद्दे उसमें हैं। मैं कांग्रेस को बताना चाहता हूं कि मैं भी कांग्रेस पार्टी के साथ रहा, कांग्रेस पार्टी ने भी अच्छा काम किया, लेकिन जितना काम करना चाहिए था, उतना नहीं किया है। बाबा साहेब अम्बेडकर के जो मेमोरियल्स हैं, 26, अलीपुर रोड का बाबा साहेब का मेमोरियल इतने साल से पेंडिंग पड़ा था, बहुत बार हमने कोशिश की लेकिन बाबा साहेब के 26, अलीपुर रोड के मेमोरियल को बनाने के लिए नरेन्द्र मोदी जी को प्रधान मंत्री बनना पड़ा। डा. बाबा साहेब अम्बेडकर फाउंडेशन का जो Dr. Ambedkar International Centre है, 197 करोड़ का वह सेंटर पांच सालों में बन गया।

डिप्टी चेयरमैन सर, मुम्बई में कम से कम बीस साल से हमारी मांग थी, इंदु मिल बंद हो चुकी थी और उसकी ज़मीन साढ़े 12 एकड़ थी, चैत्य भूमि उसके पास में है। वहां हर साल कम से कम 20-20 लाख लोग 6 दिसम्बर को आते हैं, वह ज़मीन बाबा साहेब के मेमोरियल को मिलनी चाहिए, यह मांग हमने बहुत बार की, लेकिन इस सरकार ने बहुत लेट निर्णय लिया। आनन्द शर्मा जी अभी यहां मौजूद नहीं हैं, लेकिन जब आप लोगों का जाने का वक्त आया था, तब आप लोगों ने आखिर में, जब आनन्द शर्मा जी टैक्सटाइल मिनिस्टर थे, उन्होंने उस ज़मीन को देने का निर्णय लिया था। आपको वक्त मिला लेकिन उसका काम आप लोगों ने जल्दी शुरू नहीं किया। वह काम शुरू करने के लिए नरेन्द्र मोदी जी को प्रधान मंत्री बनना पड़ा और नरेन्द्र मोदी जी ने प्रधान मंत्री बनने के बाद उसका भूमि पूजन किया और अभी एमएमआरडीए के माध्यम से शपूरजी पलौंजी जो बड़े बिल्डर हैं, उनको काम दे दिया है और कम से कम आठ सौ करोड़ का काम वहां शुरू हुआ है, बाबा साहेब अम्बेडकर जी के स्टैच्यू की हाइट 350 फीट की है। इस प्रकार जो स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी की हाइट है, उससे भी ज्यादा हाइट उसकी है। बाबा साहेब अम्बेडकर जी का statue अरेबियन समुद्र की तरफ अंगुली किए हुए, वहां खड़ा होने वाला है। इसी तरह बहुत सारे काम जो काम हैं, लंदन में बाबा साहेब अम्बेडकर जी का मकान...

श्री उपसभापतिः अठावले जी, 7.10 तक ही सदन चलना था। आपके पास 6 मिनट बोलने का समय था और आप 4 मिनट बोल चुके हैं। अगर सदन की अनुमति है, तो आप दो मिनट में

conclude करें। आपके पास दो मिनट हैं।

श्री रामदास अठावलेः जब तक मेरा भाषण खत्म नहीं होता, तब तक चलने दो।

श्री उपसभापतिः आप अपनी बात दो मिनट में खत्म करें।

श्री रामदास अठावलेः मैं ज्यादा नहीं बोलूंगा, लेकिन House तो अपना ही है। ये सब लोग हमारे मित्र हैं। बाबा साहेब अम्बेडकर जी London School of Economics में पढ़ते थे। 1921-22 में वे वहां गए थे। महाराज सयाजीराव गायकवाड़ जी ने उनको scholarship देकर वहां भेजा था और बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने "The Problem of the Rupee" नाम का एक शोध-प्रबंध लिखा था और उसमें बाबा साहेब ने लिखा था कि देश में काला धन पैदा हो सकता है, उसको अगर रोकना है, तो बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने कहा था कि दस साल के बाद एक बार चलन बदलने की आवश्यकता है, नोटबंदी करने की आवश्यकता है। नरेन्द्र मोदी जी के प्रधान मंत्री बनने के बाद उन्होंने 8 नवम्बर को यह announcement की और नोटबंदी की। उसके परिणाम कुछ लोगों को अच्छे लगे और कुछ लोगों को अच्छे नहीं लगे, लेकिन मोदी जी की जो सोच थी कि देश में काला धन कम हो जाएगा, तो सरकार के खजाने में पैसा आ जाएगा, देश का development अच्छा होगा, हमारी roads अच्छी होंगी। जब हम सिंगापुर जाते हैं, जब हम दुबई जाते हैं, जब हम जापान जाते हैं, तो देखते हैं कि वहां की रोड्ज़ बहुत अच्छी हैं। हमारे यहां की रोड्ज़ इतनी अच्छी नहीं बन पाईं, पर अब रोड्ज़ अच्छी बन रही हैं। मुझे लगता है कि बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने जो भूमिका रखी थी, उसको ध्यान में रखकर नरेन्द्र मोदी जी ने नोटबंदी की और नरेन्द्र मोदी जी बाबा साहेब के संविधान को मानते हैं। कांग्रेस वाले बोलते हैं कि वे संविधान बदलेंगे। मैं उनसे पूछता हूं कि वे कैसे संविधान को बदल सकते हैं, जब आपने नहीं बदला, तो वे कैसे बदलेंगे? बाबा साहेब के संविधान की शपथ लेकर जो भी मेम्बर बनता है, जो भी मंत्री होता है, संविधान की शपथ लेकर, वह बोलता है कि मैं संविधान के दायरे में काम करूंगा। पार्टी की philosophy अलग हो सकती है, पार्टी की सोच अलग हो सकती है, लेकिन एक बार सरकार में आ गए तो सरकार में बाबा साहेब के संविधान के मुताबिक ही आगे चलना चाहिए। आपने देखा है कि एनडीए की मीटिंग में, सेंट्रल हॉल में...

श्री उपसभापतिः अठावले जी, आपके बोलने का समय खत्म हो गया है। कृपया आप अपनी बात खत्म करें। अब हाउस adjourn होगा। हाउस ने दो मिनट आपको और बोलने की सेंस दी थी। प्लीज़ कन्क्लूड कीजिए। आपमें क्षमता है कि आप एक मिनट में अपनी बात समाप्त कर सकते हैं।

श्री रामदास अठावलेः सर, मैंने भी बोला था कि मैं चेयरमैन साहब से डरता हं, इसीलिए मैं आपको सपोर्ट करता हूं।

श्री उपसभापतिः ठीक है। आप अपनी बात पूरी कीजिए।

श्री रामदास अठावलेः मुझे अभी लोग सुन रहे हैं, इसलिए मैं बोल रहा हूं। **...(व्यवधान)...** मुझे लगता है कि बाबा साहेब के संविधान के मुताबिक भारत को आगे बढ़ाने की और खड़ा करने की जिम्मेदारी हम पर है। अभी मेंडेट नरेन्द्र मोदी जी को मिला है। कांग्रेस ने हराने की पूरी कोशिश की, सभी विरोधी पार्टियों के लोग इतना घूमते रहे, किसको स्पीकर बनाना है, किसको प्रधान

मंत्री बनाना है, किसको कौन-सा डिपार्टमेंट देना है, यह सोच चल रही थी, लेकिन इस देश की जनता ने बहुत बड़ा सपोर्ट नरेन्द्र मोदी जी को दिया है। कांग्रेस पार्टी से हमारा इतना ही निवेदन है कि आपकी majority राज्य सभा में है, इसलिए कानून बनाने के लिए आपका सपोर्ट हमको मिलना चाहिए। एक साल के बाद यहां पर हमारी majority हो जाएगी, तो फिर आपके सपोर्ट की कोई आवश्यकता नहीं है। आप भी अच्छा काम करिए। आपको भी सत्ता में आने का अधिकार है।

श्री उपसभापतिः अब आप कन्क्लूड कीजिए।

श्री रामदास अठावलेः आप जनता की सेवा करके दोबारा से सत्ता में आने की कोशिश करो। हमारी रिपब्लिकन पार्टी एनडीए के साथ रहेगी, बीजेपी के साथ रहेगी और हम नरेन्द्र मोदी जी नेतृत्व में देश का विकास करने की कोशिश करेंगे। ...(**व्यवधान**)...

श्री भुवनेश्वर कालिताः अगर कांग्रेस सत्ता में आ गई, तो आप हमारे साथ आयेंगे?

श्री उपसभापतिः कृपया आप आपस में बात न करें। अठावले जी, अब आप अपनी बात खत्म कीजिए। अठावले जी, आप चेयर को देखकर सम्बोधित करिए। आप अनुभवी आदमी हैं, आप चेयर को सम्बोधित करके बोलिए।

श्री रामदास अठावलेः मैं उधर से इधर आया हूं और अब उधर क्यों जाऊंगा?

श्री उपसभापतिः अठावले जी, अब आप अपनी बात कन्क्लूड करिए। मुझे हाउस adjourn करना है।

श्री रामदास अठावलेः सर, इसीलिए मुझे लगता है कि जो महामहिम राष्ट्रपति का अभिभाषण है, उसका मेरी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया पूरा सपोर्ट करती है और उस अभिभाषण में जो मुद्दे आये हैं, उनको इम्प्लिमेंट करने का प्रयास मोदी जी की सरकार करेगी और देश को न्याय देने का काम करेगी, विरोधी पार्टियों का आदर करेगी, कांग्रेस पार्टी का आदर करेगी। कांग्रेस पार्टी को हमेशा ही उधर रहना चाहिए, हमारी पार्टी इधर रहेगी। इन्हीं शब्दों के साथ मैं राष्ट्रपति के अभिभाषण को पूरा सपोर्ट करता हूं। जय भीम, जय भारत।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House stands adjourned till 1100 hours on Tuesday, the 25th June, 2019.

The House then adjourned at fifteen minutes past seven of the clock till eleven of the clock on Tuesday, the 25th June, 2019.

Regarding Nomination of Seven Members to Committee on Public Undertakings (pages 407-408)
Regarding Nomination of Ten Members to Committee on Welfare of Other Backward Classes (pages 407-408)

PUBLISHED UNDER RULE 260 OF RULES OF PROCEDURE AND CONDUCT OF BUSINESS IN THE COUNCIL OF STATES (RAJYA SABHA) AND PRINTED BY DRV GRAFIX PRINT
41, INSTITUTIONAL AREA, D-BLOCK, JANAKPURI, NEW DELHI-110058